राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, लखनऊ, बुधवार, 30 अक्टूबर 2024 प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

वर्ष 06, अंक 35, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

निगोहां पुलिस की तत्परता से बची इकलौते बेटे की जान...03

राशन के साथ अन्य सामान खरीदने को किया विवश तो जाएगी डीलरी...12

अजित या शिंदे..शरद या उद्धव, बीजेपी और कांग्रेस गठबंधन के सीट बंटवारे में किसका चला सिक्का?

● कांग्रेस और बीजेपी गठबंधन ने सीट शेयरिंग का फॉर्मूला बना लिया है. दोनों गठबंधन की ओर से कांग्रेस और बीजेपी ने बाजी मारी है, लेकिन सवाल अजित, शिंदे, उद्धव और शरद पवार को लेकर है. आखिर सीट शेयरिंग में किसका सिक्का चला है?

स्वतंत्र प्रभात

महाराष्ट्र के चुनावी दंगल का पहला पड़ाव खत्म हो गया है. राज्य की सभी 288 सीटों पर नामांकन दाखिल करने की समय-सीमा खत्म हो चुकी है. पर्चा दाखिल करने के बाद दोनों गठबंधन के बीच सीट शेयरिंग का विवाद भी पूरी तरह सुलझ गया है. महाराष्ट्र में एनडीए की तरफ से सबसे ज्यादा सीटों पर बीजेपी और इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस चुनाव लड़ रही है।

हालांकि, सवाल अजित पवार, शरद पवार, एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे को लेकर है. पार्टियों में टूट की वजह से पिछले 5 साल में यही 4 नेता महाराष्ट्र की सियासत के केंद्र में थे।

88 सीट झटकने में कामयाब रहे सीनियर पवार

शरद पवार की संयुक्त एनसीपी पिछली बार 125 सीटों पर चुनाव लड़ी थी. 2023 में पार्टी में टूट हो गई और बड़े नेताओं के साथ भतीजे अजित एनडीए में चले गए. लोकसभा चुनाव में शरद पवार को 9 सीटें मिली थी. विधानसभा वार देखा जाए तो शरद की पार्टी को इस बार सिर्फ 55 के आसपास सीटें मिलनी थीं, लेकिन शरद पवार ने इंडिया गठबंधन से 88 सीटें झटक ली है।

शरद पवार की पार्टी अब तक 88 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है. इनमें अधिकांश सीटें ऐसी हैं, जहां से 2019 में एनसीपी चुनाव लड़ चुकी है. शरद पवार 88 सीट लेने में कैसे कामयाब हुए, यह सियासी चर्चा का विषय बना हुआ है।

पवार को अधिकांश पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा की सीटें मिली हैं. यह पवार का गढ़ कहा जाता है।

बड़ी बगावत करने वाले अजित 60 से कम पर सिमटे

2023 में अजित पवार ने बड़ी बगावत की थी. 42 विधायकों के साथ-साथ अजित ने एनसीपी के सभी बड़े नेताओं को अपने पाले में ले लिया था. एनडीए में अजित की हिस्सेदारी बड़ी मानी जा रही थी, लेकिन उन्हें 60 से भी कम सीटें ही लड़ने के लिए मिली हैं.

अजित को सेटिंग-गेटिंग के साथ-साथ उन सीटों पर ही लड़ने का मौका मिला है, जहां उनके पास मजबूत उम्मीदवार थे. हालांकि, अजित के अधिकांश उम्मीदवार चाचा शरद के कैंडिडेट के खिलाफ ही मैदान में ताल ठोक रहे है।

उद्धव ठाकरे ने मारी एकनाथ शिंदे से बाजी

2022 में शिवसेना में टूट हुई. एक गुट एकनाथ शिंदे के साथ है तो दूसरा गुट उद्धव ठाकरे के साथ. उद्धव ठाकरे गुट कांग्रेस और शरद पवार के साथ गठबंधन के तहत चुनावी मैदान में है. वहीं दूसरी तरफ एकनाथ शिंदे का गठबंधन बीजेपी और अजित पवार के साथ है.

सीट बंटवारे में एकनाथ शिंदे के मुकाबले उद्धव ठाकरे ने बाजी मार ली है. उद्धव गुट अब तक 85 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुका है. गुट की तरफ से 95 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की रणनीति है।

उद्धव ने उन सीटों पर भी उम्मीदवार उतारा है, जहां पिछली बार कांग्रेस मजबूत थी. इनमें बांद्रा पूर्व, रामटेक और नासिक पश्चिमी सीट शामिल हैं।

दूसरी तरफ शिंदे को 80 से भी कम सीटों पर लड़ने का मौका मिला है. शिंदे गुट को मुंबई और ठाणे-कोकण की ही

अधिकांश सीटों पर लड़ने का मौका मिला है. 2019 में संयुक्त शिवसेना ने 124 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे।

सीट बंटवारे में बीजेपी और कांग्रेस को नुकसान

सीट बंटवारे में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को नुकसान हुआ है. 2019 में बीजेपी 152 सीटों पर उम्मीदवार उतारी थी. इस बार पार्टी ने 148 सीटों पर कैंडिडेट खड़े किए हैं. बीजेपी के साथ-साथ उसकी छोटी पार्टियों को भी नुकसान हुआ है।

आरपीआई (अठावले) को पिछली बार 6 सीटों पर लड़ने को मिली थी. इस बार उसे सिर्फ 1 सीटों पर लड़ने का मौका मिला है. सीट शेयरिंग में कांग्रेस को भी नुकसान उठाना पड़ा है. कांग्रेस ने इस बार 102 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

कहा जा रहा है कि पार्टी कुछ और सीटें चाह रही है, लेकिन गठबंधन में अब उसकी डिमांड पूरी हो, इसकी संभावनाएं कम है. 2019 में कांग्रेस पार्टी ने 125 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे. हालांकि, उसे जीत सिर्फ 44 सीटों पर ही मिली थी।

288 सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव, 23 को नतीजे

महाराष्ट्र विधानसभा की सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव प्रस्तावित है. इन सीटों पर 23 नवंबर को नतीजे आएंगे. महाराष्ट्र में इस बार महामुकाबला एनडीए (बीजेपी, शिवसेना-शिंदे और एनसापी-अजित) का इंडिया (कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और एनसीपी-शरद) का है।

राज्य में सरकार बनाने के लिए 145 विधायकों की जरूरत होती है. 2019 में 105 सीटों पर जीत हासिल कर बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी. कांग्रेस को सबसे कम 44 सीटों पर जीत मिली थी. शिवसेना को 56 और एनसीपी को 54 सीटों पर जीत मिली थी।

हरियाणा चुनाव में श्वङ्करूको लेकर श्वष्ट्ढ ने कांग्रेस के आरोपों को किया खारिज, 1642 पन्ने का भेजा जवाब

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने कई विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम की शिकायत की थी. इसमें ईवीएम की बैटरी को लेकर भी कंप्लेंट किया गया था. अब चुनाव आयोग ने 1642 का जवाब भेजा है और कहा कि राजनीतिक दल की ओर से लगाए सभी आरोप बेबुनियाद हैं। पार्टी को ऐसे गैर जिम्मेदाराना आरोपों से बचना चाहिए. चुनाव आयोग ने हरियाणा चुनाव में किसी भी तरह की अनियमितता के कांग्रेस के आरोपों को निराधार, गलत और तथ्यहीन बताकर खारिज कर दिया है. आरोपों को लेकर चुनाव आयोग ने 1642 पन्ने का जवाब भी भेजा है. आयोग ने कांग्रेस पार्टी को चुनाव दर चुनाव निराधार आरोपों से दूर रहने के लिए पत्र भी लिखा है. चुनाव आयोग ने कांग्रेस से इस तरह की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह भी किया है. चुनाव आयोग ने कांग्रेस से आग्रह किया कि मतदान और मतगणना के दिनों जैसे संवेदनशील समय पर गैर-जिम्मेदाराना आरोप सार्वजनिक अशांति, अशांति और अराजकता का कारण बन सकते हैं. पिछले एक साल में 5 विशिष्ट मामलों का हवाला देते हुए, पार्टी से उचित परिश्रम करने और बिना किसी सबूत के चुनावी कार्यों पर आदतन हमलों से बचने के लिए कहा है।

आरोपों का रिटर्निंग अधिकारियों ने गहनता से की जांच

चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टी की ओर से जिन 26 विधानसभा क्षेत्रों को लेकर सवाल उठाए गए थे उसक क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों ने गहनता से जांच कर सत्यापन भी किया. जिसमें चुनावी प्रक्रिया में कोई भी गलती नहीं मिली. क्षेत्रों में जो भी कदम उठाए गए वो कांग्रेस उम्मीदवारों या फिर एजेंटों की निगरानी में किया गया था. ECI की ओर से कांग्रेस पार्टी को जो जवाब भेजे गए हैं उसमें 1642 पृष्ठों के साक्ष्य भी शामिल हैं, जिसमें बताया गया है कि ईवीएम में बैटरी डालने से लेकर 7-8 दिनों वोटों की गिनती खत्म होने तक हर कदम पर कांग्रेस उम्मीदवारों के अधिकृत प्रतिनिधि मौजूद रहे हैं. इसलिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितता को लेकर कांग्रेस पार्टी की सभी शिकायतों को भी खारिज करते हैं।

ईवीएम की बैटरी को लेकर भी दिया जवाब

ईवीएम में बैटरी डिस्प्ले की स्थिति के बारे में पूरी तरह से बेतुकी बात को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि बैटरी वोल्टेज और क्षमता का ईवीएम के वोट गिनती, संचालन या फिर सुरक्षा से कोई संबंध नहीं होता है. ईवीएम पर बैटरी की स्थिति के बारे में डिस्प्ले जानकारी तकनीकी टीमों की सहायता करने की एक सुविधा है. यह कहना कि बैटरी का लेवल मतदान परिणामों को प्रभावित कर सकता है पूरी तरह से बेतुका है।

चुनाव आयोग ने ईवीएम को लेकर चेतावनी भी दी

चुनाव आयोग ने ईवीएम को लेकर गलत धारणा बनाने और गैर-जिम्मेदाराना आरोप लगाने को लेकर कड़ी चेतावनी भी दी है. इसके साथ-साथ चुनाव आयोग ने ईवीएम को लेकर अदालती फैसलों के बारे में भी बताया है जिसमें तमाम जांच से गुजरने के बाद ईवीएम ने अपना विश्वास हासिल किया है।

संक्षिप्त ख़बरें

धनतेरस व दीपावली त्यौहार के चलते हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक ने की पैदल गश्त।

विलहरी खीरी। आगामी त्यौहारो के चलते हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुवे ने मय हमराहियो के सहित कस्बा ममरी मे पैदल गस्त किया है। दीपावली व धनतेरस,भाई दूज,गोवर्धन पूजा के द्रष्टिगत हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे की अगुवाई में कस्बा ममरी, रोशननगर, भलालिया बुजुर्ग, केशवापुर जडौरा, कपरहा, कोटवारा आदि लगभग एक दर्जन से अधिक जगहो पर पैदल गस्त कर आम जनमानस को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया है। वही सभी व्यापारियों से व ग्रामीणों से आपस में मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने की अपील की। इस दौरान हैदराबाद के सब इंस्पेक्टर एसपीएस राठौर चौकी इंचार्ज अजान जेपी यादव चौकी इंचार्ज ढखवा सतीस यादव सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

मंझरा फार्म में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

लखीमपुर खीरी में मंझरा फार्म के आसपास दहशत का पर्याय बने तेंदुए को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया। इस इलाके में पिछले कई दिनों से तेंदुआ देखा जा रहा था, जिससे ग्रामीणों में दहशत थी। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की ओर से खेत में पिंजरा लगाया गया था। सोमवार रात किसी समय तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया। मंगलवार सुबह मंझरा फार्म के कर्मचारी ने सूचना दी। टीम के साथ वन अधिकारी मौके पर पहुंचे। पिंजरे में कैद तेंदुए को दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा जाएगा।

चिकित्सकों के साथ दुर्व्यवहार, और महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ छेड़खानी

● पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बर्डपुर पर मंगलवार को दोपहर चिकित्सकों एवं अन्य कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करने तथा महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ छेड़खानी तथा सरकारी कागजात को फड़ने के मामले में पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर मामले की जांच कर रही है। मंगलवार की दोपहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बर्डपुर पर नगर पंचायत कपिलवस्तु के पकडिहवा निवासी आशीष कुमार गिरि कुछ अज्ञात लोगों के साथ पहुंच कर ओडीपी में मरीजों का जांच कर रहे चिकित्सकों एवं प्रशिक्षु कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया गया। और उनके द्धारा एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ छेड़खानी किया गया।

डॉक्टरों द्वारा मना करने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य जरूरी कागजात को फाड़ दिया गया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर हंगामा करना शुरू करना शुरू कर दिया गया। जिसके फलरूप कुछ समय तक ओपीडी एवं मरीज का चेकअप तथा दवा वितरण का कार्य ठप रहा। सूचना पुलिस को दी गई। समामुदय स्वास्थ्य केंद्र बर्डपुर के चिकित्सकों सहित कर्मचारियों ने सयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।सूचना पर पहुंची पुलिस मामले को शांत कराया और हंगामा करने वाले को पुलिस पकड़ कर पुलिस चौकी ले गई। इस संबंध में शुद्धोधन चौकी प्रभारी महेन्द्र कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है एक को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

गाजियाबाद कोर्ट बना अखाड़ा, वकील की जज से हुई भयंकर बहस; कोर्ट रूम में पुलिस ने भांजी लाठियां।

स्वतंत्र प्रभात

गाजियाबाद में मंगलवार को जिला जज की कोर्ट में एक विवाद ने बड़ा हंगामा खड़ा कर दिया। पुलिस ने वकीलों पर लाठीचार्ज कर दिया। लाठीचार्ज के दौरान कई वकील घायल हो गए। कोर्ट में सुनवाई के दौरान वकीलों और जज अनिल कुमार के बीच तीखी बहस होने पर मामला बिगड़ गया।वकीलों ने नाराजगी जताते हुए हंगामा शुरू कर दिया और कुर्सियां फेंक दीं। इस पर पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिससे विवाद और बढ़ गया। वकीलों ने इसके बाद कोर्ट परिसर में स्थित पुलिस चौकी में तोड़फोड़ की और आगजनी भी कर दी।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वकील नाहर सिंह यादव ने एक आरोपी की जमानत अर्जी को दूसरी अदालत में ट्रांसफर करने का अनुरोध किया था।इस मांग को लेकर जज और वकीलों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई।. वकीलों का आरोप है कि जिला जज अनिल कुमार ने इस मुद्दे पर आपत्ति जताई और बहस इतनी बढ़ गई कि जज अपने स्थान से उतर कर वकीलों के पास आ गए। इस बीच कोर्ट में मौजूद वकील भी गुस्सा हो गए और माहौल तनावपूर्ण हो गया।

घटना के दौरान कोर्ट रूम में कुर्सियां भी फेंकी गई।बताया जा रहा है कि एक जज से हुई बहस के बाद बड़ी संख्या में वकील जज के चैंबर के पास इकट्ठा हो गए थे। स्थिति को देखते हुए जज ने पुलिस को बुलाया, जो मौके पर पहुंचकर वकीलों को हटाने लगी। इस घटना के बाद नाराज वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया और कोर्ट परिसर में स्थित पुलिस चौकी को भी नुकसान पहुंचाया। नाराजगी इतनी बढ़ गई कि वकीलों ने जज के खिलाफ नारेबाजी इस झड़प के बाद सभी जजों ने काम बंद कर दिया, और बार एसोसिएशन ने आपात बैठक बुलाई। घटना की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की गई, जिसमें एक वकील के सिर पर चोट के निशान देखे जा सकते हैं।

यह पहली बार नहीं है जब कोर्ट परिसर में ऐसी झड़प हुई है।जुलाई 2023 में दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में भी वकीलों के दो गुटों के बीच झगड़े से हंगामा मच गया था। उस समय कुछ वकीलों को देसी पिस्तौल से फायरिंग करते हुए देखा गया था, जिसमें पांच से छह राउंड फायर किए गए थे. इससे कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी मच गई थी, हालांकि, उस घटना में कोई घायल नहीं हुआ था। वकीलों ने हंगामे के दौरान कामकाज बंद कर दिया। सूचना मिलते ही ग्राउंड फ्लोर पर तैनात पीएसी के जवान भी पहुंच गए

और जमकर लाठियां भांजी, इससे नाराज होकर जिला न्यायालय में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान कचहरी में भगदड़ मच गई। इसी बीच पुलिस चौकी में आग लगने की सूचना से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वकीलों का आरोप है कि जिला जज कोर्ट रूम में उन्हें चारों तरफ से दरवाजे बंद करके पीटा गया। जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इसी बीच पश्चिमी उत्तर प्रदेश अधिवक्ता एसोसिएशन इस घटना पर नाराजगी व्यक्त की है। इसके साथ ही लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के विरोध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो पुलिस प्रशासन के विरुद्ध प्रखर आंदोलन किया जाएगा। इसी बीच एसोसिएशन इस संबंध में एक बैठक भी बुलाई है।

एक्शन में दिखे रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल

हरदोई ज्ञात हो कि रेलवेगंज के युवा व्यवसायी नवीन अग्रवाल को अभी एक दिन पहले रेलवे ने सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है अपनी तेज तर्रार छवि के लिए जाने वाले युवा व्यवसायी व् समाजसेवी नवीन अग्रवाल के सामने पत्रकारों ने देर रात हरदोई रेलवे स्टेशन पर जनता खाना व् रेलवे नीर की अनुपलब्धता के बारे में बताया की हरदोई रेलवे कैंटीन पर आम जनमानस को उचित मूल्य पर मिलने वाला जनता खाना व् रेल नीर नहीं मिल रहा है रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य नवीन अग्रवाल ने देर रात ही मुरादाबाद मंडल के डीआरएम व् अन्य अधिकारियो को हरदोई रेलवे स्टेशन की समस्या से अवगत कराया और उनसे तत्काल जनता खाना व् रेल नीर उपलब्ध कराये जाने की मांग की मुरादाबाद मंडल डीआरएम ने देर रात ही हरदोई रेलवे स्टेशन के वाणिजियक प्रबंधक अम्बुज मिश्रा को मामले की जाँच करने एवं जनता खाना व् रेल नीर उपलब्ध करवाए जाने के आदेश जारी किये जिसके बाद आज सुबह स ही हरदोई रेलवे स्टेशन पर जनता खाना व् रेल नीर उपलब्ध होने लगा है।

उज्ज्वला गैस योजना के पात्रों का हक मार कर

● भारत गैस खीरी टाउन के डिस्ट्रीब्यूटर कर रहे काली कमाई

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी। सरकार चाहे लाख प्रयास कर ले लेकिन समाज के धन पशु लूटो मिलो बांटो खाओ की नीति के चलते किसी गरीब को उबरने ही नहीं देंगे। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला गैस योजना भले ही माताओं, बहनों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर बनाई गई हो जिससे ग्रामीण इलाकों की माताओं और बहनों की आंखों तथा फेफड़ों आदि को धुएं से होने वाली बीमारियों से मुक्ति मिल सके ,लेकिन कुछ धनपशु गैस डिस्ट्रीब्यूटरों ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना में भी सेंधमारी कर उसकी धज्जियां उड़ाते हुए,पात्रों के साथ धोखाधड़ी कर गैर कानूनी तरीके से अपनी तिजोरियां भरने में लगे हुए हैं । मजे की बात यह है कि पात्रों को तो यह पता भी नहीं है कि उनके नाम गैस कनेक्शन भी है? यह खेल कैसे हो रहा है इसको समझने के लिए प्रस्तुत प्रकरण शायद पर्याप्त होगा।

मिली जानकारी के अनुसार मामला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर ग्राम फत्तेपुर पोस्ट गोपालापुर तहसील लखीमपुर का है जिसमें लाभार्थी सुमित्रा को यह जानकारी हुई कि उसके नाम से भारत गैस एजेंसी खीरी टाऊन का गैस कनेक्शन 10000000105461823 डिस्ट्रीब्यूटर आईडी 185655 भारत गैस खीरीटाउन द्वारा दिया गया है तथा गैस सब्सिडी भी सरकार द्वारा उनके खाते में प्रेषित की जा रही है। डिसटीब्यूटरों की दबंगई का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि जानकारी होने के बाद भी लाभार्थी को गैस सिलेंडर आदि उपलब्ध नहीं कर रहे जिस कारण लाभार्थी आज भी चूल्हे पर खाना बनाने के लिए विवश है। डिस्ट्रीब्यूटर लगातार उनके सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहा है और लाभार्थी के बार-बार पूछने पर भी आज तक कनेक्शन की कोई सूचना नहीं दी है बल्कि अपने किसी जानने वाले का मोबाइल नंबर लाभार्थी के गैस अकाउंट आईडी में लगाकर इनके सिलेंडरों

की ब्लैकमेलिंग करते रहे हैं लाभार्थी प्राथमिक विद्यालय में रसोईया के पद पर कार्यरत है उसके द्वारा जब इंडियन बैंक खीरी टाउन की पासबुक की एंट्री कराई गई तब ज्ञात हुआ कि उसके खाते में एलपीजी सब्सिडी आ रही है जबकि लाभार्थी को आज तक एक भी सिलेंडर नहीं मिला है, खोजबीन करने के बाद लाभार्थी को मालूम चला कि गैस कनेक्शन कई माह पूर्व ही हो चुका है और इससे पहले कई सिलेंडर उठाए भी जा चुके हैं। इस संबंध में जब लाभार्थी ने भारत गैस खीरीटाउन के कार्यालय में दिनांक 28/10/2024 समय लगभग 02.30 पर जाकर जानकारी करनी चाही तो उसे यह कहते हुए भगा दिया गया कि बहुत बड़ी डीएम बनती हो तथा अमर्यादित व्यवहार कर भगा दिया गया।इन भ्रष्ट गैस डिस्ट्रीब्यूटरों की कालाबाजारी के कारण पता नहीं अभी तक कितने और लाभार्थियों को इसी तरीके से लगातार घुमाया जा रहा होगा और उनका हक मार कर काली कमाई की जा रही होगी। बहरहाल पीड़िता ने जिलाधिकारी समेत अन्य उच्च अधिकारियों से मामले की बाबत गुहार लगाने को कहा है ताकि उसे जल्द से जल्द उज्ज्वला योजना का लाभ मिल सके तथा दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर अपराधिक मुकदमा पंजीकृत कराया जाए ताकि कोई गरीबों का हक मारने की हिम्मत न कर सके।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश की नाफरमानी ग्राम्य विकास विभाग की मनमानी

● ....मनरेगा कर्मचारियों में बिना मानदेय होगी सूनी दीपावली।

... ग्राम्य विकास विभाग मे आर्थिक संकट से जूझने को मजबूर मनरेगा कर्मचारी।

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बावजूद ग्राम्य विकास विभाग में कर्मचारियों को दीपावली पर समय से वेतन भुगतान नहीं होने से कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है पूरे प्रदेश में केन्द्र सरकार की महात्वाकांक्षी योजना मनरेगा में तैनात लगभग 39000 संविदा कर्मचारियों को वेतन न मिलने से प्रकाश पर्व दीपावली में अंधेरा छाया हुआ है एवं आर्थिक तंगी से जूझ रहे मनरेगा कर्मचारियों पर रोजी रोटी का संकट भी खड़ा हो गया है। प्रदेश सरकार द्वारा सभी कर्मचारियों को दीपावली पर्व में वेतन/ मानदेय दिये जाने के निर्देशों के विपरीत मनरेगा में कार्यरत कर्मियों रोजगार सेवक, कम्प्यूटर

आपरेटर, लेखा सहायक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को मानदेय नहीं मिलने से दीवाली सूनी रहने की स्थिति उत्पन्न है।

राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज के ग्राम रोजगार सेवक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने बताया कि दीपावली के पावन पर्व में पहली बार बिना दिया बाती के त्योहार मनाया जायेगा। दीपावली पर्व में मानदेय नहीं मिल पाने से कर्मचारियों में मायूसी छायी है। उन्होंने बताया कि करीब नौ माह से मानदेय नहीं मिल पाने के कारण कर्मचारियों के मनोबल पर विपरीत असर पड़ने के कारण मनरेगा योजना की स्थिति भी प्रभावित हो रही है। यदि मानदेय नहीं मिला तो मनरेगा कर्मियों एवं रोजगार सेवकों के परिवारों में त्योहार की रौनक फीकी रहना तय है।

संक्षिप्त ख़बरें

बस्ती में भीषण हादसा बस और ट्रैक्टर टक्कर

बस्ती। बस्ती जिले मे मंगलवार सुबह करीब 4:30 बजे देवरिया डिपो की सरकारी बस के चालक राम रूप प्रसाद पुत्र विक्रम उम्र 56 वर्ष जो देवरिया के रहने वाले हैं। यह यात्रियों से भरी बस लेकर दिल्ली से देवरिया जा रहे थे । लखनऊ-गोरखपुर नेशनल हाईवे पर हड़िया चौराहा बस्ती के पास उनकी बस एक ट्रैक्टर से टकरा गई।जिसमें चालक समेत कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर रजत नाम के कालर ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। कुछ ही समय में 108 की 4 एंबुलेंस गयी और प्राथमिक उपचार करते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल बस्ती में भर्ती कराया गया जहां सभी का उपचार चल रहा है। जिसमें कुछ लोगों की हालत गंभीर देखते हुए गोरखपुर के लिए रेफर किया गया है।

प्रधान पर जानलेवा हमला कर फरार आरोपितों के घर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

सहजनवा/गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मझौरा के प्रधान जयप्रकाश कन्नौजिया के उपर 13 अक्टूबर को शाम पौने छः बजे के करीब कुरसा नहर के पास बदमाशों ने जानलेवा हमला कर 10 हजार नकद और चेन छीन कर फरार चल रहे आरोपित शनि कुमार शर्मा और फागू के घर उपनिरीक्षक आलोक कुमार सिंह और सुधाकर यादव ने पहुंच कर कार्रवाई करते हुए नोटिस चस्पा किया गया। इस संबंध में विवेचना कर रही सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने बताया कि ग्राम प्रधान पर जानलेवा हमला कर लूट करने वाले आरोपितों के घर पुलिस ने गिरफ्तार न होने पर नोटिस चस्पा की गई है।

धनतेरस के पर्व पर एस डी एम के नेतृत्व में गोला पुलिस का हुआ पैदल फ्लैग मार्च

गोलाबाज़ार गोरखपुर । धनतेरस के पर्व पर उमड़ी भीड़ को देखते हुए एस डी एम गोला राजुकुमार और सी ओ गोला रत्नेश्वर सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ गोला उपनगर में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। यह फ्लैग मार्च में गोला कोतवाली से कोतवाल मधुपनाथ मिश्रा अपने समस्त स्टाफ के साथ निकल कर आगे आगे एस डी एम व सी ओ के साथ कस्बा का भ्रमण करते हुए ब्लॉक मुख्यालय गोला तक पहुचे और पुनः वहां से लौट कर पैदल फ्लैग मार्च करते हुए कोतवाली परिसर में पहुचे। इस पर्व पर उपनगर में जगह जगह पी ए सी के जवान भी खड़े डयूटी पर दिखाई दिए। इस अवसर पर गोला थाने पर तैनात समस्त एस आई पुलिस व पी ए सी के जवान सम्मलित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाकर शपथ दिलाई

सहजनवा/गोरखपुर। थाना परिसर हरपुर-बुदहट में मंगलवार को लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उपस्थित पुलिस बल को शपथ दिलाए। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज राहुल दूबे,उपनिरीक्षक तनवीर अहमद, आलोक कुमार सिंह,गिरीश मिश्रा, प्रवीण कश्यप, अच्युदानंद राय, सुधाकर यादव, अजय यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

विधानसभा उप चुनाव में सपा प्रत्याशी अबुआसिम आजमी के समर्थन में पहुचे सपाई

●उप चुनाव को लेकर उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी हसीब खान व सांसद अयोध्या अवधेश प्रसाद ने पहुच झोंकी ताकत

स्वतंत्र प्रभात

बलरामपुर- कई राज्यों में हो रहे विधान सभा चुनाव और उपचुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टिया अपने-अपने प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार प्रसार करके अपने पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए पूरी दाम खम लगाए हुए हैं। समाजवादी पार्टी से उतरौला विधान सभा समाजवादी पार्टी से पूर्व प्रत्याशी हसीब खान समाजवादी पार्टी के प्रचार प्रसार व प्रत्याशियों को जीतने के लिए एक अहम भूमिका निभा रहे है। और पूरी ताकत प्रत्याशीयो को जिताने के लिए झोंक रखी है । इसी क्रम में महाराष्ट्र में हो रहे विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देशन में महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू हाशिम आजमी (विधानसभा प्रत्याशी) के नामांकन में महाराष्ट्र पहुंचे अबू हाशिम आजमी के नामांकन के मौके पर पूर्व प्रत्याशी उतरौला विधानसभा समाजवादी पार्टी हसीब खान के साथ हिंदुस्तान के चर्चित सांसद अयोध्या के सेवक अवधेश प्रसाद भी नामांकन कार्यक्रम में पहुंचे अयोध्या फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद व हसीब खान का मुंबई एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत हुआ। हसीब खान के महाराष्ट्र चुनाव में महाराष्ट्र विधानसभा नामांकन में पहुंचने से उतरौला विधान सभा व बलरामपुर जिले के तमाम लोगों महाराष्ट्र में रहने वाले लोगो मे खासा उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। अबू हाशिम आजमी को चुनाव में भारी मतों से जीतने के लिए अवधेश प्रसाद सांसद अयोध्या फैजाबाद व पूर्व विधान सभा प्रत्याशी हसीब खान ने अपील की। नामांकन में शामिल अवधेश प्रसाद और हसीब खान ने अबू हाशिम आजम को भारी बहुमत से जीताने के लिए हुंकार भरी व समस्त विधानसभा वासियों के प्रति दिल से आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उतरौला के रहने वाले मदत अली सेठ, खालिक अली, अब्दुल वहीद, सद्दाम, गुड्डू, इरशाद, सिराज खान,शाहिद भाई रमवापुर वाले, अरुण सिंह, आरिफ खान,अनवर खान, जमाल खान, वारिस अली, फ़िरोज़ खान, हुसैन अली,सलामत अली, जमील, इरशाद अहमद, सोनू चोधरी,वहाद, सलामत अली, नसीब अली, अरुण कुमार सिंह,आकाश सिंह, पंकज सिंह, रोहित सिंह, रामसेवक यादव, शिवम सिंह, नानबाबू, उत्कर्ष, अजय विश्वकर्मा, आनंद विश्वकर्मा, तुफैल, इरफ़ान खान, डॉक्टर गुलफाम, सैफ खान, शहीद खान, सैफ, इमरान खान, रफीक चौधरी, इमरान खान,समीर, करीम, तुफैल, आरिफ खान, शाहिद खान,और तमामा साथीगढ़ मौजूद रहे।

प्रकाश पर्व दीपावली हिन्दू समाज विद्या, धन, आरोग्य एवं अध्यात्म की प्राप्ति के लिए प्रति वर्ष मनाता है डाक्टर बृजेश कुमार शुक्ल अधीक्षक

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के प्राथमिक विद्यालय चमरहिया हरैया बस्ती में दीपोत्सव कार्य क्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डाक्टर बृजेश कुमार शुक्ल अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरैया तथा प्रधानाध्यापिका भारती शुक्ला ने मां लक्ष्मी का विधि विधान और परंपरा तथा श्रद्धा के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया। अपने स्वागत भाषण में भारती शुक्ला ने कहा कि संस्कृति के संरक्षण और विकास के लिए त्योहार मनाया जाता है। धनतेरस के दिन धनवंतरि और लक्ष्मी का अवतरण हुआ था। भारतीय संस्कृति में प्रत्येक कार्य वैज्ञानिक और शोध पर आधारित है। भगवान् श्रीराम के लंका पर विजय के उपरांत अयोध्या आगमन की खुशी में कार्तिक मास की अमावस्या को दीप जलाकर और मिठाई बाँट कर स्वागत किया था। प्रकाश पर्व दीपावली हिन्दू समाज विद्या, धन, आरोग्य एवं अध्यात्म की प्राप्ति के लिए प्रति वर्ष मनाता है। दीपावली शिक्षा के द्वारा अज्ञानता को दूर कर ज्ञान प्राप्त करने का संदेश देता है। मुख्य अतिथि डाक्टर बृजेश कुमार शुक्ल ने कहा कि दीपावली के उपलक्ष्य में दीपोत्सव कार्य क्रम से बच्चों को अपने धर्म संस्कृति तथा जीवन मूल्य को जानने समझने तथा जीवन में उतारने का अवसर मिलता है। पर्यावरण के अनुकूल दीपावली मनाएं, ध्वनि और वायु प्रदूषण से बचें। नागरिक कर्तव्य पालन करके हम दूसरे के अधिकार सुरक्षित करते हैं। हमें संविधान और कानून का पालन करना चाहिए। प्राथमिक विद्यालय चमरहिया हरैया बस्ती में स्वच्छता और सौंदर्य के साथ शिक्षा के अनुकूल वातावरण है जिससे शैक्षिक गुणवत्ता अच्छी है। विद्यालय में योग प्राणायाम का नियमित प्रयोग बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है। कार्य क्रम में दीप जलाकर, रंगोली सजा कर, मिष्ठान खील, बताशा, वितरण कर दीपोत्सव मनाया गया।संस्कृत स्वागत गीत प्रणतिभावैरव्याहराम- स्वागतम् शुभ वंदनम् पर रिया और छवि ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। संगीत मय रामायण लघु नाटिका छवि, रिया, प्रिया, काव्या, अंबिका, नेहा, पलक, मंगल, अंश, विवेक, अंशुमान, निधि ने प्रस्तुत किया। दीपावली पर लोकनृत्य, और लोक गीत प्रस्तुत किया गया। कार्य क्रम में शुरभि पटेल, विजय कुमार, रसोइया कौशिल्या, उर्मिला, अमरावती के साथ विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

धनतेरस से दीपावली तक शहर में वाहनो की नो इंट्री हुआ रूट डायवर्जन

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले में धनतेरस और दीपावली त्योहार पर भारी भीड़ को देखते हुए शहर में वाहनों की नो इंट्री रहेगी। धनतेरस से दीपावली तक शहर के मुख्य बाजारों में बाइक, चार पहिया वाहन और ई-रिक्शा की पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। इसके शहर को 15 सेक्टर में बांट कर 50 अस्थाई पिकेट और ऊंची इमारतें पर पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे। कंपनी बाग चौराहे से जीआइसी तक दोनों तरफ से किसी तरह का कोई वाहन नहीं जाएगा। धनतेरस 29 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से ही रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया है।सीओ यातायात सत्येन्द्र भूषण तिवारी में बताया कि पुलिस की ओर से वाहनों को खड़ा करने के लिए जीआइसी, एपीएन व शिवहर्ष किसान पीजी कालेज ग्राउंड में पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। 29 से 31अक्टूबर तक तक भारी वाहनों को नो एंट्री का समय सुबह10 से रात 10 बजे तक रहेगा। इसके लिए 15 सेक्टर में बांटा गया है। शहर को सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी सीसी कैमरे से आनलाइन की जाएगी। इस दौरान सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। शहर में अतिरिक्त पुलिस बल रहेगा। कहीं से कोई सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर भेजी जाएगी।

नाराज ग्रामीणों ने शुरू किया आमरण अनशन जिले के अधिकारी हो गए बेलगाम

●बस्ती जिले में अधिकारी जनता की समस्याओं के निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं है। स्थिति यह है कि सैकड़ो लोग आमरण अनशन करने को मजबूर

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश के बाद भी जिले में अधिकारी जनता की समस्याओं के निस्तारण को लेकर गंभीर नहीं है। स्थिति यह है कि सैकड़ो लोग आमरण अनशन करने को मजबूर हैं। पूरा मामला भानपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अजगैवा जंगल से जुड़ा हुआ है। यहां पर 15 वर्ष पूर्व 14 सौ बीघे सरकारी भूमि का फर्जी तरीके से अपात्रों पट्टा कर दिया गया था। जिसे खारिज कराने के लिए ग्राम प्रधान मधुबाला चौधरी, प्रधान प्रतिनिधि चंद्रशेखर चौधरी, जितेंद्र यादव सहित अन्य लोगों ने लंबी लड़ाई लड़ी। इसके बाद उक्त पट्टे को खारिज कर दिया गया। लेकिन अब गांव की चकबंदी कराने को मांग पर अधिकारी दिलचस्पी नहीं दिख रहे हैं। ग्राम प्रधान की अगुवाई में ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री के जनता दरबार तक गुहार लगाई। मुख्यमंत्री के दखल के बाद उपजिलाधिकारी भानपुर आशुतोष तिवारी ने नायब तहसीलदार पूजा वर्मा की अध्यक्षता में एक जांच टीम गठित की। जिसे स्थलीय जांच करके रिपोर्ट तैयार करनी थी। लेकिन आलम यह है कि जांच अधिकारी ने रिपोर्ट देना तो दूर अभी तक इस प्रकरण को लेकर गांव तक पहुंचना मुनासिब नहीं समझा। दस दिन पूर्व ग्रामीणों ने तहसील दिवस में पहुंचकर अधिकारियों को पत्र दिया और चकबंदी प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी। लेकिन उस पर कोई पहल नहीं हुई। सोमवार को सैकड़ो की संख्या में महिलाओं, बुजुर्गों के साथ ग्राम प्रधान मधुबाला चौधरी ने पंचायत भवन पर आमरण अनशन शुरू कर दिया। ग्रामीणों की मांग है कि ग्राम पंचायत के बंदोबस्त सीएच 40, 41, 45 के फाड़े गए पन्ने को चकबंदी विभाग को उपलब्ध कराया जाए। गठित कमेटी द्वारा शीघ्र जांच कर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। अजगैवा जंगल के खतौनी जिल्द बंदोबस्त को फाड़ देने से किसानों के खतौनी खाता में हुई त्रुटियों को तहसील प्रशासन द्वारा सुधार कराया जाए। इन तीन बिंदुओं को लेकर गांव के लोग आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। ग्राम प्रधान मधुबाला चौधरी ने कहा कि जब तक इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करके चकबंदी प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। हम पूरे गांव के लोगों के साथ आमरण अनशन पर बैठे रहेंगे। अनशन स्थल पर सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिहाज से चौकी प्रभारी टिनिच सचिंद्र सहित एक दर्जन पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

इस दौरान सरिता, पूनम, इंद्रावती, केतकी देवी, मंजू मीना, रामकरण, मेवालाल, राजित राम, राकेश लाल श्रीवास्तव, अवधेश तिवारी, पप्पू वर्मा, प्रहलाद चौधरी, पंदोही मौर्या, राम ललित, गंगाराम सहित अन्य लोग मौजूद हैं।

डीएम ने किया मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

●- शहर के राजादेवी डिग्री कालेज में हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

बाँदा। भारत निर्वाचन आयोग के तहत 2025 के लिए मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का आज जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नगेंद्र प्रताप ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। यह आयोजन राजादेवी डिग्री कालेज, बांदा में हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम में कहा कि मतदाता बनना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित छात्रों से आग्रह किया कि जो छात्र 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे अपना नामांकन फॉर्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण अवश्य कराएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 09 एवं 10 नवंबर तथा 23 एवं 24 नवंबर, 2024 को पुनरीक्षण अभियान के दौरान बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) द्वारा नाम दर्ज करवाया जा सकेगा। उन्होंने यह भी अपील की कि अपने परिजनों और आस-पड़ोस के लोगों को इस अवसर का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें और उनके नाम भी मतदाता सूची में जुड़वाने में सहयोग करें। कार्यक्रम में छात्रों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई और जागरूकता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत भी किया गया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व / उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि 29 अक्टूबर से 28 नवंबर, 2024 के बीच दावे और आपत्तियाँ दर्ज की जा सकती हैं। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्र वोटर हेल्पलाइन ऐप और एनवीएसपी पोर्टल के माध्यम से भी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि लोकतंत्र में मतदाता की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पंडित जे. एन. डिग्री कालेज के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक और गीत के माध्यम से मतदाता जागरूकता और वोट के महत्व को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला, तहसीलदार राधेश्याम सिंह, जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, राजादेवी डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य और प्रबंधक प्रमोद शिवहरे सहित अन्य अधिकारी एवं छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय काकोनिया और राहुल जैन ने किया।

नदियों का स्वच्छ रखने के लिये सामूहिक प्रयासों की जरूरत

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। सामाजिक सेवा संस्था चित्रांश क्लब की ओर से कुआनो नदी के अमहट घाट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बहच कुवानो महाआरती का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष सतेन्द्र श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व शहर के गणमान्य बड़ी संख्या में इकट्ठा हुये। सभी ने कुआनो मइया की आरती कर नदी को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया। क्लब के संस्थापक अश्वनी श्रीवास्तव ने कहा सामूहिक प्रयासों से नदियो व अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ व निर्मल रखा जा सकता है। सांसद हरीश द्विवेदी ने आयोजकों को बधाइयां व शुभकामनायें देते हुये कहा कि समाजसेवा का दायरा बहुत बड़ा है। इस प्रकार के रचनात्मक कार्य समूचे समाज को प्रभावित करते हैं। युवाओं को खास तौर से आगे आकर यह जिम्मेदारी लेनी चाहिये। उन्होने कार्यक्रम की सराहना की। अंत में जिलाध्यक्ष सतेन्द्र श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार जताते हुये कहा बस्ती जनपद में ऐसे कार्यक्रम से लोग प्रेरित हो रहे हैं और नदियां साफ सुथरी दिखने लगी हैं।मुख्य रुप से पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेंद्र सिंह, पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, राना दिनेश प्रताप सिंह, अनूप खरे, संजय प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार उर्फ गिल्लम चौधरी, अखंड सिंह, राणा विपिन प्रताप सिंह, विनय सिंह, अखिलेश सिंह, सौरभ तिवारी, दिव्यांशु खरे, अरविंद श्रीवास्तव गोला, अनिल श्रीवास्तव, अरविंद चौधरी, सरोज मिश्रा, देवस्य मिश्रा, धर्म प्रकाश श्रीवास्तव, देवेश धर दूबे, रमन श्रीवास्तव, सिम्पू दुबे, दुर्गेश श्रीवास्तव देव, पंकज गोस्वामी, विक्रांत पांडे, मोहम्मद इस्माइल, राणा विनय प्रताप सिंह, रिंकू सिंह, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, दुर्गेश श्रीवास्तव, ऋषि श्रीवास्तव, एश्वर्य श्रीवास्तवसे एवं महिला विंग की जिला संरक्षिका श्रीमती आभा सिंह, अनुपम पांडेय, ममता श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, गरिमा श्रीवास्तव, प्रीति सिंह एवं जिला अध्यक्ष प्रतिमा सिंह, मुन्नी सिंह एवं सरिता श्रीवास्तव, चंदा श्रीवास्तवा, सरिता नीतू देवी, उपमा, गुड्डन पांडे, विभा श्रीवास्तव, निशा, किरन, स्वेता, अनु अलका, अंजू, रूबी, मीना, रिंकी की उपस्थिति रही।

बीएलओ और अधिकारियों ने जुटाई मतदाता जागरूकता बढ़ाने की मुहिम

●- मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

जसपुरा/बांदा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्व. प्रह्लाद सिंह स्मारक महाविद्यालय, गौरीकला जसपुरा में विशेष संक्षिप्त मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) शशि भूषण मिश्र और तहसीलदार विकास पांडे के नेतृत्व में मतदाता पंजीकरण की प्रक्रिया को सुगम बनाने और अधिक से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष महेश कुमार साहू, शिवकुमार, यदुनाथ, गुरुदयाल और बीएलओ दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इन सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु मतदाता जागरूकता अभियान में भाग लिया। विभागाध्यक्ष महेश कुमार साहू ने उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हर नागरिक का यह दायित्व है कि वह लोकतंत्र में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। मतदाता पंजीकरण की तिथियां व फार्म्स की जानकारी कार्यक्रम के दौरान आगामी 9, 10, 23, और 24 नवंबर को मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने और संशोधन हेतु विशेष तिथियां निर्धारित की गई हैं।

फॉर्म नंबर 6 के माध्यम से नए नाम जोड़े जाएंगे। फार्म नंबर 7 का उपयोग मृतक मतदाताओं के नाम हटाने के लिए होगा। फॉर्म नंबर 8 का उपयोग विवरण संशोधन हेतु किया जाएगा। हर वोट है जरूरी - जनता से अपील एसडीएम शशि भूषण मिश्र ने कहा, ष्हर वोट जरूरी है।ष् उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित कराएं। तहसीलदार विकास पांडे ने भी जनता से आह्वान किया कि वे समय पर अपना पंजीकरण कराकर आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। अधिकारियों ने बीएलओ और लेखपाल व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे हर मतदान केंद्र पर समय से उपस्थित रहें और अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का कार्य करें।लेखपाल शिवनरेश मिश्र,बीएलओ दिनेश कुमार, शिवकुमार, यदुनाथ, गुरुदयाल ने भी लोगों को सही जानकारी देकर नाम दर्ज करने में सहायता प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई।

कैली अस्पताल के कर्मचारी पर केस दर्ज करने का आदेश

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती। बस्ती जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष कुमार राय ने ड्यूटी पर तैनात कैली चिकित्सालय के स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। शहर कोतवाल को सुसंगत धाराओं में केस पंजीकृत करके विवेचना करनी होगी। सोनहा थानाक्षेत्र के भानपुर कस्बा निवासी सुशीला देवी ने जरिए अधिवक्ता एसएन दुबे के माध्यम से सीजेएम कोर्ट में प्रार्थना-पत्र दिया। सुशीला के अनुसार उसकी 30 वर्षीय बेटी आराधना बीमार थी। 19 सितंबर को बेटी के पेट मे दर्द होने पर उसे कैली चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सायं 500 बजे दर्द होने पर ड्यूटी पर तैनात स्टाफ ने उसे देखने से मना कर दिया। आरोप है कि असहनीय दर्द से परेशान होकर आराधना ने बाथरूम में आत्महत्या की कोशिश करने लगी। सुशीला चिल्लाती रही लेकिन ड्यूटी पर तैनात स्टाफ हंस रहे थे और वीडियो बनाने में मशगूल थे। सुशीला ने रस्सी काटकर किसी तरह बेटी को नीचे उतारा और इमरजेंसी में ले जाने लगी। वहां तैनात स्टॉफ शोर मचाते हुए हल्ला करने लगे कि मरीज लेकर भाग रही है। इस मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कोतवाल को केस दर्ज कर जांच का आदेश दिया है। गौरतलब है कि इस घटना में मरीज आराधना की मौत हो गई थी।

पूर्व विधायक के बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकाने के मामले में केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

बस्ती । बस्ती जिले के नगर पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पूर्व विधायक के बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ मारपीट व धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। मामला किसान इंटर कॉलेज मरहा से संबंधित है। आरोप है कि स्कूल में कार्य करने वाले एक व्यक्ति को मारपीट कर भगा दिया गया। साथ ही जातिसूचक शब्दों का भी प्रयोग किया गया। मुकदमे की जांच सीओ कलवारी प्रदीप कुमार त्रिपाठी को सौंपी गई है। नगर थानाक्षेत्र के गोटवा निवासी सुदर्शन का आरोप है कि वह किसान इंटर कॉलेज मरहा में काम करता था। इस स्कूल के प्रबंधक पूर्व विधायक स्व. राना कृष्ण किंकर सिंह के बेटे राना नागेश प्रताप सिंह हैं। वर्तमान में नागेश प्रताप सिंह शक्ति सिंह मर्डर केस में नामजद आरोपी के तौर पर जेल में निरूद्ध हैं। सुदर्शन ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उसे किसान इंटर कॉलेज मरहा से निकाल दिया गया। 30 मार्च 2024 को जब वह दोबारा स्कूल के कार्यालय में योगदान देने के लिए पहुंचा तो जातिसूचक व अपशब्द कहकर अपमानित किया गया। मारने के लिए दौड़ा लिया। मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर राना नागेश प्रताप सिंह निवासी रानीपुर थाना नगर, पृथ्वीपाल सिंह, उनके बेटे पंकज सिंह व नीरज सिंह निवासी मरहा थाना नगर के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

संक्षिप्त ख़बरें

मनरेगा कर्मचारियों को बिना मानदेय होगी सूनी दिवाली

निगोहां, मोहनलालगंज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों को दरकिनार करते हुए ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों ने मनरेगा में कार्यरत कर्मियों को दीपावली के मौके पर मानदेय नहीं देने का फैसला किया है। इससे कर्मचारियों में निराशा का माहौल बना हुआ है। राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज में ग्राम रोजगार सेवक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने कहा कि इस बार दीपावली बिना दिया बाती के मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों का मानदेय पिछले नौ महीनों से नहीं मिला, जिससे उनके मनोबल पर नकारात्मक असर पड़ा है और मनरेगा योजना की स्थिति भी प्रभावित हो रही है। अगर जल्द ही मानदेय नहीं मिला, तो मनरेगा कर्मियों और रोजगार सेवकों के परिवारों में त्योहार की रौनक फीकी रहने की संभावना है।

एम एस बाइट एजूकेशन एकेडमी छात्राओं ने दीप जलाकर मनाया दीपावली का पर्व

हरदोई-मल्लावां। विद्यालय में दिवाली के त्योहार को देखते हुए छात्र छात्राओं द्वारा स्कूलों में तरह तरह की तैयारी की गई और बड़े धूमधाम से दीप प्रज्वलित किए गए एम एस बाइट एजूकेशन एकेडमी में धनतेरस व दीपावली का पर्व खूब धूमधाम से मनाया गया जिसमें बच्चे दीप जलाकर व रंगोली बनाकर तथा भगवान गणेश लक्ष्मी की पूजा करके दीपावली का पर्व मनाया गया विद्यालय में उत्सव के दौरान सभी बच्चे सभी शिक्षकगण प्रधानाचार्य श्रीमती शिखा वर्मा सलाह कार श्रीमती मनीषा सोनी व प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार वर्मा उपस्थित रहे।

एलिप्स ग्लोबल विद्यालय में दीपावली व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की धूमधाम से मनाई गई जयंती

बिसवां। सीतापुर कस्बे के प्रतिष्ठित एलिप्स ग्लोबल विद्यालय में आज दिनांक 29.10.24 को दीपावली व लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती कार्यक्रम अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने उत्कृष्ट अभिनय के द्वारा दीपावली पर्व को मनाने में सावधानियों के विषय में एक सकारात्मक संदेश देने प्रयास किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीपावली की शुभकामनाओं सहित राष्ट्रीय एकता दिवस के विषय में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए छात्रों के मनमोहक अभिनय की प्रशंसा की। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती दीप चंद्रा ने समस्त छात्रों, अध्यापकों, कर्मचारियों को शुभकामना देते हुए जीवन में अंधकार मिटाकर प्रकाश की तरफ उन्मुख होने का संदेश दिया।

दिलीप शुक्ला ने शुक्ला टायर हाउस शोरूम का फीता काट कर किया उद्घाटन

लहरपुर सीतापुर लहरपुर क्षेत्र के वाहन स्वामियों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्ला टायर हाउस के शोरूम का उद्घाटन निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा यह एक ऐसा टायर हाउस है जो पूरे जनपद के लिए एक प्रेरणा के रूप में होगा यह उदगार मैसर्स राम दयाल शुक्ला एंड संस के डीलर दिलीप शुक्ला ने शुक्ला टायर हाउस का फीता काटकर व्यक्त किये। शोरूम के प्रोपराइटर नीतीश शुक्ला उर्फ छोटू ने बताया कि जे के टायर्स की उपयोगिता कम लागत अधिक बचत डीजल की बचत एवं अधिक भार ढोने की क्षमता यह कंपनी की विशेष आकर्षण का केंद्र बिंदु है। इस शुभारंभ के मौके पर प्रमुख रूप से लहरपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक सुनील वर्मा, नगर पालिका के अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, अधिशाषी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल, ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, सपा एमएलसी जासमीर अंसारी, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र अवस्थी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, भाजपा नेता वीरेन्द्र पुरी, प्रमुख व्यवसाई हरीश रस्तोगी, भगवानदीन त्रिवेदी, भट्टा व्यवसाई सिराज अहमद, सभासद मनीष शुक्ला पत्रकार पंकज शुक्ल, अरुण सिंह आचार्य, गार्गी मिश्रा, रघुवंश अवस्थी, विपिन अवस्थी, पुत्तु लाल तिवारी, कमल किशोर शुक्ला, गोपाल शुक्ला, प्रेमनाथ पुरी, गोविंदा शुक्ला, सत्यम अवस्थी, सहित व्यापारी, ट्रांसपोर्टर नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

निगोहां पुलिस की तत्परता से बची इकलौते बेटे की जान

स्वतंत्र प्रभात

निगोहां। सोमवार की देर रात परिजनों से नाराज होकर एक युवक फांसी लगाने की लिए बगीचे में पहुंचा जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और पांच मिनट में घटना स्थल पर पहुंचकर युवक को आत्महत्या करने से रोककर बचाया, साथ ही समझा - बुझाकर परिजनों के सुपुर्द किया। निगोहां निवासी अरविंद रावत (24) अपने परिजनों से नाराज होकर सोमवार रात निगोहां कस्बे के किनारे आम के बगीचे में पहुंचा जहां कुछ ही देर बाद बगीचे का मालिक ईशान शुक्ल भी पास में खड़ी धान की फसल देखने के लिए पहुंच गया तब उसने देखा कि एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था जिसे देख थानाध्यक्ष को मामले की सूचना दी गई जिसके बाद चौकी इंचार्ज निगोहां अमित वर्मा व आरक्षी अरविंद घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को बचाया, पुलिस युवक को लेकर उसके घर पहुंची और समझा - बुझाकर परिवारीरजनो के सुपुर्द किया। थानाध्यक्ष निगोहां अनुज तिवारी ने बताया कि युवक मजदूरी करता है, किसी बात पर परिवार से नाराज हो गया था जिसे समझाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इससे पूर्व भी युवक एक बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका है। वहीं पुलिस की सक्रियता और सराहनीय कार्य की ग्रामीणों ने प्रसंसा की।

उ0प्र0 गौ सेवा आयोग अध्यक्ष द्वारा कान्हा उपवन का किया गया निरीक्षण

● - आयोग के अध्यक्ष के साथ गौ सेवा परिषद देवेन्द्र तिवारी रिंकू भी रहे मौजूद

दोनों लोगों ने गायों को गुड़ खिलाकर लगाया आंवले का पेड़

स्वतंत्र प्रभात

लखनऊ। मंगलवार उत्तर प्रदेश के गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता व भारतीय किसान मंच एवं भारतीय गौ सेवा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी रिंकू व उपाध्यक्ष राम नरेश तिवारी द्वारा सरोजनीनगर विधानसभा के नादरगंज में स्थित नगर निगम लखनऊ द्वारा संचालित नादरगंज अमौसी स्थिति कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण किया तथा गौशाला में धनतेरस के पावन पर्व पर गौ पूजन किया गया बाड़ों में जाकर गायों को गुड़ खिलाया गया साथ ही साथ आंवाले के पौधे का रोपण भी किया गया। मंत्री द्वारा गोल्फ कार्ट पर बैठकर सम्पूर्ण परिसर का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए।

मंत्री द्वारा सभी बाड़ों का निरीक्षण किया गया जहां पर भूसे तथा चोकर सभी नांदों में मानकानुसार मिला तथा हरा चारा उपलब्धता के आधार पर दिया जाता है। सभी बाड़ों में स्वच्छ शीतल जल की उपलब्धता मिली तथा सम्पूर्ण परिसर की सफाई व्यवस्था उच्च कोटि की मिली,कुछ बाड़ों में कूलर की व्यवस्था को लेकर उनके द्वारा नगर निगम के निराश्रित गोवंश के लिए किये जा रहे प्रयास की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी, सभी गोवंशो का स्वास्थ्य अच्छ पाया गया और देखा गया की गर्मी से बचाव हेतु नमक का उपयोग भी चारे में मिला कर किया जा रहा है। उनके द्वारा गौशाला में कुछ स्थानों पर शेड के विस्तार हेतु निर्देश दिए गए तथा गौशाला को आत्मनिर्भर बनाये जाने पर बल दिया गया तथा गौशाला से दूध तथा गोबर की बिक्री की जानकारी ली गयी।

गौ सेवा आयोग अध्यक्ष द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत विकसित किये जा रहें कान्हा और राधा सरोवर के निर्माण की भी जानकारी ली गयी तथा गायों के को पॉलीथिन निकालने की शल्य क्रिया रूमनोटॉमी की भी जानकारी ली गयी और गायों

का जीवन बचाने के प्रयासों की सराहना की गयी। श्री श्याम बिहारी जी द्वारा गौपालको के बच्चों हेतु संचालित कान्हा उपवन विद्यालय के बच्चों के साथ संवाद भी किया गया और बच्चों को पंचतत्व की उपयोगिता के साथ गायों को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित भी किया गया। माननीय गौ सेवा आयोग अध्यक्ष द्वारा गौमूत्र को एकत्रित कर उसकी मार्केटिंग के निर्देश देने के साथ साथ किसानों को कान्हा उपवन से जोड़ने, तथा कान्हा उपवन को एक उच्च कोटि का गौ पर्यटन स्थल बनाने,मोटे अनाज आधारित जैविक खेती को बढ़ाने के भी आवश्यक निर्देश दिए गए तथा बायोगैस की क्षमता बढ़ाने हेतु चर्चा की गयी। निरीक्षण के दौरान पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मारुति वैन बाइक में भिड़ंत, पति-पत्नी बेटी की दर्दनाक मौत, एक राहगीर घायल

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई पिहानी जंग बहादुरगंज मार्ग पर महुआहार के निकट पर मंगलवार को बाइक और बैन में स्कूली छात्र को बचाने के चक्कर में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और उनका पाच वर्ष का बेटी शामिल है। मृतक की ससुराल राभा में है बताया जा रहा है कि एक इंतकाल में शामिल होने जा रहे थे। घटना मेंएक छात्र राहगीर घायल है, जिसका उपचार चल रहा है। वैन चालक व सवारियां मौके से भाग निकली है। वैन में लगे खून से यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चालक को भी चोटें आई है। फिलहाल पुलिस इस दर्दनाक हादसे की जांच में जुटी हुई है पुलिस ने दोनों वाहनो को हिरासत में लेकर कोतवाली में खड़ा कर लिया है। वैन पुवाया की बताई जा रही है।

टड़ियावां कोतवाली क्षेत्र के गोपामऊ निवासी हनीफ पुत्र मदन्ने खान उम्र 36 वर्ष, सुहाना पत्नी हनीफ उम्र 34 वर्ष, बेटी आयशा के साथ बाइक से राभा इंतकाल में शामिल होने के लिए जा रहे थे। जैसे ही बाइक सरसमा हार के निकट पहुंची तो सर्वेश जनसेवा इंटर कॉलेज का छात्र रोहित पुत्र महेश सामने आ गया और उसको बचाने के लेकर जंग बहादुर गंज की तरफ से आ रही वैन से हनीफ की बाइक जबरदस्त तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हनीफ की पत्नी सुहाना खंती में जाकर गिर गई, बेटी आयशा मोटरसाइकिल से दब गई और हनीफ सड़क गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे को देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पहुंचे कोतवाल सुनील दुबे ने स्थिति

पर नियंत्रण कर घटना की जानकारी करने में जुट गए। खबर लिखे जाने तक वन में बैठी सवारी ड्राइवर का कोई सुराग नहीं लग सका। पुलिस के मुताबिक वैन मालिक तस्लीम शाह निवासी अनवा पुवायां है। जानकारी जुटाई जा रही है।

छात्राओं ने रंगोली बना कर मनाई दीवाली

● - दीपावली पर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान!

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई पिहानी आरपीएसएम पब्लिक स्कूल में दीपोत्सव मनाया गया। बच्चों को त्योहार की महत्ता बताई गई। बच्चों ने मंगलवारको हंसी-खुशी से दीपावली मनाई। बच्चों ने मनोहारी रंगोली बनाई, देवी-देवताओं का स्वरूप धारण किया और स्कूल को मोमबत्तियों से सजाया। प्रधानाचार्य मनोज मिश्रा ने बच्चों को दीपावली के महत्व के बारे में बताया। स्कूल में बच्चों ने विशाल रंगोली बनाइ और प्रदूषण रहित दीपावली मनाने का संदेश दिया। छात्र-छात्राओं ने दिया सजाओ, कार्ड मेकिंग, रंगोली आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय स्टाफ नेसफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

विद्यालय के प्रबंधक राजन शुक्ला ने कहा कि दीपावली का पर्व न केवल खुशियों का त्योहार है, बल्कि आपसी भाईचारे व सौहार्द का प्रतीक भी है। उन्होंने दीपावली पर बम व पटाखों का कम से कम प्रयोग कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। बच्चों को दीपावली का महत्व समझाया और भारतीय परंपरा व संस्कृति के बारे में जानकारी दी। कक्षा 8 की आलिया खान, आयुषी त्रिपाठी, कक्षा 7 की प्रज्ञा राठौर, गौरी सिंह, कक्षा 6 की डिंपल पाल, पंखुडी गुप्ता, केसर खन्ना, कक्षा 5

की रुद्राक्षी शुक्ला, सानिया जहरा पुरस्कार की गई। दीप प्रतियोगिता में कक्षा 5 की अंश शर्मा, अयाश सिंह, कक्षा 6 के अनिकेत राठौर, अनुरोध गुप्ता, सत्यम् कश्यप, सुमित सिंह, शिव यादव, युवराज सिंह, कक्षा 7 के सौरभ, पवन कुमार, अभय प्रताप सिंह, आर्यन प्रताप सिंह कक्षा 8 के आर्यन सिंह अजीत वर्मा अविरल मिश्रा अभय प्रताप सिंह सुधांशु वर्मा पुरस्कृत किए गए।

बाजार में होगी करोड़ों की धनवर्षा, सराफा-बर्तन और इलेक्ट्रॉनिक की सजीं दुकानें

स्वतंत्र प्रभात

बेनीगंज/हरदोई धनतेरस पर नए ट्रेंड के अनुसार बाजार में मोबाइल और स्मार्ट गैजेट्स प्रेमी अपनी पसंद और बजट के हिसाब से इन्हें खरीद रहे हैं। इसके अलावा टीवी, वाशिंग मशीन, गीजर सहित अन्य बिजली उत्पाद की भी जमकर बुकिंग और बिक्री हो रही है। धनतेरस के लिए बेनीगंज नगर के बाजार सजकर तैयार है। बीते दिन देर रात तक बाजारों में प्रतिष्ठान और शोरूमों की सजावट चलती रही। सराफा, ऑटो, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, बर्तन, कपड़े, साड़ी, फुटवियर के शोरूम फूलों और रंग बिरंगी लाइटों से सजे हैं। यहां के स्थानीय कारोबारियों ने इस बार बाजार पर करोड़ों रुपये की धनवर्षा होने की उम्मीद जताई है। सदर बाजार, बस स्टॉप, कुर्सी रोड, बेलहैया रोड, नगर पंचायत कार्यालय आदि जगहों में रौनक रही। जिससे धनतेरस दिवाली के जश्न में चार चांद लग गए हैं। बाजारों में पहुंचने वाले ग्राहकों को जाम से राहत देने के लिए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। सुरक्षा के लिए पुलिस के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। ग्राहकों की खातिरदारी के लिए अलग से लोगों को लगाया गया है। जिससे उन्हें अच्छी सेवा का अहसास कराया जा सके। ग्राहकों को बेहतर सेवा देने के लिए बड़े प्रतिष्ठानों के मालिकों के साथ परिवार के लोग भी जुट गए हैं। चार पहिया, तीन पहिया और दोपहिया वाहनों की एडवांस बुकिंग पर डिलीवरी की तैयारी पूरी हो गई हैं। धनतेरस पर सोने-चांदी की खरीदारी को

सबसे ज्यादा शुभ माना जाता है। इसलिए ज्वेलरी की दुकानों पर ग्राहकों की ज्यादा भीड़ है। फुटफ़ाट पर लगीं मिट्टी के दीए, मूर्तियां, खील, खिलौने, रुई, सजावट के सामान की दुकानें अब दिवाली तक इसी तरह सड़क किनारे सजी रहेंगी। इससे बाजार की खूबसूरती में चार चांद लग रहे हैं। वहीं दुकानों पर खरीदारों की भीड़ उत्साह से लबालब दिखाई दी।

स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में सक्सेस क्रिकेट अकादमी रेड ने सीरीज में 2-1 जीत दर्ज की

स्वतंत्र प्रभात

हरदोई स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के तीसरे व फाइनल मैच में आज सक्सेस क्रिकेट अकादमी रेड व सक्सेस क्रिकेट अकादमी ग्रीन के मध्य हुआ। मैच में टॉस सक्सेस ग्रीन ने जीता व पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सक्सेस क्रिकेट अकादमी रेड ने निर्धारित 40 ओवर मे 7 विकेट के नुकसान पर 243 रन का स्कोर खड़ा किया। सक्सेस क्रिकेट अकादमी रेड की तरफ से सर्वाधिक 85 रन, अविरल 36,समर प्रताप सिंह 35 व जय प्रकाश कश्यप ने 28 रनो का योगदान किया। वहीं सक्सेस क्रिकेट अकादमी ग्रीन की तरफ से राजा ने तीन विकेट, राजन व राज मिश्रा ने 2-2 विकेट, हिमांशु ने 1 विकेट लिया।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सक्सेस

क्रिकेट अकादमी ग्रीन की टीम ने 39.1 ओवर में सभी विकेट खोकर 226 रन ही बना सकी।

सक्सेस क्रिकेट अकादमी ग्रीन की तरफ से किसन ने 78, राजन ने 73 रन, अमन पाल ने 14 रनो का योगदान किया । सक्सेस क्रिकेट अकादमी रेड की तरफ से अनिकेत सेठी व विवेक पाल 4-4 विकेट लिए व समर प्रताप ने 2 विकेट लिए इस प्रकार सक्सेस क्रिकेट अकादमी रेड ने इस मैच में 17 रन से जीत दर्ज की व इस सीरीज में 2-1से जीत दर्ज की। मैच के उपरान्त पुरस्कार वितरण के दौरान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पुनीत सिंह भोलू, वी- फिकर कंपनी के डायरेक्टर मणि रत्नम पांडे व पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी सचिन सिंह के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया ! मैच में अंपायरिंग सूर्य प्रताप सिंह व शिवम मिश्रा ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की। सूर्य प्रताप सिंह कोच सक्सेस क्रिकेट अकैडमी।

नगर-निगम, महानगर जनकल्याण समिति, राष्ट्रीय सनातन महासंघ तथा गंगा समग्र, महानगर स्वच्छता प्रोत्साहन समिति सेवा संस्थान एवं नारी विकास समिति के सहभागिता मे नवाचार दान प्रदान कार्यक्रम सम्पन्न - संचिता मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात

नगर निगम की कार्य योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों के दृष्टिगत जोन-03 के अन्तर्गत गोल मार्केट, महानगर स्थित पार्किंग सेन्टर के पास "RRR Centre" का आज जोनल अधिकारी जोन-03 अलंकार अग्निहोत्री तथा जितेन्द्र प्रताप सिंह सचिव महानगर विस्तार जनकल्याण समिति की गरिमामय उपस्थित मे,क्षेत्रीय निवासियों एवं क्षेत्रीय पार्षद हरीश चन्द्र लोधी, अनुराधा शर्मा, नीता, रचित के उपस्थिति में प्रारम्भ किया गया। इस अवसर में जोनल अधिकारी जोन-03 महोदय ने RRR centre की भूमिका को दर्शाते जन जागरूकता करते हुए सभी नागरिकों से ÷जो आपने पास अधिक यहाँ छोड़ जाये - जो आपकी जरुरत का हो वह यहाँ से ले जायें" का संदेश दिया। आरआरआर के संचालन के लिये क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्रीमती संचिता मिश्रा ने समस्त व्यवस्थाओं को पूर्ण करते हुये सेन्टर पर 02 कर्मचारियों को ऋऋऋ सेंटर हेतु दानकर्ता - प्राप्तकर्ता का विवरण

संकलन व रख रखाव हेतु तैनात किया गया। इस अवसर पर जोनल सेनेटरी अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार गाँधी ने कहा जो हमारे लिये कूड़ा/बेकार है, वो दूसरे के लिये उपयोगी हो सकता है। इसके साथ ही इस नेक कार्य के सहयोग के लिये राष्ट्रीय सनातन महासंघ के पदाधिकारीगण व सदस्य, गंगा समग्र लखनऊ महानगर स्वच्छता प्रोत्साहन समिति सेवा संस्थान एवं नारी विकास समिति नन्दिनी सोसाइटी लखनऊ के पदाधिकारीगण व सदस्यों द्वारा भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर उपस्थित रहकर आरआरआर सेन्टर में आवश्यक वस्तुएँ दान की मौके पर एसबीएम टीम की तरफ से श्री शबारक अली, लखनऊ स्वच्छता अभियान टीम से शिवेन्द्र, रवि,

अजीत, विशेष, सलमान, सूरज इत्यादि उपस्थिति रहें।

राष्ट्रीय सनातन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह ने नगर-निगम की इस अग्रणी पहल के लिए सुषमा खर्कवाल महापौर, इन्द्रजीत सिंह नगर आयुक्त तथा अन्य अधिकारीगणों की सक्रिय भूमिका के लिए प्रशंसा करते हुए "एक वर्ग की अनुपयोगी वस्तुएं अन्य वर्ग की अवश्यक्ता की आंशिक पूर्ति" हेतू सराहनीय कदम बताते हुए नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने इस विषय को जन जन तक पहुँचाने के लिए सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया की भूमिका तथा ताकत को सबसे महत्वपूर्ण बताया व उनके सहयोगकी अपेक्षा व्यक्त की।

कैसे मनाते हैं जैन परम्परा अनुसार दिपावली

स्वतंत्र प्रभात

(दीपावली पर्व पर विषेष)

सीतापुर भगवान महावीर के निर्वाण से पावन है पावापुरी का जल मन्दिर बिहार के पावापुरी से प्रारम्भ है दीपावली जैन मान्यतानुसार प्राचीन मान्यता के अनुसार हम सदैव से यह सुनते आ रहे हैं कि भगवान रामचन्द्र जी ने लंका से युद्ध में विजय प्राप्त करके वापस अयोध्या लौटे थे, तो अयोध्यावासियों ने सारे नगर को दीपमालिकाओं से सजाकर दीपावली पर्व मनाया था। तब से आज तक दीपावली पर्व उसी स्मृति के स्वरूप में मनाया जाता है। लेकिन आश्चर्य कि बात यह है कि पूजन संध्याकाल में श्री गणेश जी एवं श्री लक्ष्मी की जाती है एवं रामचन्द्र जी को सिर्फ याद किया जाता है। यही इतिहास है। सनातन संस्कृति में आज भी दीपावली पर्व मनाने की यही परम्परा है।

कैसे मनाते हैं जैन परम्परा अनुसार दिपावली

जैन परम्परा के अनुसार प्रातःकाल बच्चे बूढे महिलायें और युवा केशरिया वस्त्र (धोती दुपट्टा) पहनकर के मन्दिरों में जाकर के भगवान महावीर की प्रतिमा के समक्ष सभी लोग निर्वाण लड्डू चढाते हैं, अभिषेक करते हैं, एवं भगवान महावीर की पूजन करते हैं। संध्या में भगवान के मोक्ष जाने की खुशी में अपने अपने घरों में दीप जलाकर के भगवान के निर्वाण कल्याणक की पूजन करते हैं, एवं आपस में मिठाई बांटते हैं।

सरस्वती एवं लक्ष्मी की महापूजा की जाती है

जैन धर्म मे लक्ष्मी का अर्थ होता है निर्वाण और सरस्वती का अर्थ होता केवलज्ञान इसलिये प्रातकाल भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण उत्सव मनाते समय भगवान की पूजा में लड्डू चढाये जाते हैं। भगवान महावीर को मोक्ष लक्ष्मी की प्राप्ति हुई और गौतम गणधर को केवलज्ञान की सरस्वती की प्राप्ति हुई इसलिये लक्ष्मी सरस्वती का पूजन दीपावली के दिन किया जाता है। लक्ष्मी पूजा के नाम पर रुपयों की पूजा भी कहीं कहीं पर की जाती है। कुण्डलपुर दिगम्बर जैन समिति नंद्यावर्त महल के मंत्री श्री विजय कुमार जैन ने बताया कि जैन मान्यता के अनुसार प्राचीनकाल से समाज में यह मान्यता रही है कि जैनधर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी, जिनका जन्म कुण्डलपर (नालंदा) बिहार में हुआ था, उस स्मृति में जैन साध्वी परमपूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ने कुण्डलपुर विकास के अंतर्गत नंद्यावर्त महल की सुन्दर प्रतिकृति बनाकर भगवान के जीवन से अवगत कराया है। भगवान महावीर ने आज से 2550 वर्ष पूर्व पावापुरी के जल मंदिर से कार्तिक कृष्णा अमावस्या को मोक्ष प्राप्त किया था। तभी से दीपावली पर्व मनाया जाता है और भगवान महावीर के निर्वाण जाने के उपलक्ष्य में सारे देश से लोग एकत्र होकर पावापुरी (नालंदा) बिहार पहुंचते हैं निर्वाणलाडू चढ़ाने के लिए एवं जल मंदिर के अंदर रात्रि से ही लोग स्थान ले लेते हैं कि प्रातःकाल स्थान मिलेगा अथवा नहीं मिलेगा, क्योंकि जिन्होंने जल मंदिर को देखा है, वह जानते हैं कि उस जल मंदिर में ज्यादा बैठने का स्थान नहीं है। लोग इसके लिए रात्रिकाल से ही मंदिर प्रांगण में आकर भगवान के निर्वाण की प्रत्यूष बेला में निर्वाणलाडू चढ़ाकर सायंकाल दीपमालिका करके दीपावली पर्व मनाते हैं, जो व्यक्ति भगवान महावीर के इस जल मंदिर तक नहीं पहुंच पाते हैं, वह अपने-अपने नगरों के मंदिरों में प्रातः भगवान महावीर का निर्वाणलाडू चढ़ाकर एवं मंदिर जी में पूजन करके भगवान का निर्वाण उत्सव मनाते हैं एवं उसी दिन सायंकाल अपने-अपने घरों में भगवान की पूजन करके दीपमालिका करके दीपावली पर्व मनाते हैं। समाज का एक वर्ग यह भी मानता है कि आज से लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व जैनधर्म के चैबीसवें अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का निर्वाण होने पर देवताओं द्वारा यहां पर अंतिम संस्कार किया गया। इस पवित्र स्थान की भस्म व मिट्टी को उठाते-उठाते ही एक बड़ा सा गढ्ढा बन गया, जिसने एक विशाल सरोवर का स्थान ले लिया। इस सरोवर में कमल रहने से इसे कमल सरोवर भी कहते हैं। वर्तमान में इस सरोवर की लम्बाई 1451 फुट एवं चैड़ाई 1223 फुट है।

महावीर स्वामी ने इसी जल मंदिर से योग निरोध करके कार्तिक कृष्णा अमावस की प्रत्यूष बेला में मोक्ष प्राप्त किया, उसके पश्चात् सौधर्म इन्द्र आदि सभी देवताओं ने मिलकर उनका निर्वाणकल्याणक महोत्सव मनाया पुनः अग्निकुमार देवों ने स्वर्ग से आकर अपने मुकुट से अग्नि निकालकर भगवान के शरीर का अंतिम संस्कार किया था। वहां पर इन्द्र ने वज्र से भगवान के चरण उत्कीर्ण किये थे, उस विषय में भी पूज्य आचार्य श्री समन्तभद्र स्वामी ने स्वयंभूस्तोत्र में लिखा है-

ककुदं भुवः खचरयोषिदुषितशिखरैरलंकृतः।
मेघपटलपरिवीत तटस्तव लक्षणानि लिखितानि वज्रिणा।।127।।
वहतीति तीर्थमृषिभिश्च, सततमभिगम्यतेड्य च।
प्रीतिविततहृदयैः परितो, भृशमूर्जयन्त इति विश्रुतोडचलः।।128।।

पावापुरी सरोवर के मध्य मणिमयी शिला से भगवान के मोक्ष जाने के बाद इन्द्रों ने वज्र से यहां पर भी चरणचिन्ह उत्कीर्ण करके इस शिला को सिद्धशिला के समान पूज्य पवित्र बनाया था। तब से आज तक उस क्षेत्र में जाने वाला व्यक्ति यही मन में एक धारणा लिये रहता है कि भगवान महावीर के परमाणु आज भी इस मिट्टी में विद्यमान हैं। कोई-कोई व्यक्ति यह भी कहता है कि भगवान के मोक्ष जाने के समय स्वयंमेव ही जल मंदिर में लगा छत्र कुछ क्षण के लिए हिलने लग जाता है। पावापुरी का जल मंदिर कमलों से भरा हुआ अत्यन्त ही रमणीय एवं सुन्दर प्रतीत होता है।

दीपावली पर्व नूतन वर्ष का आगमन लेकर भी अपने साथ आता है। आज भारत

देश में वीर निर्वाण संवत्, विक्रम संवत्, शालिवाहन शक और ईसवी सन् प्रचलित है। इनके प्रथम दिवस को वर्ष का प्रथम दिन मानकर नववर्ष की मंगल कामनाएं की जाती हैं। जैन धर्मानुयायी महानुभावों को किस संवत् का कौन सा दिवस नववर्ष का मंगल दिवस मानना चाहिए ? इस विषय पर विचार करना चाहिए। वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति के अनुसार लोग जनवरी से नव वर्ष मनाने लग गये, लेकिन प्राचीन मान्यता के अनुसार व्यापार में जो बही और खाता लिखने की परम्परा रही है, वह दीपावली के अगले दिन से ही नव वर्ष मानते हैं। आज भी यह परम्परा साकार है। लोग अपने प्रतिष्ठानों में पूजन करने के पश्चात् नवीन बही पर स्वस्तिक बनाकर रखते हैं एवं इस दिन को ही नव वर्ष मानते हैं।

जो उसी दिन रात्रि में नूतन बही पूजन के समय लक्ष्मी और गणेश की पूजा की प्रथा है, उसमें भी रहस्य है। उसी दिन पावापुर में भगवान महावीर स्वामी के मोक्ष जाने के बाद सायंकाल में श्री गौतम गणधर को केवलज्ञान प्रगट हुआ था, तत्क्षण ही इन्द्रों ने आकर उनकी गंधकुटी की रचना करके उनके केवलज्ञान की पूजा की थी। 'गणानां ईशः गणेशः, गणधरः' ये पर्यायवाची नाम श्री गौतम स्वामी के ही हैं। सब लोग इस बात को न समझकर गणेश और लक्ष्मी की पूजा करने लगे। वास्तव में गणधर देव की, केवलज्ञान महालक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। खासकर जैनों को तो यही कार्तिक शुक्ला प्रतिपदा का नूतन वर्ष मानना चाहिए। इसी दिन से तिथि दर्पण व कैलेण्डर छपाना चाहिए। दीपावली खुशियों का एवं परस्पर प्रेम, सौहार्द्र व पारिवारिक पर्व है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति बहुत ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाता है एवं जो व्यक्ति बाहर भी रहते हैं वह इस त्योहार को मनाने के लिए अपने परिवार में लौट आते हैं। भारतीय संस्कृति में दीपावली पर्व का विशेष महत्व है। प्रकाश के इस पर्व पर आप सभी अपने-अपने जीवन में आगे बढ़िए, इन्हीं कामनाओं के साथ शुभ दीपावली।

कुण्डलपुर तीर्थ पर मनाते हैं दीपावली

कुण्डलपुर नंद्यावर्त महल तीर्थ पर भी प्रतिवर्ष भगवान महावीर के निर्वाण जाने के उपलक्ष्य में सभी जैन श्रद्धालु बडी संख्या में उपस्थित होकर के भगवान के चरणों में 11 किलो का बडा निर्वाण लाडू चढाते हैं एवं भगवान की उचाई के बराबर श्वेत वर्णी प्रतिमा का अभिषेक केशरिया वस्त्र पहनकर के करते हैं एवं महिलायें बच्चे सभी मिलकर के भगवान की भक्ति भाव से पूजन करते हैं, रात्रि में सारे परिसर में दीप मालिका की जाती है। इस प्रकार से प्रतिवर्ष दीपावली का पर्व मनाते हैं।

दीपांजलि 2024 का हुआ भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां सीतापुर महमूदाबाद रोड स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में दीपावली के पर्व के उपलक्ष्य में "दीपांजलि 2024" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसका का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीओ बिसवां सतीश शुक्ल तथा विद्यालय प्रबंधक मोहित जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए स्कूल की ओर से दिवाली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लक्ष्मी-गणेश पूजन और प्रार्थना के साथ हुआ। छात्रों की ओर से दी गई अद्भुत प्रस्तुतियों ने अंधेरे पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की भावना पैदा की। बच्चों के लिए रंगोली, दीया डेकोरेशन, थाली डेकोरेशन, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, प्रबंधक मोहित जायसवाल, प्रिंसीपल डॉ मंजू सिंह सिकरवार ने विद्यार्थियों को प्रेरित कर संदेश दिया कि हमारा भाग्य हमारे कर्मो से परिभाषित होता है और इसलिए हमें जीवन में हमेशा सही काम करने चाहिए। हमें हमेशा

भगवान राम से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने मन के अंधकार को दूर करने के लिए ज्ञानरूपी प्रकाश का दीपक जलाना चाहिए कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के बच्चों द्वारा रामलीला का मंचन तथा महिषासुर मर्दन तथा बच्चों के अभिवावकों द्वारा किया गया डांडिया नृत्य रहा। गौरतलब है कि विद्यालय प्रशासन द्वारा इस बार दीपावली के शुभ अवसर पर बच्चों के साथ- साथ उनके माता-पिता व अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था।

विद्यालय आये अभिभावकों ने बताया कि यह विद्यालय द्वारा की गई अच्छी पहल है इससे माता-पिता को भी कुछ क्षण के लिए अपने बालपन की याद आ गई।विद्यालय के एक अभिभावक युगल ने अपने नृत्य से उपस्थित दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रशासन द्वारा इस बार श्रेष्ठ अभिभावक नृत्य, श्रेष्ठ परिधान ,के लिए अभिभावको को पुरस्कार विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ मंजू सिंह सिकरवार ने दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य प्रखर शुक्ल के निर्देशन में कोऑर्डिनेटर शाश्वत पांडेय, शिक्षक नेहा, अंकुश वर्मा, आर्यमान सिंह, मीर शेखावत अली, नेहा अलमीन, रुश्दा अनुराग, प्रशांत, पुष्पेंद्र, कादिर, सौरभ, अवनीश, अमित, पूर्णिमा, प्रभात, संध्या, अनुराग, पवन, पारुल, सुबूही, मेहविश, अरीबा, दीपाली, लक्ष्मी, तृप्ति शिवांगी, वैशाली, सचिन का विशेष योगदान रहा।

संक्षिप्त ख़बरें

कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ने थामा भाजपा का हाथ

विंढ़मगंज सोनभद्र । पड़ोसी राज्य झारखंड के विधानसभा भवनाथपुर सीट जेएमएम को दिये जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता मानस सिन्हा ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने का घोषणा करते हुए अपना इस्तीफा कांग्रेस पार्टी आला कमान के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को सौंप दिया है। और आज कार्यकर्ताओं के हुजूम के साथ मानस सिंह ने भाजपा के दामन थाम लिया।

राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच जिलाध्यक्ष सोनभद्र के तत्वाधान में हो रहा है सफाई

सोनभद्र/घोरावल स्थानीय तहसील में स्थित अति प्रसिद्ध लोकप्रिय धर्मस्थल शिवद्वार धाम पर राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच जिलाध्यक्ष सोनभद्र आदरणीय विनीत तिवारी जी के सकुशल नेतृत्व में मंगलवार को सुबह 8ः30 बजे देव दीपावली महापर्व को दृष्टिगत साफ सफाई किया गया बताते चले 28 वर्ष के युवा नेता विनीत तिवारी जी लंबे समय से पर्यटक विकाश, सामाजिक, धार्मिक, ऐतिहासिक आम जनमानस के समस्याओं को लेकर उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में संबंधित मंत्री एवं प्रशासनिक सचिव से अपने जिले के लिए मांग करते रहते हैं मंगलवार को कार्तिक कृष्ण पक्ष धनतेरस के दिन युवा अधिकार मंच जिलाध्यक्ष सोनभद्र विनीत तिवारी अपने सहयोगियों एवं सफाई कर्मचारियों को लेकर साफ सफाई किए रिपोर्टिंग के दौरान विनीत तिवारी द्वारा बताया गया कि धर्मस्थल शिवद्वार जनपद सोनभद्र का लोकप्रिय धर्मस्थल है जहा साफ सफाई के संबंध में डीपीआरओ महोदय सोनभद्र से मेरी बात हुई जिसके फलस्वरूप एडीओ पंचायत घोरावल ने 6 सफाई कर्मचारियों को भी नियुक्त किए जिसके लिए डीपीआरओ सोनभद्र को दिल के गहराइयों से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं साफ सफाई कार्यक्रम में राजेंद्र पाल, अमित मिश्रा, मुरारी, अरविंद, मनीष, सियाराम आदि सामाजिक व्यक्ति के साथ अन्य सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर पुलिस अधीक्षक द्वारा लौह पुरुष के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया

पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता व सुरक्षा बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी, रन फॉर युनिटी का किया गया आयोजन।

सोनभद्र। दिनांक 31अक्टूबर 2024 को दीपावली त्यौहार पड़ने के फलस्वरुप शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में दिनांक-31 अक्टूबर के स्थान पर दिनांक-29 अक्टूबर, 2024 को अत्यंत भव्यता के साथ गरिमापूर्वक आयोजित किये जायें। शासन के निर्णय के क्रम में आज दिनांक 29 अक्टूबर2024 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को "राष्ट्रीय एकता दिवस"के रुप में मनाया गया एवं उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुलिस लाइन/कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाए रखने सम्बन्धित शपथ दिलाई गयी।राष्ट्रीय एकता दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह द्वारा पुलिस लाइन मुख्य द्वार से मिनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मिनी मैराथन में पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालय में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया गया । इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रतिसार निरीक्षक एवं पुलिस लाइन/कार्यालय में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त जनपद सोनभद्र के समस्त थानों पर भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को ''राष्ट्रीय एकता दिवस÷ के रुप में मनाया गया व उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को शपथ दिलाई गयी।

जनपद में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती हर्षोल्लास से साथ मनायी गयी

● कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों/कर्मचारियों को दिलायी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ

वहीं थाना बाजार शुक्ल में थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने समस्त पुलिस स्टाफ को सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता अखंडता की दिलाई शपथ

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में जनपद में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों तथा जनसामान्य को राष्ट्र के प्रति एकता एवं अखण्डता की शपथ दिलाते हुए कहा कि "मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ"। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने लौह पुरूष की जयंती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यद्यपि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर को है लेकिन शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आगामी 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली का त्यौहार एवं अवकाश होने के कारण आज ही हम सब सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, डिप्टी आरएमओ राजेश्वर सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। इसी कड़ी में शुकुल बाजार थाना परिसर में थाना अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने समस्त पुलिस स्टाफ को सत्य निष्ठा राष्ट्र की एकता अखंडता की शपथ दिलाई।

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया धनतेरस, दीपावली का पर्व

स्वतंत्र प्रभात

लालगंज,रायबरेली- शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेंद्र सरस्वती नगर, लालगंज में मनाया गया धनतेरस, दीपावली का पर्व । कार्यक्रमों की प्रथम कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्या शिवांग अवस्थी ने मां लक्ष्मी गणेश व धन कुबेर जी की पूजा अर्चना व आरती कर दिये जलाये, तत्पश्चात छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। साथ ही छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक झांकियों का मंचन किया गया, इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात निम्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, दीया डेकोरेशन, बंधन तोरण बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। और सभी बच्चों को मिट्टी की दिए बनाने की कौशल कार्यशाला एवम्, नृत्य एवम् गायन का आयोजन किया।

उक्त कार्यक्रमों में झाँकी में भाग लेने वाले कुबेर के रूप में अक्षित कक्षा-1,गणेश के रूप में दिव्यांश कक्षा- 1, लक्ष्मी माता के रूप में आद्या पांडे कक्षा- 4, राम के रूप में अनन्त ,लक्ष्मण के रूप में काव्यांश कक्षा-3, सीता के रूप में अंशिका कक्षा- 4 , ने मनमोहन झांकियों का यथार्थ मंचन किया। कक्षा-6-7 के छात्राओं ने समूह नृत्य, प्री प्रारमरी विंग की छात्राओं ने मनमोहक ग्रुप नृत्य किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम जी के जीवन पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए, और बच्चों के साथ मिलकर सभी ने विद्यालय परिसर में दिए जलाएं। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य के उद्बोधन से हुआ, जिसमे प्रधानाचार्य ने भगवान राम के संघर्षमई जीवन के बारे बताया और सभी बच्चों एवम स्टाफ को धनतेरस, दीपावली, भाईदूज की अग्रिम शुभकामनाएं दी। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवम् अभिभावक उपस्थित रहे ।

शिक्षक ने छात्रा से अमर्यादित व जातिसूचक शब्दों का किया प्रयोग

स्वतंत्र प्रभात

डलमऊ रायबरेली-बच्चों को शिक्षा देने वाले जब गुरु ही अमर्यादित शब्द बोलेंगे तो शिक्षा कैसे देते होंगे यह सोचने वाली बात होगी।मामला कस्बे के एक इंटर कॉलेज का है जहां स्कूल पढ़ने गई छात्रा के साथ अभद्रता व जाति सूचक शब्दों के प्रयोग कर दंडित किए जाने के मामला सामने आया है।मां के द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।मुराई बाग के श्री भागीरथी इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली एक छात्रा की मां माधुरी देवी ने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी बेटी सोमवार को स्कूल पढ़ने के लिए गई हुई थी।वह अपनी अन्य दो सहेलियों के साथ कक्षा से पानी पीने के लिए नल पर चली गई जब वहां से वापस आई तो शिक्षक के द्वारा उसे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया गया।यही नहीं छात्रा को पूरे घंटे कक्ष से बाहर खड़ा कर दिया गया जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गई। छात्रा घर जाकर माँ से आप बीती बताई।छात्रा की मां माधुरी देवी ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल पवन कुमार सोनकर ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है।वही विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास शर्मा ने बताया कि घटना के दिन वह विद्यालय में नहीं थे कोर्ट गए हुए थे आज शिकायत की जानकारी हुई है। इस संबंध में शिक्षक से पूछताछ की जाएगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मामले में कुछ कथित लोग गुरु जी व थाने से सेटिंग गेटिंग करके मामले को दबाने में लगे हुए है।

धनतेरस पर गुलजार रहे बाजार लोगों ने जमकर की खरीदारी

● सड़कों पर लगा रहा मेला सोना चांदी के आभूषण और बर्तन सहित वाहनों की जमकर हुई बिक्री

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी। धनतेरस के अवसर पर पुर अमेठी जनपद में जमकर लोगों ने खरीदारी की सभी प्रमुख बाजारों में मेला जैसा लग रहा सोना चांदी के आभूषण बर्तन सहित वाहनों की जमकर बिक्री हुई कहते हैं धनतेरस पर लोग सोना चांदी के आभूषण बर्तन और वहां की खरीदारी को शुभ मानते हैं और इसी के चलते इस बार सभी बाजार गुलजार नजर आए धार्मिक ग्रंथो के अनुसार कार्तिक माह पूर्णिमान्त की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन समुद्र-मंन्थन के समय भगवान धन्वन्तरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए थे, इसलिए इस तिथि को धनतेरस या धनत्रयोदशी के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार ने धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है वहीं

कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी

जैन आगम में धनतेरस को 'धन्य तेरस 'या 'ध्यान तेरस 'भी कहते हैं। भगवान महावीर इस दिन तीसरे और चौथे ध्यान में जाने के लिये योग निरोध के लिये चले गये थे। तीन दिन के ध्यान के बाद योग निरोध करते हुये दीपावली के दिन निर्वाण को प्राप्त हुये। तभी से यह दिन धन्य तेरस के नाम से प्रसिद्ध हुआ। धन्वन्तरि जब प्रकट हुए थे तो उनके हाथो में अमृत से भरा कलश था। भगवान धन्वन्तरि चूँकि कलश लेकर प्रकट हुए थे इसलिए ही इस अवसर पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। कहीं कहीं लोकमान्यता के अनुसार यह भी कहा जाता है कि इस दिन धन वस्तु खरीदने से उसमें तेरह गुणा वृद्धि होती है। इस अवसर पर लोग धनियाँ के बीज खरीद कर भी घर में रखते हैं। दीपावली के बाद इन बीजों को लोग अपने बाग-बगीचों में या खेतों में बोते हैं।

आयुर्वेद के जनक श्री धन्वंतरि की जयंती मनाई गई

● -कनोडिया औषधालय में हुआ पूजन का आयोजन।

-अधिष्ठाता विजय कनोडिया रहे मुख्य यजमान।

-श्री बैजनाथ आयुर्वेद भवन एक कंपनी प्रतिनिधियों ने साहित्यकरो, पत्रकारों, चिकित्साको किया सम्मानित।

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र-जनपद मुख्यालय सोनभद्र नगर मे श्री बैधनाथ आयुर्वेद भवन एंव कानोडिया औषघालय के संयुक्त तत्वाघान मे श्री घनवन्तरी जयन्ती मनायी गयी ।आचार्य कृपा शंकर पाण्डेय द्वारा विधिवत पूजन प्रतिष्ठढ़न के आधिष्ठाता यजमान विजय कानोडिया द्वारा कराया गया।वरिष्ठ साहित्यकार दीपक कुमार केसवानी ने उपस्थित अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि-÷विश्व की सबसे प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद है, जिसके जनक भगवान धन्वंतरि थे, हर युग में इस चिकित्सा पद्धति का महत्व रहा है और तमाम पद्धतियां वर्तमान समय में विकसित हो जाने के बावजूद भी आज भी आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का कोई जवाब नहीं है, आयुर्वेदिक दवाएं बिना शरीर को हानि पहुंचाये अपना असर दिखाती हैं और असाध्य रोगों को जड़ से ठीक करती है। कम्पनी प्रतिनिधि रितेश जायसवाल नेआये हुए सभी अतिथियो का स्वागत करते हुए कहा कि-"श्री वैद्यनाथ आयुवेद भवन विश्व की सबसे प्राचीन आयुर्वेद कम्पनी है, कंपनी द्वारा अथर्ववेद, आयुर्वेदिक पद्धति पर आधारित 100 से अधिक गुणवत्तापूर्ण औषधियों का निर्माण किया जाता है।

डा के0 के0 सिंह ने कहा कि-"आयुर्वेद मे त्रिफला अमृत है, जिससे तमाम रोगों से बचा जा सकता है। श्रीबैजनाथ भवन कंपनी के प्रतिनिधि रितेश जायसवाल, इंद्र कुमार दुबे कनोडिया औषधालय के अधिष्ठाता विजय कनोडिया, पंकज कनोडिया ने श्री धन्वंतरि जयंती पूजन के अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकर दीपक कुमार केसरवानी, पत्रकार विनय सिंह, अमित मिश्रा, विमल अग्रवाल, सुरेंद्र त्रिपाठी, मुनि महेश शुक्ला सहित अन्य साहित्यकारों, पत्रकारों, चिकित्साको, हकीमो को उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। औषधालय के सहयोगी पंकज कनोडिया ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विनोद कनोडिया, नीरज कनोडिया,इन्देसेन सिंह, प्रशान्त शुक्ला, बालेशवर सिह, डॉ संजय सिह, सुशील कनोडिया, प्रतिभा कनोडिया, अनीता कनोडिया, निक्की कनोडिया, वैघ चक्रधारी शुक्ला, सुयश कानोडिया, संस्कार कानोडिया, अनिल सिंह, संस्कार, रविन्द्र सिंह, बालेश्वर सिंह आदि विशिष्टजन उपस्थित रहे।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

अमेठी – जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत 65 बच्चों द्वारा मॉडल प्रस्तुत किया गया एवं प्रति विकास खंड 5-5 बच्चों द्वारा क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। मॉडल प्रस्तुतीकरण के विजेता पांच बच्चों क्रमशः समर यूपीएस इस्माइलपुर (पर्यावरण संबंधी चिंताएं), एकता यादव यूपीएस नारायणपुर भादर (समेकित कृषि), शुभी यूपीएस जलामा शाहगंज (ज्वालामुखी), आंचल यूपीएस सातन पुरवा सिंहपुर (स्मार्ट एग्रीकल्चर), राजकुमारी कंपोजिट विद्यालय नीमपुर शुकुल बाजार (वायुदाब का प्रभाव) में मॉडल प्रस्तुत किए जाने पर टैबलेट एवं क्विज प्रतियोगिता में विजेता पांच बच्चों जिनमें ऋतु यूपीएस दारानगर शुकुल बाजार, आकांक्षा यूपीएस जलामा शाहगढ़, रितु कुमारी केजीबीवी शुकुल बाजार, अर्जुन कंपोजिट विद्यालय जनापुर तिलोई, श्वेता कंपोजिट विद्यालय पचेहरी को विज्ञान किट पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई, अन्य प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को बैग स्टेशनरी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। मूल्यांकन का कार्य डायट प्रवक्ता एवं जीआईसी प्रवक्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण, समस्त एसआरजी एवं गणित विज्ञान के एआरपी उपस्थित रहे।

सरस्वती शिशु मन्दिर शिवगढ़ में धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव पर्व

● रंगोली प्रतियोगिता में भैया बहनों ने दिखाई प्रतिभा

स्वतंत्र प्रभात

शिवगढ़,रायबरेली। क्षेत्र के सरस्वती शिशु मन्दिर इण्टर कॉलेज शिवगढ़ में दीपोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। दीपोत्सव पर्व एवं रंगोली प्रतियोगिता विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवपाल यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें भैया बहनों ने टीम कैप्टन अर्थ अवस्थी, काव्या, उर्वशी, साक्षी पाण्डेय, साधना, शगुन शुक्ला, प्रियांशी, नंदिनी मौर्या, हार्दिक, महिमा, सोहनी, सृजल, सुरभि अवस्थी के नेतृत्व में आकर्षक एवं प्रेरणादायक रंगोलिया बनाकर उन पर मिट्टी के दिए जलाकर प्रकाश पर्व का संदेश दिया। भैया बहनों द्वारा बनाई गई रंगोलिया का निर्णायक मण्डल ने मूल्यांकन कर उन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्रदान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित धर्म रक्षा जिला संयोजक रामजी जायसवाल, शिवगढ़ खण्ड सह संयोजक अंगद राही, प्रधानाचार्य शिवपाल यादव द्वारा भैया बहनों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भानु यादव, शैलेंद्र, अंकित वर्मा, महादेव, आलोक वर्मा, आचार्या बहन किरन त्रिवेदी, अपूर्वा त्रिपाठी, आकांक्षा शुक्ला, किरनपाल, मांशी, विभा सिंह, सिद्धि सिंह अर्चना आदि लोगों ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। प्रधानाचार्य शिवपाल यादव ने भैया बहनों को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व भगवान श्रीराम के 14 वर्ष बाद अयोध्या वापस लौटने की खुशी में मनाया जाता है, दीपावली का पर्व अज्ञानता रूपी अंधकार को मिटाकर ज्ञान रूपी प्रकाश का संदेश देता है, उन्होंने कहा कि लिए संकल्प ले अंधकार को क्यों धिक्कारें, अच्छा है एक दीप जलाएं। वहीं विद्यालय के प्रबन्धक हरिशंकर पाण्डेय ने सभी से अपील करते हुए कहाकि एक दीपक भारत माता के वीर शहीद सपूतों के नाम अवश्य जलाएं।

कोन पुलिस ने 02 पशु तस्करों को किया गिरफ्तार, 16 राशि गोवंश (बैल) बरामद

स्वतंत्र प्रभात

सोनभद्र। अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों व गौ-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना कोन पुलिस द्वारा दिनांक 28 अक्टूबर 2024 को थाना क्षेत्र के ग्राम निगाई टोला गईयाबथान से झारखण्ड के रास्ते बिहार राज्य होते हुए पंडुआ पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जा रहे 16 राशि गोवंश (बैल) के साथ 02 नफर अभियुक्त 01. नूर मोहम्मद पुत्र जाकिर अली निवासी कुड़वा पड़रछ थाना कोन जनपद सोनभद्र, 02. जालिम प्रसाद पुत्र राजाराम निवासी नौडीहा थाना कोन जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोन पर मु0अ0सं0- 119/2024 धारा 3/5/8 उ0प्र0 गौ हत्या निवारण अधिनियम व धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

हेलो स्कूल आफ एक्सीलेंश के बच्चो ने इको फ्रेन्डली दीपावली मनाने का लिया संकल्प

● - लघु नाटक कर दिये जलाओ पटाखे नही का दिया संदेश

- रंगारंग कार्यक्रम के साथ किया दीपावली सेलिब्रेट

-दिया डेकोरेषन प्रतियोगिता में सोहम अग्रवाल रहे अव्वल

स्वतंत्र प्रभात

ओबरा-सोनभद्र। दीपावली पर पटाखे जलाने पर होने वाले प्रदुषण से बचने के लिये बच्चो ने दिये जलाओ पटाखे नही पर लघु नाटक प्रस्तुत किया। श्रेयाष यादव, रूद्र, रिषभ, बेलाल, जुहैब व अहान ने लघु नाटक प्रस्तुत कर दीपावली पर होने वाले प्रदुशण पर लोगो को आगाह किया साथ ही दीपावली पर बिना पटाखो के ही इको फ्रेडली पर्व मानने का संकल्प लिया। दीपावली पर दिये जलाओ पटाखे नही का संदेष दिया। समारोह में गुलप्सा, रिया, सना, शौम्या, अराध्या, अक्षिता थापा, ने शुभ दिन आयो रे पर नृत्य प्रस्तुत कर वाह वाही लूटी। शहर मण्डल, काजल, आयुषी, अक्षिता थापा, इल्मा, आदि ने आज गली मली अवध सजायेगे, राम आयेगे नृत्य प्रस्तुत कर लोगो को भक्तिरस में डूबो दिया,। आयी है दिवाली सुनो घरवाली गीत पर दिव्यासी अग्रवाल, मान्यता अग्रवाल, रूही, तृसा, आफिया, दृषा ,योगेश, शान बाबू, आर्यन, अराध्या, दृषान्त त्रिपाठी, महताब, पाथ, रेहान, सरस्वती लक्ष्मी आयुसी आदि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत का लोगो को तालिया बजाने पर मजबूर कर दिया,इस अवसर पर दिया डेकोरेषन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें कक्षा एक में शहर मण्डल प्रथम, दर्शिका द्वितीय तथा भारत तीसरा स्थान अर्जित किया वही कक्षा दो में रूद्र प्रथम, सोहम द्वितीय व सना तीसरे स्थान पर रही। कक्षा तीन में अक्षिता थापा प्रथम, अरनव द्वितीय व प्रिंस तीसरा स्थान अर्जित किया। कक्षा चार में रूही प्रथम, गुलफ्सा द्वितीय तथा मो बेलाल तीसरे स्थान पर रहे।अन्त में बच्चो में फूलो की रंगोली व दिये जलाकर दिपावली सेलिब्रेट किया। शिक्षिका बाबी राय, आरती , आशा, ने बच्चो को समझाया कि हमें प्रकृति और अपने आस पास के पर्यावरण को अनुकूल बनाना है तथा उन्हे संरक्षित करने का काम भी हमारा है। दीपावली पर भारी मात्रा में पटाखा जलाने से पर्यावरण में प्रदुशण का स्तर काफी बढ जाता है इस लिये हमें दीपावली पर पटाखे जलाने के बजाय रंगोली व दिये जला कर इको फ्रेडली दीपावली मनाना चाहिये। शिक्षिका ज्योति ने कहा कि सोनभद्र में सामान्य परिस्थितियों में भी प्रदुशण का स्तर खतरनाक स्तर पर है इसलिये हमें लोगो के स्वास्थ्य का ध्यान रखते इस दीपावली पर प्रदुशण रहित दीपावली मनानी चाहिये। प्रधानाचार्य नाहिद खान ने कहा कि एक तरफ हम स्वच्छ भारत मिषन को अमल में लाने की बात करते है वही दुसरी ओर हम पटाखो को फोड कर हम वातावरण को प्रदुशित कर रहे है। कई हजार टन पटाखो का कूडा हम दीपावली के दिन देष भर में फैला देते है। यह पटाखो का जहरीला कूडा जब जमीन में धंस जाता है तो मिट्टी प्रदुशित हो जाता है और जलने के बाद धुआ से वायु व फूटने के बाद ध्वनि प्रदूशण होता है। वही जब जला हुआ जहरीला कूडा जब नदियों में जाता है तो जल प्रदूशण फैलाता है। पटाखो का प्रयोग सबसे ज्यादा बच्चे ही करते है इस लिये सबसे ज्यादा असर बच्चो पर ही पडता है। बाद में यही पटाखे कई प्रकार के इंफेक्षन व बिमारियो के कारण बनते है। श्रीमती खान ने कहा कि हम पटाखों की बजाए बलून या रंगीन कागज के गुब्बारों से बच्चों को खेलना सिखाएं। वे इन्हें फुलाकर एक दूसरे के साथ फोड़कर मजे कर सकते हैं. यह एक क्रिएटिव और मजेदार तरीका हो सकता है. खुशियों को सेलिब्रेट करने के लिए लोग घरों में अल्पना, रंगोली बनाते हैं, लाइटिंग करते हैं, नए कपड़े पहनकर पूजा पाठ करते हैं। वहीं शाम को मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा की जाती है. दिवाली पर तोहफे देने की परंपरा भी होती है। आप लोगों को हैंडमेड गिफ्ट्स देकर दीपावली सेलिब्रेट करे।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

हमीरपुर- अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिला निर्वाचन अधिकारी श्री घनश्याम मीना की अध्यक्षता में शुभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन राजकीय बालिका इण्टर कालेज, हमीरपुर में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्त छात्र/छात्राओं को मतदान की महत्ता एवं मतदाता के रूप में स्वयं एवं अपने परिवारीजनों को पंजीकरण कराये जाने पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देष दिये गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देषित किया गया कि समस्त विद्यालय अपने यहां मतदाता पंजीकरण कक्ष की स्थापना जरूर करें एवं यदि कोई छात्र/छात्रा आवेदन करना चाहता है तो आनलाइन माध्यम से आवेदन अपने विद्यालय में ही करे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री विजय शंकर व एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ने छात्र/छात्राओं को अवगत कराया कि वह फार्म-6 के माध्यम से अपना एवं अपने परिवारीजनों के नाम परिवर्धित, फार्म-7 के माध्यम से अपमार्जन एवं फार्म-8 के माध्यम से संषोधन कर सकते हैं। श्री तिवारी द्वारा समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराया गया कि वह यदि 01.01.2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं तो अपना नाम मतदाता सूची में आवष्यक रूप से दर्ज करायें। कोई भी मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने से ना चुकें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री जलीस खान द्वारा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में समस्त उपस्थितजनों को अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं के द्वारा गीत के माध्यम से मतदान की महत्ता के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री विजय शंकर तिवारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, डॉ0 नागेन्द्र नाथ यादव अपर जिलाधिकारी न्यायिक, श्री पवन प्रकाश पाठक उप जिलाधिकारी सदर, श्री रविन्द्र पाल सिंह, तहसीलदार सदर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर मनाई गई सरदार पटेल की जयंती दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात

हमीरपुर- लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर हमीरपुर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक के नेतृत्व में कुरारा ब्लाक का रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, मंडल अध्यक्ष मोहन कुशवाहा, रामविलास श्रीवास, दिनेश द्विवेदी, अखिलेश गौर, अवधेश गुप्ता, हर नारायण सिंह,अभिषेक त्रिपाठी, शिवम गुप्ता, शिवांक द्विवेदी, विराट सोनकर आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए वहीं भरुआ सुमेरपुर में भाजपा जिला मंत्री संतराम गुप्ता के नेतृत्व में सुमेरपुर पूर्वी मंडल भाजपा के महामंत्री एड. शरद चंदेल, अभिनव तिवारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी हमीरपुर, ओमेश सिंह, मीनू तिवारी, दिगपाल चंदेल,श्याम धुरिया, मोहित साहू, अमित सिंह चुनमुन, रणवीर सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम संपन्न हुआ वहीं जिला प्रशासन हमीरपुर एवं जिला खेल कार्यालय हमीरपुर द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी दौड़ कार्यक्रम में हमीरपुर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने कहा कि एकात्मकता के लिए दौड़ अति आवश्यक है और राष्ट्रीय एकता दिवस पर हमीरपुर क्रिकेट स्टेडियम में लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी को श्रद्धांजलि दी एवं बच्चों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलवायी तत्पश्चात रन फॉर यूनिटी के लिए हरी झंडी दिखायी, जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक महेश गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रतन साहू एवं नगर के भाजपा पदाधिकारी एवं स्कूल का स्टाफ व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

जनपद में भव्यता के साथ मनाया गया नवम आयुर्वेद दिवस का कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात

हमीरपुर- आज जनपद में नवम आयुर्वेद दिवस का कार्यक्रम ÷वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार÷ थीम के साथ कलेक्ट्रेट परिसर में भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर आयुर्वेद चिकित्सा ,यूनानी चिकित्सा एवं होम्योपैथी चिकित्सा से संबंधित स्टॉल लगाए गए इन सभी स्टॉलों का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया तथा चिकित्सा व्यवस्था व सेवाओं आदि के बारे में पूछताछ की तथा जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर बच्चों द्वारा योगासन के विभिन्न मुद्राओं का प्रस्तुतीकरण किया गया जिस पर जिलाधिकारी ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र / प्रमाण पत्र वितरित किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने लोगों को आयुर्वेद दिवस की बधाई देते हुए आयुर्वेद को जीवन में अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आज के वातावरण में नई-नई बीमारियां यथा कोरोना मानव जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रही हैं, इन बीमारियों को रोकने हेतु हमें अपने जीवन में आयुर्वेद को अपनाना चाहिए । उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी के रोकथाम में आयुर्वेद सबसे ज्यादा प्रभावी रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में किसी भी बीमारी को जड़ से खत्म करने की क्षमता होती है तथा इसका किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट भी नहीं होता । कहा कि आयुर्वेद का प्रभावी ढंग से प्रचार प्रसार कर लोगों को आयुर्वेद अपनाने हेतु प्रोत्साहित किया जाय। आयुर्वेद दिवस के मौके पर आयोजित इस स्वास्थ्य कैम्प में आए सैकड़ो लोगों को निशुल्क औषधियाँ वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान ने किया । इस मौके पर एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्रनाथ यादव, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ निरेन्द्र बहादुर सिंह, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ रवीद्र प्रताप सिंह तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

धनतेरस पर नवीन मार्केट में खरीदारी करने लोगों की उमड़ी भीड़

● -नवीन मार्केट में जमकर हुई कपड़ों की खरीदारी

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। वैसे तो पूरे महानगर में आज सभी बाजार गुलजार रहे लेकिन नवीन मार्केट में खरीदारी के लिए उमड़ी भीड़ से दुकानदार काफी खुश नज़र आए। आज नवीन मार्केट में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहा और मार्केट के बाहर ही पार्किंग की व्यवस्था की गई। धनतेरस का दिन खरीददारी वाला दिन माना जाता है और आज के दिन लोग, गणेश लक्ष्मी, खील, खिलौने, लैया गट्टा के साथ जम कर वर्तनों और कपड़ों की खरीदारी करते हैं। इसी वजह से आज नवीन मार्केट में जमकर कपड़ों की तैयारी की गई। हिंदू मुस्लिम सभी धर्म के लोग खरीददारी करते दिखाई दिए।

सीसामऊ उपचुनाव में प्रशासन जबरन सपा कार्यकर्ताओं पर झूठें मुकदमें लाद रहा है - सुनील साजन

● -सुनील साजन ने चमनगंज थाना इंचार्ज दिनेश सिंह पर अपने आप को मुख्यमंत्री का रिश्तेदार बताकर सपा कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करने का लगाया आरोप।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। जितेन्द्र सिंह विशेष संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा सीसामऊ उपचुनाव में सपा के चुनाव प्रभारी सुनील कुमार साजन ने आरोप लगाया है कि सीसामऊ विधानसभा का उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी नहीं कानपुर का प्रशासन लड़ रहा है। सुनील साजन ने नवीन मार्केट में एक प्रेस वार्ता में कहा कि चमनगंज थाना इंचार्ज दिनेश सिंह अपने आप को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रिश्तेदार बताते हैं और कहते हैं कि उन्हें चुनाव कराने के लिए भेजा गया है। सुनील साजन ने कहा कि चमनगंज थाना प्रभारी सपा कार्यकर्ताओं को धमकी दे रहे हैं और जबरन उनको झूठे केस में फंसाया जा रहा है। लेकिन हम फिर भी डट कर मुकाबला कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सभी जानते हैं कि सोलंकी परिवार कितना प्रतिष्ठित परिवार है और जानबूझ कर इरफान सोलंकी को फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन संविधान के दायरे में रहकर काम करे जिससे कि निष्पक्ष चुनाव हो सके। सपा प्रवक्ता सुनील साजन ने कहा कि कल हम लोग बहुत सी शिकायतें लेकर चुनाव आयोग के पर्यवेक्षक के पास जा रहे हैं और बताएंगे का किस तरह से कानपुर केस्को, नगर निगम तथा जिला प्रशासन मिलकर सपा कार्यकर्ताओं पर फर्जी केस लाद रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वह पुलिस से अनुरोध करते हैं कि संविधान के दायरे में रहकर निष्पक्ष चुनाव कराए। उन्होंने कहा कि पुलिस और प्रशासन के लोग जिस तरह से गलत कार्य कर रहे हैं। ऐसे अधिकारियों की हम भी लिस्ट तैयार कर रहे हैं और समय आने पर इनको सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीसामऊ विधानसभा सीट सपा की थी और सपा ही जीतेगी लेकिन ऐसा लग रहा है यहां सपा से भाजपा नहीं पूरा प्रशासन चुनाव लड़ रहा है। प्रेस वार्ता में सपा के जिला अध्यक्ष फ़ज़ल महमूद, पूर्व मंत्री शिवकुमार बेरिया , कांग्रेस कानपुर के अध्यक्ष नौशाद मंसूर, विधायिका गजाला लारी आदि तमाम इंडिया गठबंधन के नेता उपस्थित थे।

पटाखा मंडी का फायर ब्रिगेड सीओ ने किया निरीक्षण, दुकानदारों को दिए आवश्यक निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

बबेरू/बांदा। बबेरू कस्बे के पटाखा मंडी का मंगलवार की दोपहर फायर ब्रिगेड के सी ओ, मुकेश कुमार व बबेरू सी ओ सौरभ सिंह पुलिस बल के साथ पटाखा मंडी पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। और घूम-घूम कर सभी दुकानों की जांच किया है। वही फायर ब्रिगेड के सीओ मुकेश कुमार ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि आज बबेरू में लगी पटाखा मंडी का निरीक्षण किया गया है। दीपावली को देखते हुए यहां दुकान लगाई गई हैं। जिसमें सभी दुकानों में घूम-घूम का निरीक्षण किया गया है। और दुकानदारों को निर्देश भी दिए गए हैं, की अपने-अपने दुकानों में एक पानी की ड्रम बालू और आग बुझाने के यंत्र जरूर रखें, किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए, और वही मंडी के अंदर धूम्रपान के लिए प्रतिबंधित किया है। वही पटाखा व्यापारियों को भी निर्देश दिए हैं, कि यहां पर किसी भी प्रकार की रवाइस का प्रदर्शन ना करें। और विद्युत लाइनों को दुरुस्त करें इस मौके पर कस्बा इंचार्ज कौशल सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

विधानसभा चुनाव प्रत्याशी अपने व्यय रजिस्टर को प्रेक्षक के सम्मुख रखेंगे

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर । जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 213-विधानसभा क्षेत्र उप निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग, नयी दिल्ली द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में प्रतीक आबंटन के उपरान्त प्रचार अवधि के दौरान 213-सीसामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी प्रत्याशियों द्वारा निजी रूप से स्वंय या अपने निर्वाचन एजेन्ट के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक/निरीक्षक के लिए पदभिहित अधिकारी के सम्मुख/समक्ष अपने व्यय रजिस्टर का तीन वार निरीक्षण कलेक्ट्रेट सभागार कानपुर नगर में कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रथम निरीक्षण दिनांक 05 नवम्बर, 2024, द्वितीय निरीक्षण दिनांक 08 नवम्बर, 2024 एवं तृतीय निरीक्षण दिनांक 11 नवम्बर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लेखा समाधान बैठक निर्वाचन परिणाम की घोषणा के 26 वें दिन जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रस्तावित है।

अतः 213-सीसामऊ विधानसभा उप निर्वाचन -2024 से चुनाव लड़ने वाले समस्त प्रत्याशी गण स्वंय अथवा उनके द्वारा अधिकृत निर्वाचन एजेन्ट अपने से सम्बन्धित निर्धारित तिथियों में अपना व्यय लेखा से सम्बन्धित रजिस्टर मिलान हेतु प्रस्तुत करेंगें। उक्त के साथ आप समस्त दैनिक व्यय लेखा पंजिका, बैंक पंजिका, बिल/वाउचर्स, बैंक स्टेटमेंट की छाया प्रतियां 03 सेट में आवश्यक रूप से प्रस्तुत/उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। लेखा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि के एक दिन पूर्व तक का लेखा सम्बन्धित अभ्यर्थीगण द्वारा प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। मिलान/निरीक्षण की निर्धारित तिथियों में व्यय लेखा प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में नियमानुसार नोटिस जारी करते हुए सम्बन्धित प्रत्याशी/अभ्यर्थी के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जनसभा, जुलूस तथा वाहन इत्यादि की निर्गत परमीशन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की कार्यवाही की जायेगी।

लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती पर भाजपाईयों ने किया नमन

● -रन फॉर यूनिटी में हाथों तिरंगा लेकर दौड़े भाजपाई।

स्वतंत्र प्रभात

कानपुर। 31अक्टूबर को सरदार पटेल की 150 वीं जयंती से पूर्व मंगलवार को भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अमर शहीद कैप्टन अविनाश भदौरिया प्रतिमा, बाई पास से पटेल चौक तक रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल भी आगे आगे चल रहे थे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने पटेल चौक पर लगी सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शिवराम सिंह ने लड्डू खिलाकर कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया।

इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का कभी सम्मान नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया जिले में 182 मीटर ऊंची स्थित स्टैच्यू ऑफ़ यूनिटी सरदार पटेल की मूर्ति बनाकर उनको सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी। सरदार पटेल की जयंती पर हम उनकी अदम्य भावना, दूरदर्शी नेतृत्व और असाधारण समर्पण को याद करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश भारत की एकता और अखंडता के शिल्पकार लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती मना रहा है। हिन्दुस्तान को आजादी मिलने के बाद सरदार वल्लभ भाई पटेल की पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका रही। यही कारण है कि वल्लभभाई पटेल की जयंती को पूरा देश राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मना रहा है। सरदार पटेल आजादी के बाद देश के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी रहे। देश की आजादी में सरदार पटेल का योगदान हमेशा स्मरणीय रहेगा। 562 देशी रियासतों का भारत में विलय सरदार पटेल ने ही करवाया था। अटल निश्चय से ओत प्रोत सरदार

वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर जानिए उनके ऐसे विचारों को जो किसी की भी जिंदगी में और समाज के परिदृश्य में बदलाव ला सकते हैं।

दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि सरदार पटेल कहा करते थे कि आज हमें ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेदभावों को समाप्त कर देना चाहिए तभी हम एक उन्नत देश की कल्पना कर सकते है। प्रमुख रूप से एमएलसी अरुण पाठक, डॉ वीना आर्या पटेल, राम बहादुर, विनोद मिश्रा, मनीष त्रिपाठी, रघुनंदन भदौरिया, प्रकाश वीर आर्य, संजय कटियार, गणेश शुक्ला, पार्षद डॉ अखिलेश बाजपेई, गौरव तिवारी , प्रवीण मिश्रा, अखिलेश अवस्थी, संजय पासवान, सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

सरदार पटेल की जयंती पर दिलाई एकता अखंडता की शपथ

कानपुर । अपर पुलिस आयुक्त अपराध, मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा द्वारा आगामी 31.10.2024 को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के दृष्टिगत आज दिनांक 29.10.2024 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में कमिश्नरेट कानपुर के पुलिस ऑफिस कार्यालय में शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विभाग के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने एकता और अखंडता की प्रतिज्ञा ली एवं उनके अद्वितीय व्यक्तित्व, राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान, देश की एकता और अखंडता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता एवं उनके आदर्शों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

होमी जहाँगीर भाभा जयंती के अवसर पर बच्चों को मिले यंग चेंजर मेकर प्रमाणपत्र

आज दिनाँक 29/10/2024 को उच्च प्राथमिक विद्यालय (1-8) सिलौली विकास क्षेत्र- मौदहा जनपद-हमीरपुर में होमी जहाँगीर भाभा जयंती(30 अक्टूबर) के अवसर पर भाभा विज्ञान क्लब वजीरगंज गोंडा के तत्त्वाधान में नेशनल ई कॉम्पटीशन के तहत बच्चों को प्रतिभाग कराया गया जिसमें प्रतिभागी बच्चों पूनम, श्रेया, आसिक,काजल, समर, विमल कुमार, कृष्ण कुमार, नव्या, मानसी, निशा को यंग चेंजर मेकर प्रमाणपत्र दिए गए एवं विद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाया गया एवं दीपावली पर्व को देखते हुए विद्यालय में कार्यरत समस्त रसोइया माताओं को प्रधानाध्यापक हरिमोहन गुप्ता द्वारा साड़ी और मिठाई दी गई। इस अवसर पर हरिमोहन गुप्ता, हरीशंकर, गीता देवी, रचना, रश्मि गुप्ता, विनोद कुमार, ब्रम्हप्रकाश निगम उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती

बांदा। मंगलवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149वीं जयंती पर ''राष्ट्रीय एकता दिवस÷ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बांदा, अंकुर अग्रवाल ने पुलिस कार्यालय में सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता, अखण्डता और आंतरिक सुरक्षा की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक के इस कार्यक्रम के साथ-साथ जनपद के सभी थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में भी राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। थानों पर थाना प्रभारी और चौकी प्रभारियों द्वारा पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई गई, जिसमें सत्यनिष्ठा, राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

जयंती पर याद किए गय लौह पुरूष सरदार पटेल

अतर्रा/बांदा। सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर एकता अखंडता की सपथ प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी द्वारा कराई गई। तथा आयुर्वेद दिवस के अवसर पर कलश बनाकर धनवन्तरि की पूजा की गई 11 दीपक जलाकर आरोग्य की कामना की गयी। ब्रह्म विज्ञान इ का अतर्रा बांदा में सभी ने एकता और अखंडता की सपथ ली कि हम एकता अखंडता बनाये रखेंगे तथा दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। चेतराम सोमनाथ बीरेंद्र दीक्षित अरुण कुमार, सुरेन्द्र शर्मा, सुशील कुमार, सुरेश चंद्र, राममिलन यादव, मधु सविता, सन्तोष कुमार, जेपी कोमल, प्रेमलता, ब्रजकिशोर, विश्वनाथ, गिरिजेश मिश्रा, सुरेन्द्र, श्याम निगम आदि सभी लोग उपस्थित रहे। तथा एकता के महापुरुष को नमन किया। और दीपदान किया।

पुलिस साइबर ठगी का शिकार हुए ती व्यक्तियों के 6.57 लाख कराये वापस

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से की जा रही कार्यवाही के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए 03 व्यक्तियों के 657389 रूपये वापस कराये गये । गौरतलब हो कि थाना नरैनी क्षेत्र ग्राम खरोंच के रहने वाले अखिलेश कोरी कि किसी अज्ञात साइबर ठगों द्वारा धोखे से उसके खाते की जानकारी करके 40 हजार रुपये इसी प्रकार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली मयंका पाण्डेय कि किसी अज्ञात साइबर ठगों द्वारा धोखे से उसके खाते की जानकारी करके 45 हजार रुपये व थाना गिरवां क्षेत्र के रहने वाले राजेश कुमार गुप्ता कि किसी अज्ञात साइबर ठगों द्वारा लोन दिलाने के नाम पर धोखे से उनके खाते की जानकारी करके 5 लाख 72 हजार 389 रुपये की साइबर ठगी का शिकार होने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था । इस सम्बन्ध में साइबर क्राइम पुलिस थाना की टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए पीड़ितों की कुल 06 लाख 57 हजार 389 रुपये की धनराशि वापस कराई गई ।

संक्षिप्त ख़बरें

पीलीभीत कलीनगर में होने वाले श्री रामलीला मेले में अंडा-मास की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने के सम्बंध में आम आदमी पार्टी ने सौंपा कमेटी अध्यक्ष को ज्ञापन

पीलीभीत कलीनगर आम आदमी पार्टी ने जिलाअध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में कलीनगर रामलीला मेले में अंडे-मास की दुकानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर मेला कमेटी अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हर वर्ष की भाँति इस बर्ष भी कलीनगर रामलीला मैदान में श्री राम लीला मेले का आयोजन किया जा रहा है, पिछले कई वर्षों से हम देखते आ रहे हैं कि श्री राम लीला मेला प्रांगण में अंडा-मास की कई दुकानें लगती आ रही हैं, भगवान श्री राम सनातन धर्म के पूजनीय है,हमारे आदर्श है, बर्षो से लगातार मेले में अंडा- मास की बिक्री देखकर मन बहुत आहात है, एवं यह सनातन धर्म और भारतवर्ष के लिए चिंतनीय विषय भी है, इसलिए सनातन धर्म और राम भक्तों की आस्था को ध्यान में रखते हुए निवेदन के साथ मांग की है कि इस वर्ष मेले में अंडा-मास की दुकानों को पूर्णतया निषेध कर एक नई शुरुआत की जावे। समस्त रामभक्त और सनातन प्रेमी और आम आदमी पार्टी आपके सदैव आभारी रहेंगे। ज्ञापन में जिला महासचिव एड.संजय कुमार, पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष/पूर्व प्रत्याशी पूरनपुर विधानसभा विनोद कुमार भारती, अरविन्द, रामगोपाल आदि उपस्थित रहे।

वोटर आईडी, पैन कार्ड एटीएम कार्ड,बैंक कागजात बरामद

शाहजहांपुर। थाना कोतवाली पुलिस ने 6 पासबुक विभिन्न बैंकों की तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, तीन आधार कार्ड, एक वोटर आईडी, साथ खाता खोलने के ब्लैक फॉर्म ,लैमिनेटेड आधार कार्ड, 5 आधार कार्ड, की छाया प्रति एक वोटर आईडी कार्ड, एक जिओ सिम, एक कैमरा बैंक फॉर्म एवं एटीएम लिफाफा पैन कार्ड के लिफाफे, मोबाइल एक बैग सफेद, एक पेन ड्राइव सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा मिली जानकारी के अनुसार थाना कोतवाली के मोहल्ला बिजली पुर निवासी रितेश प्रताप सिंह को पुल के निकट नव निर्माण नगर निगम के कार्यालय के निकट गिरफ्तार किया गया जिससे 340 रुपए उक्त सामग्री के साथ बरामद की गईद्य पुलिस ने विधि कार्रवाई कर मुकदमा पंजीकृत किया है।

पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद ने किया मुकेश मिश्र ज्वैलर्स का उद्घाटन

खुटार। क्षेत्र के गांव गेहुंआ निवासी मुकेश मिश्र के पुवायां रोड पर मुकेश मिश्रा ज्वेलर्स का उद्घाटन मंगलवार को पूर्व एमएलसी कुंवर जयेश प्रसाद ने फीता काटकर किया। इस मौके पर मुकेश मिश्र ने कहा कि उनके प्रतिष्ठान पर उचित क्वालिटी के सोने चांदी के आभूषण उपलब्ध है। उन्होने ग्राहको से एक बार सेवा का मौका देने का आवाहन किया है। इस मौके पर जाग्रत प्रसाद, आशीष दीक्षित, आयुष मिश्र, आदर्श दीक्षित, राकेश मिश्र, योगेश मिश्र, सहकारी गन्ना समिति पुवायां के डायरेक्टर श्रीकांत मिश्र आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

ब्लॉक मुख्यालय पर मनाई सरदार पटेल की जयंती

बरेली/भदपुरा विकासखंड मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई उनके चित्र पर पुष्प अर्पीतकर सभी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती पर उनके बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और उनकी भारत के प्रति श्रद्धा व निष्ठा को याद किया गया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कमल सिंह चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत रणजीत सिंह के सिंचाई शांति स्वरूप तकनीकी सहायक इतेंद्र पाल सिंह आनंद कुमार ठाकुर राम एपीओ सुमित कुमार समेत अनेकों लोग उपस्थित थे यह कार्यक्रम जिला अधिकारी के निर्देश पर दो दिन पूर्व मनाया गया 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई जानी थी परंतु उसे दिन दीपावली होने के कारण कार्यालय में अवकाश रहने पर इसे दो दिन पूर्व आज सभी कार्यालय में मनाया गया है।

बिजुआ सहकारी समिति मे डबल डी मार्क करके लोन वितरण किए जाने के आरोप

● शाखा प्रबंधक ,सचिव व पूर्व आंकिक ब्रजेश दीक्षित मिलकर डकार गये किसानो से वसूले गये कर्ज की धनराशि-अध्यक्ष

ना कैरी और कैश रजिस्टर पूर्ण और ना ही पूर्ण स्टॉक रजिस्टर आखिर क्यों?

मामले की लीपापोती में लगे नवीन तैनाती पाये सचिव

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड बिजुआ के सम्मानित एवं इमानदार अध्यक्ष अश्वनी कुमार बाजपेई ने पूर्व में समिति पर तैनात रहे सचिवों में अतेंद्र कुमार व रविंद्र कुमार पूर्व अंकित बृजेश दीक्षित सहित तत्कालीन शाखा प्रबंधक डीसीबी शाखा बिजुआ पर करोड़ों रुपए के घोटाला किया जाने के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की भी मांग की है बताते चलें ए. आर कोऑपरेटिव को दिनांक 5 जुलाई 2024 को दिए गए अपने शिकायती पत्र में समिति के अध्यक्ष अश्वनी कुमार बाजपेई ने आरोप लगाया है कि सचिव अतेंद्र कुमार व सचिव रविंद्र कुमार तथा शाखा प्रबंधक अमित मिश्रा व पूर्व अंकिक बृजेश दीक्षित के मिली भगत से समिति में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है जिससे समिति बर्बादी की कगार पर आ गई है अश्वनी कुमार बाजपेई के बताएं अनुसार उक्त समिति के कर्मचारियों ने किसानों से कर्ज की धनराशी की वसूली करके बैंक में जमा ही नहीं की की गई वसूली गई धनराशि आपस में बाटकर डकार ली गई इसके साथ ही साथ एक किसान को डबल सदस्य बनाकर कर्जा वितरण एवं खाद की चेके बनाकर भारी फर्जीवडा का सुनियोजित खेल खेला गया इससे समिति को करोड़ों रुपए की अपूरणीय क्षति हुई है इनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की वानगी पर एक नजर डालें तो रामकृष्ण पुत्र ब्रह्मदिन से

कर्ज का पैसा तो वसूल लिया गया पर आज तक बैंक में जमा नहीं किया गया यही कारण है शायद सचिवअतएन्द्र कुमार द्वारा स्थानांतरण होने के बाद भी पूर्ण चार्ज नहीं दिया गया कहीं पोल ना खुल जाए दस्तावेजों से इसलिए संपूर्ण दस्तावेज नहीं दिए गए दस्तावेज उक्त पर दस्तावेजों में हुए हेरा फेरी के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग देखना अब यह है कि उक्त मामले पर ए आर को ऑपरेटिव द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है

इस संबंध में जब ए आर कोऑपरेटिव जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में है उक्त मामले की जांच के लिए जांच टीम गठित कर दी गई है 10 12 दिन में रिपोर्ट आ जाएगी इसके बाद दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी कोई भी दोषी बक्सा नहीं जाएगा।

राहुल नगर मजदूर बस्ती में अनिश्चितकालीन क्रमिक अनशन ग्यारहवें दिन भी जारी

● अपना अस्तित्व और परिवार बचाने के लिए संघर्ष कर रही है क्षेत्र की ग्रामीण गरीब जनता-नगीना।

स्वतंत्र प्रभात

29 अक्टूबर। धनारा घाट से खिरकिया बरगदिया तक स्थायी तटबन्ध बनाने और बर्बाद फसलों के बदले मुआवजे की मांग को लेकर राहुल नगर मजदूर बस्ती में भाकपा माले का क्रमिक अनशन आज ग्यारहवीं दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर क्रमिक अनशन के क्रम को आज ग्यारहवें दिन आगे बढ़ाते हुए मजदूर बस्ती राहुल नगर की महिलाएं फूलमती, रेखा, उर्मिला, गीता, कनिका, मोरी, सुषमा, मिनती, सरोदिनी, आलोक, तुलसी, अनशन पर बैठी।

अनशन स्थल पर हुई सभा को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले के वरिष्ठ नेता एवं जिला कमेटी सदस्य कामरेड नगीना ने कहा कि आज ग्रामीणों को धरना देते 25 दिन पूरे हो चुके है।अनशन का आज ग्यारहवां दिन है लेकिन आंदोलनकारियों की मांगों पर शासन-प्रशासन मौन ब्रत धारण किए हुए है। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी राज में प्रशासन पूरी तरह से गूंगा-बहरा हो चुका है। सरकार और प्रशासन पूरी तरह से अमानवीय और संवेदनशून्य हो चुकी है। बाढ़ और नदी के चलते हज़ारो परिवार तबाह और बर्बाद हैं ,लोगों के सामने जीवन और रोजगार का संकट खड़ा हो गया है लेकिन सरकार और प्रशासन के लोग कोई काम करने को तैयार नहीं है।प्रशासन इस क्षेत्र के लोगों को खेती-बाड़ी छुड़वाकर पलायन के लिए विवश कर रही है। उन्होंने कहा कि भले ही शासन और प्रशासन इस क्षेत्र की जनता को उजाड़कर इस क्षेत्र को जंगल और टाइगर रिजर्व के हवाले करने के प्रयास में लगी हो लेकिन हम इस क्षेत्र की जनता और उसके संवैधानिक अधिकारों के लिए भाकपा माले के नेतृत्व में लड़ते रहेंगे और हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक कि प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र के हजारों लोंगो को बचाने की गारंटी नहीं कि जाती। सभा को जिला कमेटी सदस्य प्रहलाद, उमेश, रामदयाल, गौरी शंकर, विंध्याचल, रबीन महाजन, शर्मिला, हरनाम सिंह आदि लोगों ने भी सम्बोधित किया। सभा मे गांव के सैकड़ो महिलाओं-पुरुषों ने भाग लिया।

मंडी में किसान नेता और क्रय केंद्र प्रभारी के बीच मारपीट से मची भगदड़

स्वतंत्र प्रभात

पीलीभीत। पूरनपुर में धान खरीद बेपटरी हो चुकी है। मंडी में लगे अधिकांश क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाएं हाबी होने से किसानों को इसका खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। परेशान किसानों राइस मिल और आढ़तों पर औने पौने दामों में धान बिक्री कर रहे हैं। क्षेत्र के गांव नवदिया झुकना निवासी किसान कुछ ने मंडी में लगे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) पर अपना धान लेकर पहुंचे थे। कुछ धान तुलने के बाद तौल बंद हो गई। मामले की शिकायत किसान ने अन्नदाता बंद हो गई मशीन मामले की शिकायत किसान ने अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश सचिव बलजिंदर सिंह से की। सोमवार को किसान नेता क्रय केंद्र प्रभारी से बातचीत करने पहुंचे। तभी दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर दिया। कुछ देर बाद दोनों के बीच दोबारा जमकर मारपीट होने से मंडी में खलबली मच गई। मामले की वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सूचना मिलने के बाद क्राइम इंस्पेक्टर पहुंच गए।

किसान नेता ने केंद्र इंचार्ज पर प्रति कुंतल डेढ़ सौ रुपए सुविधा शुल्क मांगने का आरोप

लगाया है। क्रय केंद्र प्रभा ने बेवजह मारपीट की बात कही है। उन्होने सविधा शुल्क150 की मांग कर रहे थे150 का दे दो आपका धान तोल लिया जाएगा।

आपसी भाई चारे के साथ मिलजुल कर मनाये त्यौहार

● हैदराबाद थानाध्यक्ष की अध्यक्षता मे आहूत की गई पीस कमेटी की बैठक।

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना परिसर मे आगामी त्यौहारो के चलते हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुबे की अध्यक्षता मे संपन्न हुई पीस कमेटी की बैठक। इस दौरान आये हुये सभी धर्मो के धर्मगुरूओ व सभी समुदाय के लोगो को बताया कि सभी लोग आपसी भाई चारे के साथ मिलजुल कर त्यौहार मनाये।किसी भी ब्यक्ति को त्यौहार मे कोई खलल डालने की अनुमति नही है।

इस दौरान उन्होने पटाखा करोबारियो से कहा कि सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही पटाखे बेचे जायेगे।किसी को भी पटाखे भंडारण करने की अनुमति नही है। वही गावो न कस्वो से लगभग पांच सौ मीटर की दूरी पर पटाखा ब्यवसाई अपनी अपनी दुकाने लगाये।सभी लोगो के पास अग्निशमन यत्र की उपलब्धता अनिवार्य

रहेगी व बालू आदि की भी पर्याप्त मात्रा मे उपलब्धता रहे गी। इस अवसर पर कई ग्राम प्रधान बीडीसी मेम्बर ग्राम क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व पत्रकारो के सहित तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

धूमधाम से मनाई गई भारतरत्न, लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहांपुर/राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की 149वीं जयंती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में जनपद में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। जिलाधिकारी ने सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाए जाने के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिकों राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शों एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धाजली होगी। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया। देश को हमेशा आगे बढ़ा कर रखना है लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरे। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल मजबूत राष्ट्र बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि हम सब लोग भाग्यशाली हैं ऐसे मजबूत देश में रह रहे हैं। हमें अपने कर्तव्यों का अच्छे से पालन करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग जहां भी जैसे भी हैं अपने कार्यों को समय से अच्छे ढंग से निर्वहन करते रहें यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग एकजुट होकर राष्ट्र की सेवा करें। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की तरह किसी भी परिस्थिति

में विचलित ना हो तथा अपने लक्ष्य को पूरा करें। सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलें। कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

डीएम की पहल- जिले के परिषदीय विद्यालयों में प्रदूषण मुक्त दीपावली के लिए आयोजित की गईं विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियां

● बच्चों ने प्रदूषण रहित दिवाली मनाने की अपनी भावनाओं को कागज पर रंगों से उकेरा

परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने प्रदूषण मुक्त दिवाली की विभिन्न प्रतियोगिताओं में लिया भाग

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी 29 अक्टूबर। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के नेतृत्व में जिले के सभी 3106 परिषदीय विद्यालयों और 16 केजीबीवी में बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रदूषण रहित दीपावली मनाने के उद्देश्य से पटाखा मुक्त दीपावली अभियान के तहत आज दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पारंपरिक और सुरक्षित तरीके से दिवाली मनाने की प्रेरणा देना और पटाखों से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि सभी परिषदीय विद्यालयों में 'प्रदूषण रहित दीपावली' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने रंगों के माध्यम से दीपावली के विभिन्न रूपों को दर्शाया और प्रदूषण मुक्त दीपावली के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। "स्वस्थ दीपावली, हरित दीपावली" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, पटाखों के नुकसान और दिवाली के सकारात्मक संदेश पर अपने विचार साझा किए। विद्यार्थियों को मिट्टी के दीयों और सजावटी सामग्रियों का उपयोग करके दीप सजाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक दीप सज्जा को बढ़ावा देना और पटाखों के स्थान पर दीयों से रोशनी करने की प्रेरणा देना है। रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने फूलों और प्राकृतिक रंगों से खूबसूरत रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया और पटाखा मुक्त दीपावली का संदेश दिया।

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने बताया कि इन गतिविधियों का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जागरूक करना और उन्हें यह सिखाना था कि दीपावली जैसे महापर्व को पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भी मनाया जा सकता है। कार्यक्रम प्रभारी जिला समन्वयक एमआईएस पुष्पेंद्र श्रीवास्तव ने बताया इन कार्यक्रमों से बच्चों में सकारात्मक सोच का विकास हुआ और उन्होंने दीपावली के पर्व को सुरक्षित और प्रदूषण रहित तरीके से मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों, अभिभावकों और एसएमसी सदस्यों ने भी बच्चों को पटाखा मुक्त दीपावली का संदेश दिया और उनका उत्साहवर्धन किया। पटाखा मुक्त दीपावली का यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों बल्कि पूरे समाज के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे त्योहारों को पारंपरिक और सुरक्षित तरीके से मनाया जा सकता है।

जिला अधिकारी नें मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

शाहजहाँपुर/ जी एफ कॉलेज में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काट कर तथा गुब्बरे उड़ाकर किया। महाविद्यालय के छात्र मोहम्मद मोनिस ने मतदान के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किया। सुषमा स्वराज, नीलेश चौबे और कौशल कुमार ने मतदाता जागरूकता से सम्बंधित समूह गीत प्रस्तुत किया। राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता में महाविद्यालय के हर्ष और लता को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। बीएलओ सुबोध वर्मा और प्रतिभा को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि हमें बिना जाति,धर्म और लिंग-भेद से आजादी मिलने के साथ ही वोट डालने का अधिकार प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मतदाता सूची में नए वोटर को जोड़ना, मतदाता तथा पहचान-पत्र से सम्बंधित त्रुटियों में सुधार करना और मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचाना, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार, चुनाव की तिथि, पहचान पत्र और ईवीएम आदि से भी जागरूक कराना है। एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने वोट की महत्ता पर विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां ने कहा कि स्वस्थ एवं मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान का बड़ा महत्व है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना वोट बनवाना चाहिए और मतदान अवश्य करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को घोषित किया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 , दावे और आपत्तिया प्राप्त करने की अवधि दिनांक 29 अक्टूबर, 2024 से दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 तक विशेष अभियान तिथियों दिनांक 09 नवम्बर, 2024 दिनांक 10 नवम्बर, 2024 दिनांक 23 नवम्बर, 2024 दिनांक 24 नवम्बर, 2024 दावे और आपत्तियों का निस्तारण दिनांक 24 दिसम्बर, 2024 तक निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 06 जनवरी, 2025, इसके साथ ही जनपद की समस्त 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का आज दिनांक 29.10.2024 को आलेख्य प्रकाशन समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा विधिवत् करा दिया गया है। जनपद की समस्त 06 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 1792 मतदान केन्द्र तथा 2492 मतदेय स्थल विद्यमान है। प्रत्येक मतदेय स्थल पर बी0एल0ओ0 तैनात हैं तथा बी0एल0ओ0 के कार्यों का पर्यवेक्षण किये जाने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में कुल 256 सुपरवाइजर्स तैनात है। पुनरीक्षण की विशेष अभियान की तिथियों में प्रत्येक मतदेय स्थल पर बूथ लेविल अधिकारी तथा पदाभिहीत अधिकारी पुनरीक्षण कार्य से सम्बन्धित आवश्यक फार्मों व मतदाता

सूची के साथ उपलब्ध रहेंगे। विशेष अभियान की तिथियों में मतदेय स्थल पर बी0एल0ओ0 की उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने के लिए सेक्टर आफिसर्स तैनात किए जा रहे हैं। पुनरीक्षण कार्य में अपेक्षित सहयोग प्राप्त किए जाने के लिए दिनांक 26.10.2024 को जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी है तथा उनसे अपने बूथ लेविल एजेण्ट नियुक्त किए जाने का आग्रह किया गया है। इसके साथ ही दिनांक 08.11.2024, 22.11.2024 व 29.11.2024 को भी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक किया जाना निर्धारित है। महाविद्यालय के इलेक्टोरल क्लब के नोडल अधिकारी डॉ खलील अहमद की देख-रेख में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संचालन डॉ मंसूर अहमद सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र सिंह,एसडीएम ज्ञानेन्द्र सिंह,डीआईओएस हरिवंश कुमार, दीपेन्द्र कौर, निकहत परवीन, महाविद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षणेत्तर कर्मचारी, एनसीसी, एनएसएस और बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई।

स्वतंत्र प्रभात

गोला गोकर्णनाथ खीरी। 30 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को पूरा देश एकता दिवस के रुप में मनाता है।सरदार पटेल को कृतज्ञ राष्ट्र उनको नमन करता है।आज ,नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित रहने की शपथ दिलाई, इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार,खाद्य एवं पूर्ति निरीक्षक संदीप वर्मा,राजस्व निरीक्षक अब्दुल रहीम अंसारी, सभासद धर्मेन्द्र बाल्मीकि,मोहित गिरि, अवधेश कुमार,शिवम भारती, प्रेम प्रकाश यादव,राम सिंह,ऋषि कुमार, आशतोष शुक्ला,अंकित कुमार गुप्ता, विशाल शुक्ला, विमलेश वर्मा,प्रेम प्रकाश पाठक, आदर्श मिश्रा,रवि शर्मा,रविन्द्र कटियार,धर्मेन्द्र अवस्थी,काके

सहगल, राज प्रताप सिंह आदि ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ ली।

पुलिस अधीक्षक द्वारा धनतेरस व आगामी दीपावली त्यौहार के देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा व प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह थाना कोतवाली सदर सहित भारी पुलिस बल के साथ धनतेरस व आगामी दीपावली त्यौहार को देखते हुए कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने, आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कोतवाली सदर क्षेत्रान्तर्गत सदर चौरहा एवं

विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम प्रधानों रोजगार सेवकों की मेहनत रंग लाई खत्म होगी प्रधानों पर दर्ज हुई रिपोर्ट

स्वतंत्र प्रभात

बरेली/ विकासखंड आलमपुर जाफराबाद में 2 ग्राम प्रधानों पर दर्ज की गई रिपोर्ट में पूरे जनपद में हुए धरना प्रदर्शन के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने इस मामले की जांच डीसी मनरेगा हबीब अंसारी के नेतृत्व में पांच सदस्य जांच कमेटी नियुक्त कर पुनः जांच करवाई गई जिसमें प्रधानों पर ग्राम पंचायत सचिव रोजगार सेवकों तकनीकी सहायकों पर रिपोर्ट का आरोप सिद्ध नहीं हुआ मूल्यांकन में कुछ खामियां मिलने पर जांच रिपोर्ट आने के बाद अब जिन लोगों पर दर्ज हुई रिपोर्ट समाप्त हो जाएगी।

साथ ही आलमपुर जाफराबाद के खंड विकास अधिकारी भगवान दास को वहां से हटकर जिले पर अटैच कर दिया गया है उनकी जगह पर भुता के खंड विकास अधिकारी विजय शंकर मणी को चार्ज सौंप दिया गया इस धरना प्रदर्शन के समाप्त होने पर प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप गंगवार रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष सर्वेश कुमार गंगवार के साथ ही दोनों विभागों के जिला

अध्यक्ष ने भी स्वतंत्र प्रभात अखबार में खबरों के प्रकाशन पर उन्होंने बधाई दी है और कहां हमारी समस्या को प्रमुखता से प्रकाशन करने पर बधाई के पात्र हैं।

संक्षिप्त ख़बरें

सेंट थॉमस स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्रकाश

चुनार, मीरजापुर । संत थामस स्कूल चुनार में मंगलवार को प्रकाश पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य फादर संतोष कुमार, प्रधान अध्यापिका सिस्टर प्रीति, अध्यापक समन्वय आशीष कुमार , पूजा यादव , नीरज लाल और कक्षा नायक ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर कक्षा 6 के छात्रों ने मनमोहन रामचरित्र का वर्णन करते हुए एक नृत्य नाटिका के माध्यम से कार्यक्रम को प्रस्तुत किया जो सभी के मन को मोह लिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को यह संदेश भी दिया गया कि सभी लोग पटाखा मुक्त और प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाएं। इसके साथ ही साथ बच्चों ने भारत वर्ष के नक्शे के ऊपर एक मानव श्रृंखला मोमबत्ती के साथ बनाया कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने कहा कि दीपोत्सव अज्ञान रुपी अंधकार को ज्ञान रूपी प्रकाश से दूर करने का है अंधकार से प्रकाश की ओर चलने का है हम सभी को प्रदूषण मुक्त दीपावली मनाने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन आरोही और सुप्रिया ने किया धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्य ने किया था इस अवसर पर अपने विचारों से छात्रों को ज्ञान वर्धन करने का कार्य सोनम ने किया कार्यक्रम की तैयारी में कक्षा अध्यापक नीरज लाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही इस अवसर पर विद्यालय के समस्त छात्र छात्राएं अध्यापक अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

बालुघाट पर लगेगी पटाखे की दुकानें।

चुनार, मीरजापुर। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने सभी पटाखा व्यवसाइयों से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पटाखे की बिक्री रामलीला मैदान के स्थान पर बालूघाट पर दुकान लगाने के लिए कहा है जिससे व्यापारियों में काफी नाराजगी दिखी उनका कहना है कि इस बार हम लोगों को यहां दुकान लगाने दीजिए लेकिन चुनार एस डी एम ने कहा कि पटाखों की बिक्री बालूघट पर ही की जाएगी। मौके पर पहुंचे कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य,कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण ने दुकानदारों से बातचीत कर समझाया तब जाकर काफी देर बाद दुकानदार बालूघाट पर दुकान लगाने पर सहमत हुए।इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष यासीन राईन, अपराध निरीक्षक सत्येंद्र कुमार यादव, हेड कांस्टेबल विमलेश कुमार सिंह ,सिकंदर यादव,व्यापार मंडल अध्यक्ष यासीन राइन विजय कुमार, सुशील कुमार गुप्ता मनोज कुमार गुप्ता, अनुराग गुप्ता ,रितेश गुप्ता, सोनू, शुभम, सागर ,मदन हनी ,रवि ,सतन गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

महाकुम्भ प्रयागराज-2025 का लोगो जारी

डीएम ने सभी अधिकारियों को लोगो का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के दिए निर्देश

अलीगढ़। जिलाधिकारी विशाख जी0 ने जिले के अधिकारियों को सूचित किया है कि प्रयागराज में ''महाकुम्भ प्रयागराज-2025'' का आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक संपन्न होने जा रहा है। ''महाकुम्भ प्रयागराज-2025'' अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन है, जिसके लिए महाकुम्भ-2025 का आधिकारिक लोगो जारी हो चुका है। डीएम ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ''महाकुम्भ प्रयागराज-2025'' के 'लोगो' का प्रयोग समस्त सरकारी वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफार्म, सरकारी कार्यक्रमों, व्यावसायिक एवं सरकारी विज्ञापनों, प्रदेश सरकार की विकास एवं अन्य योजनाओं, सरकारी पत्राचार एवं स्टेशनरी में अनिवार्य रूप से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

जनपद में हर्षोल्लास के साथ लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी

● राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता दौड़ के साथ आयोजित हुए विचार संगोष्ठी व सांस्कृतिक कार्यक्रम

लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल के सपनों को मा0 प्रधानमंत्री जी ने किया साकार-दीनानाथ भास्कर

562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय लौह पुरूष की कूटनीतिक कुशलता का परिचायक-जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा

भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण को स्थापित किया लौह पुरूष सरदार पटेल ने-जिलाधिकारी विशाल सिंह

वन नेशन, वन विजन के साथ सरदार पटेल ने भारत की एकता व अखण्डता को बनाया अक्षुण्ण-डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन

स्टैच्यू ऑफ यूनिटी देश की एकजुटता व अखण्डता का प्रतिमान-मुख्य विकास अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही -लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की 149वीं जयंती जनपद में हर्षोल्लास के साथ राष्ट्रीय एकता की शपथ व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती 'राष्ट्रीय एकता दिवस 'के रूप में जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के नेतृत्व में बडे उत्साह के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। यह स्वतंत्र भारत के वास्तुकार के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को मान्यता देने और राष्ट्र की सुरक्षा, एकता और अखण्डता को सुनिश्चित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने का दिन है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर के स्थान पर(30 को नरक चतुर्दशी,31 दीपावली के कारण) आज 29 अक्टूबर को अत्यंत भव्यता के साथ गरिमापूर्वक आयोजित किया गया। इस अवसर पर देश की एकता और अखण्डता के लिए "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अंतर्गत शपथ ली गई।

मा0 विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अभोली प्रियंका बिंद,जिलाधिकारी विशाल सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में, पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन ने पुलिस लाईन में, मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने विकास भवन सभागार में, सभी विभागाध्यक्ष ने अपने कार्यालय में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के क्रम में डीआईओएस अंशुमान व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जनपद के सभी कालेजों में प्रभात फेरी निकालते हुए सरदार बल्लभ भाई पटेल पर आधारित भाषण, निबन्ध, रंगोली प्रतियोगिता आयोजित कर देश के एकीकरण में बल्लभ भाई पटेल जी के योगदानों को रेखांकित किया गया।

कलेक्टेउट सभागार में मा0 विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अभोली प्रियंका बिंद,जिलाधिकारी विशाल सिंह अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य व उपस्थित लोगों ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि, माल्यापर्ण करते हुए लौह पुरूष के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी में अपने विचार रखें। मा0 विधायक औराई दीनानाथ भास्कर बताया कि 562 देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण के लिए महात्मा गांधी ने लौह पुरूष की उपाधि दी। आजादी के समय विखण्डित भारत को एकीकरण के सूत्र में बाधनें के कारण सरदार पटेल जी को "भारत का बिस्माक"कहा जाता है। जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने बताया कि बारदौली में किसानों को कर ना देने के लिए प्रेरित करने व आन्दोलन को सफल बनाने पर महिलाओं ने उन्हें ''सरदार'' की उपाधि ने नवाजा।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर कहा कि भारतीय भू-राजनीतिक एकीकरण के लिए भारत देश हमेशा सरदार पटेल जी के योगदानों के प्रति कृतज्ञ रहेंगा। अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने बताया कि देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में सरदार पटेल जी का अप्रतिम योगदान है पुलिस लाईन में

आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस पर डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए बताया कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री व गृहमंत्री सरदार पटेल जी ने अपने अदम्य साहस सूझबूझ का परिचय देते हुए 562 देशी राजे रजवाड़ों को भारतीय संघ में मिलाया। उन्होंने वन नेशन, वन विजन का संदेश दिया था। जिला कारागार पर कारागार अधीक्षक द्वारा सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए कैदियों को सरदार पटेल जी के शिक्षाओं संदेशों का अनुश्रवण कर जीवन में आगे बढ़ने से प्रेरित किया गया।

विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी ने सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए 1918 में खेड़ा किसान आन्दोलन, 1928 बारदोली सत्याग्रह, आजादी के पूर्व रियासत विभाग की स्थापना कर 562 भारतीय राजे रजवाड़ों को अपनी कूटनीतिक कौशलता से भारतीय गणराज्य में सम्मलित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आज ही के दिन 31 अक्टूबर, 2019 को मा0 प्रधानमंत्री जी ने जम्मू कश्मीर राज्य को 02 केन्द्र शासित प्रदेश, जम्मू काश्मीर व लद्दाख में विभाजित कर केन्द्र में मिलाया। इस तरीके से पटेल जी का सपना पूर्ण व साकार हुआ।

जिला संयुक्त चिकित्सालय में सरदार पटेल जी के जयंती पर सीएमएस द्वारा मरीजों को फल वितरित कर उनका हाल-चाल पूछा तथा उनको मिल रही सुविधाओं व दवाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने सरदार पटेल जी के कार्यो से लोगों को बताते हुए देश की एकता व अखण्डता व सुरक्षा हेतु सभी को प्रेरित किया। डीआईओएस अंशुमान व प्रधानाचार्य जीआईसी के नेतृत्व में जीआईसी कालेज सहित विभिन्न कालेजों में लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर निबन्ध, भाषण, स्लोगन, रंगोली आदि प्रतियोगिता के माध्यम से एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विजन को साकार किया गया। केएनपीजी कालेज में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ रमेश यादव ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाते हुए बताया कि 1918 में खेड़ा किसान आन्दोलन के 100वीं वर्षगाठ पर अर्थात 2018 में मा0 प्रधानमंत्री जी ने गुजरात के नर्मदा जिले के केवड़िया में विश्व की सबसे ऊचीं 240 मीटर की प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को देशवासियों को समर्पित किया। उनकी विशाल आदमकद प्रतिमा बनाने में सारे देश के किसानों ने अपने लौह कृषक उपकरणों को अर्पित किया था। जो विविधता में एकता का संदेश देता है।

अन्य प्रोफेसरगण ने बताया कि 05 अगस्त 2019 को मा0 प्रधानमंत्री जी अनुच्छेद 370 एवं 35ए को समाप्त कर पटेल जी के वन नेशन, वन विजन को साकार करते हुए वन नेशन, वन कांस्टिटयूशन (एक देश, एक संविधान) को लागू कर लौह पुरूष सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धाजलि अर्पित किया। राष्ट्रीय एकता व अखण्डता का संदेश देने के लिए जिला स्टेडियम में क्रीडाधिकारी अभिज्ञान मालवीय द्वारा के नेतृत्व में आयोजित 800 मीटर की दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिसमें कई खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उन्होंने सभी धावकों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए सरदार पटेल जी के द्वारा किये गये राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व से अवगत कराया।

लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी, सभी विभागाध्यक्ष, सभी बेसिक इण्टर, डिग्री कालेजों सहित अशासकीय कार्यालयों, संस्थानों, ग्राम प्रधानों, जनपदवासियों ने शपथ लेते हुए राष्ट्र की एकता व अखण्डता को बनाये रखने की प्रतिबद्धता के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत को साकार किया। कलेक्ट्रेट कार्यक्रम में उपाजिलाधिकारी आकाश कुमार, संभ्रांत नागरिक गण,विकास भवन में पीडी डीआरडीए आदित्य कुमार ,जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, उपायुक्त मनरेगा स्वत-रोजगार राजाराम ,डीपीआरओ संजय मिश्रा अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

जारी हुआ विधानसभा मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन- उप जिला निर्वाचन अधिकारी

प्रेस-विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर जनपद में अवस्थित समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया गया है, उक्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निम्नवत है :-

1	विधानसभा मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन	दिनांक-29-10-2024 (मंगलवार)
2	दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि (नये नाम बढ़ाना/अपमार्जन/संशोधन)	दिनांक-29-10-2024 (मंगलवार) से दिनांक-28-11-2024 (गुरूवार) तक
3	विशेष अभियान तिथियां	दिनांक-09-11-2024 (शनिवार) दिनांक-10-11-2024 (रविवार) दिनांक-23-11-2024 (शनिवार) दिनांक-24-11-2024 (रविवार)
4	दावे और आपत्तियों का निस्तारण	दिनांक-24.12.2024 (मंगलवार)
5	विधानसभा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन	दिनांक-06-01-2025 (सोमवार)

अतः आप सभी से अपेक्षा है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में अर्हता तिथि 01-01-2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे नागरिक अपना नाम फार्म-6 भरकर दर्ज कराने एवं जिनका नाम पूर्व से मतदाता सूची में दर्ज है और मतदाता के निवास का स्थानांतरण, प्रविष्टियों में सुधार, बिना किसी सुधार के EPIC प्रतिस्थापन, दिव्यांगजन चिन्हांकन करने सम्बन्धी प्रविष्टियों के सुधार हेतु फार्म-8 तथा मतदाता सूची में विद्यमान ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा स्थायी रूप से अन्यत्र चले गये है अथवा उनका नाम मतदाता सूची में दो स्थान पर दर्ज है उनको हटाने हेतु फार्म-7 भरकर आपके नजदीकी मतदेय स्थल पर नियुक्त कार्मिकों (बूथ लेबिल आफिसर एवं पदाभिहित अधिकारी) को उपलब्ध कराते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग प्रदान करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी,
भदोही।

स्वतंत्र प्रभात

भदोही - उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पत्र के माध्यम से जनपदवासियों को सूचित कराया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में 01 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निम्नवत है। जिसमें 29 अक्टूबर को विधानसभा मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावे और आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि नये नाम बढ़ाया/ अपमार्जन/ संशोधन दिनांक 09,10 नवम्बर, 23,24 नवम्बर को विशेष अभियान तिथियाँ, 06 जनवरी को विधानसभा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।अतः आप सभी से अपेक्षा है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में अर्हता तिथि 01-01-2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे नागरिक अपना नाम फार्म-6 भरकर दर्ज कराने एवं जिनका नाम पूर्व से मतदाता सूची में दर्ज है और मतदाता के निवास का स्थानांतरण, प्रविष्टियों में सुधार, बिना किसी सुधार के EPIC प्रतिस्थापन, दिव्यांगजन चिन्हांकन करने सम्बन्धी प्रविष्टियों के सुधार हेतु फार्म-8 तथा मतदाता सूची में विद्यमान ऐसे मतदाता जिनकी मृत्यु हो चुकी है अथवा स्थायी रूप से अन्यत्र चले गये है अथवा उनका नाम मतदाता सूची में दो स्थान पर दर्ज है उनको हटाने हेतु फार्म-7 भरकर आपके नजदीकी मतदेय स्थल पर नियुक्त कार्मिको (बूथ लेबिल आफिसर एवं पदाभिहित अधिकारी) को उपलब्ध कराते हुए मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने में सहयोग प्रदान करें।

कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बेईमानी से भूमि रजिस्ट्री कराने के अपराध में संलिप्त/पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त लखनऊ से गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

दिनांक 29.03.2024 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमवांमाफी स्थित वादी मुकदमा श्री आशीष पाण्डेय पुत्र गंगाधर पाण्डेय निवासी अमवा माफी थाना गोपीगंज जनपद भदोही की भूमि का आरोपीगण द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जीवित व्यक्ति को मृत दर्शाते हुए बेईमानी से 10 हिस्सेदारों के नाम की भूमि को दो लोगों में वरासत करा कर अपने नाम रजिस्ट्री कराने के संबंध में प्राप्त सूचना पर आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-82/2024 धारा- 419, 420, 467, 468, 471, 120बी भा0द0वि0 का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

डा0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए। पंजीकृत अभियोग में विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान जौनपुर निवासी एक आरोपी की संलिप्तता प्रकाश में आई। दिनांक 28.10.2024 को स्थानीय पुलिस द्वारा उपरोक्त अपराध में संलिप्त/पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्त सैय्यद मेहदी उल हसन पुत्र वजीउल हसन निवासी मुफ्ती मोहल्ला थाना कोतवाली जनपद जौनपुर उम्र करीब 54 वर्ष को बी.सी.सी. रेजिडेंसी हजरतगंज, लखनऊ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

उद्योग बन्धु की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने कई उद्यमियों की समस्याओं का अबिलंब निस्तारण करने का दिया निर्देश

● व्यापारियों,उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण ससमय व गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

भदोही -जिलाधिकारी विशाल सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक आहुत की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में व्यापारी बन्धु/उद्योग बन्धुओं से जुड़े मामलों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से निर्धारित समय अवधि में किया जाये, व्यापारियों/उद्यमियों के प्रति सहयोगात्मक रूख अपनाया जाये और उद्यमियों के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण समय से किया जाये, जिससे कि जनपद में अधिक से अधिक रोजगार के साधन सृजित हों, उद्यमी अपने उद्योग को बेहतर ढंग से संचालित कर सके । जिलाधिकारी ने व्यापारियों,उद्यमियों के उद्योग के संचालन में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि व्यापारी बन्धुओं से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण नियमानुसार प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाये । जिलाधिकारी ने व्यापारियों की विद्युत बिल से संबंधित समस्याओं के दृष्टिगत अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि मानक के अनुसार उचित देय विद्युत बिल व्यापारियों को दिया जाए,इसमें किसी भी प्रकार का टेक्निकल प्रॉब्लम हो तो उसे ठीक कर लिया जाए। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा जमीन व राजस्व पट्टे से जुड़ी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उप जिलाधिकारी औराई व उप जिलाधिकारी भदोही से फोन पर वार्ता कर एक सप्ताह के अन्दर समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये । बैठक में उपायुक्त उद्योग, जनपद के व्यापारी,उद्यमी , निवेशकों व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी गण सहित अन्य सभी सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

मिलावटी 10 किग्रा डालडा नष्ट कराकर की गई विधिक कार्यवाही

●खाद्य दुकानों से खोया, पनीर, घी, काजू, सरसों तेल, पेड़ा के नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु भेजे जा रहे हैं लैब, अपमिश्रण पाए जाने होगी कड़ी कार्यवाही

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग खाद्य पदार्थों में अपमिश्रण रोकने हेतु की जा रही हैं औचक छापेमारी

खाद्य प्रदार्थों में मिलावट पर टोलफ्री नम्बर-1800112100 पर दर्ज कराए शिकायत या सूचित करें कलेक्ट्रेट स्थित खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को

स्वतंत्र प्रभात

भदोही - आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी विशाल सिंह के निर्देश के क्रम में जनपद-भदोही में दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत खाद्य/पेय पदार्थों में सम्भावित मिलावट पर प्रभावी बिक्री/भण्डारण की रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-I खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग शशि शेखर एवं उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर अरुण गिरी द्वारा गोपीगंज बाजार, जंगीगंज,भदोही में मिठाई प्रतिष्ठानों व अन्य दुकानों का निरीक्षण किया गया। साथ ही खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के उल्लघंन के संदेह के आधार पर खोया, पनीर, घी, काजू, सरसों तेल, पेड़ा के कुल 07 नमूने संग्रहित कर जॉच हेतु लैब भेज दिया गया। 10 किग्रा डालडा, नगरपालिका भदोही में नष्ट कराया गया। विवेचना के उपरान्त खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। साथ ही खाद्य कारोबारकर्ता को निदेर्शित किया गया कि व्यापारी खाद्य पदार्थ में किसी भी प्रकार की कोई मिलावट न करें। खाद्य रंगो तथा वर्क का प्रयोग सीमित मात्रा में करें तथा खाद्य प्रतिष्ठान लाईसेंस / पंजीकरण प्रमाण पत्र सहज दृश्य स्थान पर प्रदर्शित करें साथ ही किचेन क्षेत्र में सफाई सुनिश्चत करने हेतु किचन में सी0सी0टी0वी0 कैमरा स्थापित कर उसकी दृश्यता उपभोक्ता क्षेत्र में प्रदर्शित की जाय। नकली खोया की जाँच कैसे करें खोया में आयोजित टिंचर डालने पर खोया का रंग बैगनी में गहरा नीला जा जाता है, तो वह खोया नकली है। किसी भी प्रकार की मिलावट की शिकायत विभागीय टोलफ्री नम्बर-1800112100 पर दर्ज कराई जा सकती है। जनस्वास्थ्य के हित में तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

भदोही में बदले की भावना में प्रिंसिपल की हुई थी हत्या

● भदोही पुलिस ने खंगाले 200 सीसीटीवी

आरोपी के पिता का 27 साल पहले ऐसे ही हुआ था मर्डर

स्वतंत्र प्रभात

भदोही। जिले में इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल योगेंद्र बहादुर सिंह के हत्या का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या में शामिल मास्टरमाइंड और दो अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 27 साल पहले 1997 में हत्यारोपी क़े पिता की हत्या की गई थी। जिसका बदला लेने के लिए उसने रेकी कर प्रिंसिपल की गोली मार कर हत्या की। हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर मीनाक्षी कात्यायन ने जानकारी दी। भदोही थाना क्षेत्र के अमिलोरी गांव निवासी योगेंद्र बहादुर सिंह की 21 अक्टूबर को 9:00 बजे बसावनपुर में कार रुकवा कर हत्यारे ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की खुलासा के लिए पुलिस अधीक्षक 5 टीम गठित किया था। गठित टीम ने सीसीटीवी कैमरा की जांच पड़ताल करते हुए हत्यारों की पहचान की। पुलिस ने 80 किलोमीटर में 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही सर्विलांस की मदद ली गई। पुलिस हत्यारों की गिरफ्तार में जगह-जगह दबिश दे रही थी कि चकपडौना गांव के सामने सुपारी किलिंग के मास्टरमाइंड और हत्या करने के आरोपी कलीम निवासी फाफामऊ और सौरभ सिंह निवासी चिल्ला शिवकुटी प्रयागराज को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस हत्या में प्रयुक्त टाटा सफारी भी बरामद की। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ कर हत्या में शामिल शुटरों की भी गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस द्वारा प्रयास जारी है। 21 अक्टूबर को भदोही में इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल योगेंद्र बहादुर सिंह (56) की हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे वह ड्राइवर के साथ कार से कॉलेज जा रहे थे। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी कार रुकवाई। प्रिंसिपल ने जैसे ही कार का शीशा नीचे उतारा, हमलावरों ने उनको गोलियों से भून दिया। हमलावरों ने 10 गोलियां चलाईं। 5 प्रिंसिपल को लगी। कार के अंदर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सौरभ सिंह अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए अपने पूर्व परिचित मोहम्मद कलीम को हत्या की सुपारी देकर घटना को अंजाम देने के लिए तैयार किया था। घटना में शामिल अन्य शूटरों के संबंध में पुलिस जानकारी करने के साथ ही गिरफ्तारी करने के प्रयास में जुटी हुई है।

परिवार परामर्श केंद्र ने 136 परिवारों को टूटने से बचाया

- परिवारों में आपसी मतभेद बुलाकर कराया गया सुलह समझौता
- परिवारों को पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मिठाई देकर दीपावली की दी गई शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात

बांदा। पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में बांदा पुलिस के परिवार परामर्श केंद्र टीम ने समाज में परिवारों को एकजुट रखने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के तहत 136 परिवारों में सुलह समझौता कराया है । इन परिवारों के बीच उत्पन्न हुए विवादों को आपसी सहमति और सामंजस्य से सुलझाते हुए उन्हें अलगाव से बचाने का कार्य किया गया । आज इन सभी परिवारों को पुलिस लाइन बांदा में आमंत्रित कर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज तथा क्षेत्राधिकारी नरैनी श्रीमती अंबुजा त्रिवेदी द्वारा मिष्ठान्न व उपहार भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं दी गई । कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत सभी परिवारों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में जानकारी दी तथा उनके फॉर्म भी भरवाए गए साथ ही महिलाओं, बच्चों और अन्य जरूरतमंद वर्गों की सुरक्षा और सहायता के लिए उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई । यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी परिवार आवश्यक सहायता और परामर्श प्राप्त कर सकें, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान हो और वे एक बेहतर जीवन जी सकें । बांदा पुलिस द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सभी परिवारों ने दीपावली के इस विशेष अवसर पर एक साथ मिलकर अपने भविष्य की ओर सकारात्मक दृष्टिकोण से आगे बढ़ने की आशा व्यक्त की साथ ही सभी परिवारों ने उनके रिश्ते बचाने के लिए बांदा पुलिस को हृदय से धन्यवाद दिया ।

संक्षिप्त ख़बरें

निर्भीक होकर धनतेरस व दीपावली का त्यौहार मनाए क्षेत्र के लोग- कोतवाल

कोखराज कौशाम्बी। जनपद में कोखराज थाना क्षेत्र के चाकवन चौराहा में आज धनतेरस व दीपावली को लेकर आसपास पैदल गस्त करते हुए कोखराज एसओ दुर्गेश कुमार गुप्ता ने आम जनता से मुलाकात कर खरीददारी कर रहे लोगों से व्यवस्था का हाल-चाल जाना और लोगों से कहा कि दीपावली धनतेरस का त्यौहार अमन चैन के साथ निर्भीक होकर मनाएं धनतेरस व दीपावली के त्योहार को लेकर बाजारों में पैदल गस्त कर लोगो को सुरक्षा व निर्भीक होकर दुकानों पर व्यापार करने को कोतवाल ने कहा उन्होंने कहा कि कोई भी आरजकता व परेशानी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दे पैदल गस्त के दौरान हमराहियों के साथ कोतवाल शराब के ठेके पर पहुँच गए और ठेके पर भीड़ देख कर उन्होंने कहा कि आइंदा से ठेके पर भीड़ ना लगने पाए और हिदायत दी कि रोड पर कोई भी दारू पीता हुआ नही दिखना चाहिए यदि मना करने के बाद भी नहीं माने तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंझनपुर चौराहे से सर्राफा बाजार तक मार्च पास्ट कर लोगों को राष्ट्रीय एकता का दिया गया सन्देश

कौशाम्बी। जनपद में राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 149वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में उत्साह उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मंझनपुर चौराहे से सर्राफा बाजार तक पुलिस विभाग द्वारा मार्च पास्ट कर लोगों को राष्ट्रीय एकता का सन्देश दिया गया।

एलेक्सा इंस्टीट्यूट के छात्र छात्राओं ने हासिल किया शत प्रतिशत परीक्षाफल

अंबेडकरनगर। जिले विकास खण्ड जहांगीरगंज अन्तर्गत देवरिया बाजार में स्थित एलेक्सा इंस्टीट्यूट ने अपनी उत्कृष्ट शिक्षा पद्धति और मेहनत के बल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए इंस्टीट्यूट के 100 प्रतिशत रिजल्ट हासिल होने पर क्षेत्रवासियों में खुशी व्यक्त किया है। आपको बता दें कि एलेक्सा इंस्टीट्यूट के मैनेजिंग डायरेक्टर राज मिश्रा के मार्गदर्शन में क्षेत्र के कम्प्यूटर शिक्षा लेने वाले छात्र छात्राओं को सीसीसी और ओ लेवल जैसे सरकारी कोर्सेज में संस्थान के सभी छात्र छात्राओं ने 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। क्षेत्रीय लोगों ने पाल्यों को यह उपलब्धि हासिल करने पर क्षेत्र के लोगो ने खुशी व्यक्त किया है। संस्था द्वारा कड़ी मेहनत और शिक्षकों के प्रयास से संस्था क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राज मिश्रा ने बताया कि हमारे संस्थान में अध्ययनरत छात्र हमेशा लगन से कड़ी मेहनत करते हैं और संस्थान छात्रों को हर सम्भव मदद और मार्गदर्शन प्रदान करता है। छात्र छात्राओं द्वारा 100त परिणाम प्राप्त कर संस्था को गौरवित किया है और यह साबित होता है कि सही दिशा निर्देशन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। एलेक्सा इंस्टीट्यूट के टॉप करने वाले विद्यार्थियों में सचिन यादव, संदीप गुप्ता, आलोक पांडेय, विकास, रंजना, दीपक पाण्डे, हर्षित सिंह, शिखा कन्नौजिया, अवनीश यादव, रविकांत, सुनील निषाद, प्रीती चौबे, रोशन लाल को क्षेत्रीय लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।

रंगोली प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

अंबेडकर नगर। विकास खण्ड जहांगीरगंज अंतर्गत ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित में दीपावली पर्व का स्वागत विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया बच्चों द्वारा बनाई गई मनमोहक रंगोली ने लोगों का मन मोह लिया। ब्लूमिंग चिल्ड्रेन एकेडमी देवरिया पंडित में कक्षा एक से लेकर सभी छात्र छात्राओं ने रंगोली प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें छात्र छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा, राम मन्दिर, के साथ गणेश जी एवं लक्ष्मी जी की बेहद आकर्षक रंगोली बनाकर लोगों को आकर्षित किया। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन के लिए विद्यालय के संरक्षक लालमणि गोंड, व्यवस्थापक डा.श्रीकान्त मिश्र, प्रबंधक रमेशचन्द्र गुप्ता, प्रधानाचार्या सीमा गुप्ता ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली का निरीक्षण किया और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। निरीक्षण में कक्षा 6,4,2,9,12 की बालिकाओं एवं कक्षा 8 के बालकों द्वारा बनाई गई रंगोली को पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक रमेशचन्द्र गुप्ता एवं प्रधानाचार्या सीमा गुप्ता ने प्रतियोगिता में चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर शिक्षक विपयराज उपाध्याय, दिलशाद, प्रेम, सुनील, पवन, रामनरेश, आकाश, संदीप कुमार, शिक्षिकाएँ सुमन, जयमाला, अंजनी, अंजू, सीमा, नीतू, संध्या, कुमुद, प्रियंका, ममता, खुशबू आदि मौजूद रहें।

दीप महोत्सव के अवसर पर बच्चों ने बनाई रंगोलिया

स्वतंत्र प्रभात

शंकरगढ़ प्रयागराज। विकासखंड शंकरगढ़ स्थित नवोदित शिक्षा केंद्र इंटर कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रवेशिका से लेकर कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा एक से बढ़कर एक मनमोहक रंगोली द्वारा सभी का मन मोह लिया गया सीनियर वर्ग में कक्षा 9 से 12 में कक्षा 10 की रंगोली को प्रथम स्थान कक्षा 9 की रंगोली को द्वितीय स्थान तथा कक्षा 12 की रंगोली को तृतीय स्थान दिया गया जबकि जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 में कक्षा 8 को प्रथम स्थान कक्षा 7 को द्वितीय स्थान तथा कक्षा 6 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इसी के साथ प्राइमरी में प्रवेशिका से लेकर कक्षा 5 तक में प्रवेशिका को प्रथम स्थान कक्षा तीन को द्वितीय स्थान तथा कक्षा 5 को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।अच्छी कलाकृति के लिए विद्यालय में बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें ऐसे ही उनका मनोबल बढ़ता रहे इसके लिए जिले में होने वाले कार्यक्रमों पर भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी द्वारा विद्यार्थियों की मेहनत के लिए उनकी सराहना की गई इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह विजय शंकर मिश्रा ज्ञानेंद्र अशोक त्रिपाठी उत्तम सिंह बघेल दीपक विश्वकर्मा ज्ञानेंद्र मिश्रा एलएन वर्मा सोमेश शुक्ला अनिल रविंद्र आभा मिश्रा कामिनी सिंह अनीता सिंह अर्चना सिंह माया सिंह आदि समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय एवं दैनिक लेखा रख-रखाव से सम्बन्धित दी गयी जानकारियां

● - मोबाइल नं0- 9118750278 पर सम्पर्क कर दे सकते है चुनाव सम्बंधित सुझाव/शिकायत।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। व्यय प्रेक्षक अजय ई0 यूकेई नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण/मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार तथा सहायक नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण श्रीमती मधूलिका सिंह, मदन लाल एवं तेज बहादुर सिंह एवं सहायक व्यय प्रेक्षक रजनी कान्त विद्यार्थी तथा राजेश कुमार चौबे तथा 256 फूलपुर विधानसभा उप निर्वाचन-2024 में लड़ने वाले प्रत्याशियों/उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में निर्वाचन के दौरान निर्वाचन व्यय एवं दैनिक लेखा रखरखाव से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करायी गई, साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। बैठक में व्यय प्रेक्षक द्वारा सभी प्रत्याशियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सीमा रूपया 40 लाख तक व्यय किये जाने से अवगत कराया गया, प्रत्याशियों/उनके अभिकर्ताओं को व्यय प्रेक्षक के निर्देशानुसार लेखा मिलान की निर्धारित तीन तिथियों दिनांक 04.11.2024, 08.11.2024 एवं 11.11.2024 से भी अवगत कराया गया। साथ ही रिटर्निंग आफिसर द्वारा दिये गये रजिस्टर में नामांकन के दिनांक से निर्वाचन की घोषणा तक का व्यय (दोनो तिथियाँ शामिल) का व्यय रजिस्टर में दर्ज किया जाना भी बताया गया। सभी प्रत्याशियों का सम्पूर्ण निर्वाचन के दौरान एक मद में अधिकतम रूपया 10 हजार नगद की अधिकतम सीमा तक व्यय करने से अवगत कराया गया। प्रत्याशियों को व्यय से सम्बन्धित सम्पूर्ण वाऊचर्स सुरक्षित रखते हुए व्यय लेखे के निरीक्षण के समय प्रस्तुत किये जाने से अवगत कराया गया। प्रत्याशियों को निर्वाचन व्यय लेखे रजिस्टर में उल्लिखित तीनो प्रकार के व्यय (नगद, बैंक व दिन-प्रतिदिन) के अंकन के बारे में अवगत कराया गया। प्रत्याशियों को निर्वाचन के दौरान निर्वाचन कार्य हेतु पृथक से खोले गये बैंक खाते से ही समस्त लेने-देन के बारे में अवगत कराया गया। प्रत्याशियों के अपराधिक विवरण का प्रकाशन तीन बार समाचार पत्र/निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित संस्था से कराकर उसपर होने वाले व्यय को व्यय विवरण में शामिल करने से अवगत कराया गया। व्यय प्रेक्षक श्जय ई0 यूकेई से अभ्यर्थी/आमजन पूर्वान्ह 10:00 बजे से 11:59 बजे के मध्य कमरा नं0- 07 सर्किट हाउस में सम्पर्क कर चुनाव सम्बंधित सुझाव/शिकायत दे सकते है। मा0 प्रेक्षक महोदय से उनके मोबाइल नं0-9118750278 पर भी सम्पर्क कर सकते है।

कामगार और श्रमिक आयोग जनपद समिति व श्रम विभाग से सम्बंधित कार्यो की। की समीक्षा

● - रोजगार की फीडिंग प्रत्येक माह नियमित रूप से कराये जाने के दिए निर्देश।

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में उ0प्र0 कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग जनपद समिति व श्रम विभाग से सम्बंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सेवायोजन अधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस आयोग का गठन सरकारी तथा गैर-सरकारी क्षेत्र में अधिकाधिक सेवायोजन एवं रोजगार सृजित करना एवं इसमें शतत् वृद्धि करना है। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को उ0प्र0 कामगार और श्रमिक आयोग के द्वारा विकसित एकीकृत रोजगार संगम पोर्टल पर अपने जनपद स्तरीय कार्यालयों का पंजीकरण कराते हुए उनके द्वारा दिए जाने वाले रोजगार की फीडिंग प्रत्येक माह नियमित रूप से कराये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने निजी औद्योगिक ईकाईयों के साथ समन्वय करके अधिक से अधिक रोजगार के अवसर को सृजित करने व फील्ड स्तर पर डेटा का संग्रहण कर फीडिंग कराये जाने के लिए निर्देशित किया है।

मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा बैठक में श्रम विभाग से सम्बंधित औद्योगिक श्रम शांति की स्थिति, दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा कारखानों में श्रम अधिनियमों के उल्लंघन पर विधिक कार्यवाही, अधिष्ठान पंजीयन व उपकर संग्रहण की स्थिति, भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम-1996 के अन्तर्गत श्रम प्रवर्तन अधिकारीवार निरीक्षण, बाल एवं बंधुआ श्रम की समीक्षा व अन्य बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सहायक श्रमायुक्त के द्वारा बताया गया कि जनपद में श्रमशांति बनी हुई है तथा किसी भी उद्योग में हड़ताल, तालाबंदी की सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उपकर संग्रहण को बढ़ाने व श्रम प्रवर्तन की कार्यवाही को बढ़ाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण अधिनियम-1996 के अन्तर्गत श्रम प्रवर्तन की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को विभागीय लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत निरीक्षण किए जाने के निर्देश दिए है। मुख्य विकास अधिकारी ने बाल श्रम निरीक्षण, चिन्हॉकन एवं सेवायोजकों के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा करते हुए इसमें प्रगति लाने के लिए कहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना-टेड्डर्स की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष कम पंजीयन को बढ़ाये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त डॉ0 संजय कुमार लाल, जिला सेवायोजन अधिकारी चंद्रकांत सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी- महेन्द्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार, श्रीमती अमिता, शिवचरण, निमेष कुमार सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

02 वर्षीय बच्चे को अपराधी के चंगुल से ढूंढ निकालने पर, महानिरीक्षक/रेल सुरक्षा बल ने जवानों को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

प्रयागराज। 02 वर्षीय बच्चे को उसके मां-बाप को सकुशल सुपुर्द किया गया है। बच्चे को सकुशल बरामद कराने व अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम में रेल सुरक्षा बल थाना-प्रयागराज के निरीक्षक एस0के0 सिंह सहायक उप निरीक्षक बृजमोहन, सहायक उप निरीक्षक उमेश कुमार सरोज, हे0का0 राकेश शुक्ला, हे0का0 गौतम चौधरी, थाना जीआरपी प्रयागराज से उ0नि0 राजवीर यादव, हे0का0 नदीम अहमद व का0 राणा राजवेन्द्र सिंह को महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रेल सुरक्षा बल प्रयागराज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।। भविष्य में भी इस प्रकार के प्रकरणों मे संवेदनशीलता के साथ कार्य करते रहने बाबत दिशा-निर्देशित किया गया। ज्ञात हो की दिनांक 12.10.2024 को भिंड मध्य प्रदेश की रहने वाली एक महिला पूजा पत्नी सोनू उम्र 25 वर्ष अपने 02 वर्ष के बच्चे एवं पिता भगवान सिंह व माता मुन्नी व दो भाइयो के साथ संगम स्नान के पश्चात प्रयागराज जंक्शन आए थे। रात लगभग 02.00 बजे यह सभी लोग रेलवे स्टेशन प्रयागराज जंक्शन के पैसेंजर हाल में आकर लेट गए और नींद लग गई। इसी दौरान उनका 02 वर्ष का बच्चा इशिकांत अचानक गायब हो गया, जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट जीआरपी प्रयागराज द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 0440/24 दिनांक 12.10.2024 समय 23.25 बजे भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है तथा घटना के सम्बन्ध में तत्काल रेल सुरक्षा बल व जीआरपी के आस-पास के थानों को सूचना दी गयी। सिविल पुलिस थाना विंध्याचल को डायल 112 पर बच्चे के सम्बन्ध में सूचना प्राप्त हुई और सूचना के आधार पर उनके द्वारा तत्काल बच्चे को बरामद किया गया। सूचना पर विंध्याचल थाना पहुंचकर उक्त बच्चे को रेल सुरक्षा बल व जी आर पी प्रयागराज टीम द्वारा अपने कब्जे में लिया तथा आरोपी का हुलिया व फोटो के आधार पर दिनाक 13.10.2024 को सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से अपहरणकर्ता को गिरफ्तार किया गया। अपहरणकर्ता द्वारा पूछने पर अपना नाम नरेश पुत्र पुलई उम्र 45 वर्ष निवासी शिवपुर थाना विंध्याचल जिला मिर्जापुर बताया तथा बच्चे को अपने पास रखने का लालच आने पर बिना किसी को कुछ बताये बच्चे को उठाकर छिपाते हुए अपने घर लाया था।

जमीनी विवाद में एक युवक की धारदार हथियार से हत्या, दूसरे की हालत गंभीर

● - घटना के बाद मचा हड़कंप, गांव में तनाव

स्वतंत्र प्रभात

गोण्डा। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम खजुरिया में मंगलवार की सुबह जमीनी विवाद को लेकर कुछ लोगों ने दो युवकों पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें एक की मौत हो गई,वहीं दूसरे का इलाज चल रहा है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए इलाज के लिये राजकीय मेडिकल कालेज गोंडा रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।

घटना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरिया के मजरा निधानपुरवा से जुड़ी है। यहां के निवासी रूप नारायन अवस्थी और ब्रह्मादीन कुरील के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। मंगलवार की सुबह इसी विवादित जमीन को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों में लाठी डंडे व धारदार हथियार चलने लगे। इसी बीच ब्रह्मादीन के पक्ष ने रूप नरायन के पक्ष के दो युवकों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किए गए। इस हमले में मंशाराम अवस्थी (26) पुत्र नंदलाल अवस्थी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रूप नरायन का पुत्र बब्लू अवस्थी (28) गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल बब्लू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां मौजूद डॉक्टर इमरान मोईद ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिले के राजकीय मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सीएचसी कर्नलगंज पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय और क्षेत्रधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से पूरी जानकारी ली और उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया। वहीं मिली जानकारी के मुताबिक घटना में घायल बब्लू अवस्थी 28 वर्ष को गोण्डा से नाजुक हालत में लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया है। मौके पर भारी फोर्स तैनात है। क्षेत्राधिकारी डॉक्टर उमेश्वर प्रभात सिंह ने बताया कि मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

विधानसभा निर्वाचक नामावली विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 मतदाता पंजीकरण केन्द्र का शुभारम्भ

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) कौशांबी के ऑडिटोरियम हाल में आज जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गोड़ की अध्यक्षता में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता पंजीकरण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी,मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, तहसीलदार अनंतदेव , प्राचार्य डायट निधि शुक्ला , और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 सच्चिदानन्द यादव की उपस्थिति में युवाओं, प्रशिक्षुओं और बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को मतदाता पंजीकरण और पुनरीक्षण के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को जागरूक करना और अधिक से अधिक युवाओं को मतदाता सूची में शामिल करना था। अपरजिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान सभी पात्र युवाओं का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं को मतदान की महत्वपूर्णता और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया, ताकि वे अपनी लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों को समझें और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य 2025 के विधानसभा चुनावों से पहले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है। इस अवसर पर डायट के सभी प्रवक्ता, कार्यालय स्टाफ एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

जनपद में भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयन्ती धूमधाम से मनायी गयी

● - ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की दिलायी गई शपथ

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार भारतरत्न, लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल जी की 149वीं जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में जनपद में उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी-अरूण कुमार गोंड एवम् प्रबुद्ध सिंह ने सरदार बल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। सरदार बल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाये जाने के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को ''मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनायें रखने के लिए स्वंय को समर्पित करुंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा संभव बनाया जा सका है। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्यनिष्ठा से संकल्प लेता हूँ'' की शपथ दिलायी गई।

अपर जिलाधिकारी ने लौह पुरूष की जयन्ती पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यद्यपि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती 31 अक्टूबर को है लेकिन शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आगामी 31 अक्टूबर 2024 को दीपावली का त्यौहार एवं अवकाश होने के कारण आज ही हम सब सरदार वल्लभभाई पटेल की जयन्ती मना रहें हैं। उन्होंने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के सिद्धान्तों, आदर्शो एवं आचरण के व्यवहारिक पक्ष को निष्ठापूर्वक एवं सेवा-भाव के साथ आत्मसात करना ही उनके प्रति हम सबकी सच्ची श्रद्धाजली होगी। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आकाश सिंह, कलेक्ट्रेट नाजिर सुनील सिंह एवं कनिष्ठ लिपिक प्रिया सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।।

रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मचाया धमाल

● - दीपावली की पूर्व संध्या पर रंगारंग संस्कृत कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता वा बाल विज्ञान प्रदर्शनी का कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद में जीडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल मंझनपुर में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर धमाल मचाया गया है इस मौके पर तालियो की गड़गड़ाहट से लगातार वातावरण गूंजता रहा और कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पुरस्कृत कर छोटे-छोटे बच्चों का हौसला अफजाई किया है दीपावली की पूर्व संध्या 28 अक्टूबर को विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम बाल विज्ञान प्रदर्शनी रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया है बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रम की लोगों ने भूरि भूरि सराहना की है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर प्रमोद कुमार गुप्ता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों के प्रतिभा में निखार आता है उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय प्रबंधक बड़े लाल केशरवानी ने कहा कि समय-समय पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया जा रहा है उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से छोटे-छोटे बच्चों के अंदर उर्जा का संचार होता है कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार गुप्ता को विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास के साथ सलामी दी गई उसके बाद गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा में दीप प्रज्वलित कर प्रबन्धक के साथ गणेश वंदना सरस्वती वंदना वेलकम सॉन्ग की प्रस्तुति की गई इसके बाद प्रबंधक और प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि वा अभिभावकों का स्वागत सत्कार आभार व माल्यार्पण किया गया

दीपावली महोत्सव के कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में बच्चों द्वारा बेहतर रंगोली बनाई गई जो बड़ी मनमोहक लग रही थी और लोगों ने रंगोली बनाने वाले विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों की तारीफ की रंगोली प्रतियोगिता में स्नेह एवं टीम प्रथम वा लक्ष्मी की टीम द्वितीय तथा मोहम्मद अय्याज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया निर्णायक कमेटी द्वारा रंगोली प्रतियोगिता में विजई टीम का उत्साह वर्धन किया गया इसके बाद विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्टेज के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रामायण की एक झलक रावण वध हनुमान चालीसा दीपावली डांडिया डांस बालिका सशक्तिकरण राधिका कृष्ण डांस वा नृत्य स्पीच बाल दिवस प्रदर्शनी बच्चों द्वारा वाद्य यंत्र ढोलक हारमोनियम व मजीरा से कीर्तन की प्रस्तुत कर बहुत मनोहारी दृश्य वातावरण उत्पन्न किया गया दर्शकों द्वारा लगातार तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया जाता रहा कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि वर्मा एवं शिवलाल केसकर ने किया कार्यक्रम के दौरान छोटे-छोटे बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए कार्यक्रम स्थल में मौजूद लोगों द्वारा पुरस्कार देकर उनका हौसला अफजाई किया गया इस मौके पर लाल चन्द्र केसरवानी एडवोकेट अविनाश त्रिपाठी उमा दत्त त्रिपाठी सहित नगर क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग बच्चों के अभिभावक विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं कार्यक्रम में मौजूद रहे।

ग्राम-सौरई बुजुर्ग में डेंगू व वायरल फीवर की फैली अफवाहों का किया गया खण्डन

● - जनपद में डेंगू से अभी तक कोई भी मृत्यु नहीं हुई-सी0एम0ओ0

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जनपद के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा के अन्तर्गत ग्राम-सौरई बुजुर्ग में डेंगू व वायरल फीवर की फैली अफवाहों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मुधसूदन हुल्गी के निर्देशन में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संजय कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-कड़ा के अन्तर्गत ग्राम-सौरई बुजुर्ग में डेंगू व वायरल फीवर से गाँव के लोग पीडित हो रहे है। इसकी सूचना प्राप्त होते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा की टीम द्वारा गाँव में प्रतिदिन स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया जा रहा है तथा लोगों को मच्छर जनित बीमारी से जागरूक किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा दिनांक 09.10.2024 से लगातार कैम्प का आयोजन कर लोगों का उपचार किया जा रहा है। अब तक 487 लोगों का उपचार किया जा चुका है और 178 लोगों की जॉच की गयी, जिसमे से एन.एस. डेंगू की जॉच में 07 लोगों का रियेक्टिव आया था, जिनमें से 05 व्यक्ति का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कड़ा में किया गया, जो कि स्वस्थ्य हैं एवं 02 व्यक्ति कपिल मुनि उम्र 16 वर्ष पिता-राजकुमार प्रजापति एवं अभय कुमार उम्र 12 वर्ष पिता-विमलेश कुमार तिवारी जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती है। डेंगू से जनपद में अभी तक कोई भी मृत्यु नहीं हुई।

अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कडा द्वारा अवगत कराया गया कि अन्य विभागों (जिला पंचायतराज अधिकरी, खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान) से समन्वय स्थापित कर निरोधात्मक कार्यवाही करायी जा रही है एवं टीमों द्वारा प्रतिदिन कैम्प लगाकर लोगों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है। इसके साथ ही टीम के द्वारा लार्वा साइडल स्प्रे, फॉगिंग तथा 02 मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा भी गाँव में उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिक्षा सम्बन्धी संवेदीकरण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी बताया कि जिला पंचायतराज अधिकारी से समन्वय स्थापित कर गाँव में लार्वा साइडल स्प्रे. फॉगिंग कराया जा रहा है। जनपद में वर्तमान में गाँव में स्थिति सामान्य है।

जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से मंझनपुर बाजार पर पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

● - जिलाधिकारी ने सर्राफा दुकानदारों से दुकानों में सीसीटीवी को लगातार क्रियाशील बनाये रखने एवं निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने की दी हिदायत

स्वतंत्र प्रभात

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्गित जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ मंझनपुर बाजार में पैदल गस्त किया। इसके साथ ही उन्होंने सर्राफा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार सीसीटीवी क्रियाशील हैं या नहीं को देखा इसके साथ ही उन्होंने सर्राफा दुकानदारों से कहा कि सीसीटीवी को लगातार क्रियाशील रखा जाय। उन्होंने बाजार के अन्य दुकानदारों सहित आम लोगों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा.निर्देश दियें। उन्हांने सर्राफा कारोबारियों सहित अन्य दुकानदारों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी, ताकि कोई अप्रिय घटना न होने पाये। गस्त के दौरान जिलाधिकारी ने जो दुकानदार अपनी दुकानें बाहर पटरी तक लगाये हुए थे, उन्हें अन्दर करने को कहा, जिससे बाजार में जाम की समस्या उत्पन्न न होने पाये।

संक्षिप्त ख़बरें

धनतेरस से प्रारम्भ हुआ 5 दिवसीय ज्योति पर्व दीपावली

दीपावली की पूनीत बेला में कल गुरुवार को पूजन हेतु स्टेशनरी की दुकानों में दिव्य श्रीगणेश लक्ष्मी की मूर्तियां सहित सुन्दर चम-चमाती मालाएं तो दुसरी ओर पीतल के दिये व पीतल, ताम्बा आदि के मनभावन बर्तन सज गए हैं। धनतेरस के शुभावसर पर इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिकल के विभिन्न सामान, मोटरसाइकिल शो रुम में कई कम्पनियों के मोटरसाइकिल,स्कूटर आदि पर विशेष छुट भी दी गई है। त्योहारों को लेकर पाकुड़िया बाजार में रौनक है। धनतेरस, दीपावली, काली पूजा को लेकर लोगों में उमंग व उल्लास दिख रहा है?।बच्चे-बच्चियों में उत्साह बढ़-चढ़ कर देखा जा रहा है। त्योहारों को लेकर लोग झाड़ू, मिट्टी के दिये, मालाएँ, गणेश लक्ष्मी की मूर्तियां, पूजन सामग्री आदि की खरीददारी करते देखे जा रहे हैं।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

बरही- बरही थाना क्षेत्र के गया रोड चौक के पास हुए सड़क हादसे में मल्लाहटोली निवासी पवन निषाद (28 वर्ष), पुत्र सुरेश निषाद की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पवन चौक से कुछ सामान खरीदकर पैदल घर लौट रहे थे, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में पवन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को रोक लिया और पुलिस को सूचित किया। बरही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे से मल्लाहटोली में शोक का माहौल है और परिजन गहरे सदमे में हैं, उनका रो-रोकर बुरा हाल है।

विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू को जिताने के लिए की गई बैठक

पाकुड़ - हिरणपुर प्रखंड के मोहनपुर गांव में कांग्रेस प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम की अध्यक्षता में की गई। इस बैठक में कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए कहा अपने अपने बूथ में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू को अधिक मत से जिताना है। प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता जे0 एम 0एम 0के साथ मिलकर एक बड़ी जीत के लिए हमलोग काम करेंगे ,साथ ही पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के लिए भी काम करना है। हमलोगों का जो क्षेत्र है, उसमे हमलोग मदद करेंगे और वोट दिलाएंगे। सभी कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन प्रत्यासी हेमलाल मुर्मू से मिलने की इच्छा जाहिर की जिसपर बात करके जल्द ही मिलाया जाने का आश्वासन दिया गया। एक एक वोट जे 0एम 0एम0 को मिले इसके लिए काम करने को कहा गया। बैठक में लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष मुर्शीद आलम, मुस्ताक मोमिन, मुजामिल अंसारी, आबिद इस्लाम ,मन्नाफ मोमिन, अलीहुसेन अंसारी, सत्तार मोमिन सहित अन्य उपस्थित थे।

मुन्ना सिंह ने मंजीत यादव की हत्या को बताया निंदनीय, परिवार के प्रति जताई संवेदना

हजारीबाग- हजारीबाग के खिरगांव सिरका इलाके में दिनदहाड़े बाइक पर सवार दो हथियारबंद शूटरों ने जमीन कारोबारी और पूर्व रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष मंजीत यादव की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मौके पर पहुंची पुलिस हत्यारों की तलाश में जुटी हुई है, हालांकि अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं हजारीबाग से इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने गहरा शोक और आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं प्रशासन से मांग करता हूँ कि दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुन्ना सिंह ने मंजीत यादव के परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि मंजीत यादव के परिवार को इस कठिन समय में सहनशक्ति और साहस प्रदान करें। यह अपूरणीय क्षति है। वहीं स्थानीय नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन से शीघ्र न्याय की उम्मीद जताई है।

दीपावली के अवसर पर ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

● रंग-बिरंगी सजावट और प्रतियोगिता से बच्चों ने मनाई दीपावली

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण - पांडेयबारा चपरीकला स्थित ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, ताकि वे दीपावली जैसे विशेष पर्व पर अपनी कला का प्रदर्शन कर सकें और त्योहार की खुशियों को साझा कर सकें। रंगोली प्रतियोगिता में छात्रों को चार अलग-अलग ग्रुपों में बाँटा गया जिससे उनकी रचनात्मकता को एक टीम के रूप में दिखाने का अवसर मिल सके। चारों ग्रुपों ने अपनी-अपनी रचनाओं में अनोखे और रंग-बिरंगे डिजाइनों का प्रदर्शन किया, जो न केवल उनकी कला को दर्शाते थे, बल्कि उनके उत्साह और पर्व के प्रति उनकी भावना को भी प्रकट कर रहे थे। सभी समूहों ने एक से बढ़कर एक सुंदर रंगोली बनाई, जिनमें दीपावली के प्रतीकों, फूलों और पारंपरिक डिजाइनों का अनोखा समावेश था। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तरन्नुम ग्रुप, द्वितीय स्थान पर सौम्या ग्रुप एवं तीसरे स्थान पर शशांक ग्रुप रही। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों में तरन्नुम प्रवीण, सादिया खातून, मीनाक्षी कुमारी, आफरीन प्रवीण शामिल रहें। स्कूल के निदेशक पंचम कुमार पांडेय ने बच्चों की रंगोली देख उनकी सराहना की और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेते हुए देखकर यह महसूस हुआ कि हमारे छात्र काफी रचनात्मक हैं। इस प्रकार के आयोजन से उनकी कला को निखारने का मौका मिलता है और यह उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। उन्होंने दीपावली के त्योहार के महत्व पर भी प्रकाश डाला और छात्रों को अपने पारंपरिक त्योहारों से जुड़ने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में धनंजय कुमार, अंजली सिंह, सोहानी कुमारी, अंजना सिंह, रीता कुमारी, रशिक सिंह, राजा गुप्ता आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बच्चों को रंगोली बनाने में मार्गदर्शन किया और उनके साथ मिलकर प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

अनूठी पहल - ग्रीन वैली में दीपोत्सव के साथ मतोत्सव, रंगोली सजाकर जलाये गए दीप

● बच्चों ने बनाया मतदाता जागरूकता कार्ड, पड़ोस में बांटकर किबवोट देने की अपील

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग- शहर से 13 किलोमीटर दूर हजारीबाग-बड़कागांव मार्ग पर फतहा चौक के पास जमुआरी गांव स्थित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल में दीवाली उत्सव कार्यक्रम में बच्चों ने मतदान को लेकर अनोखी पहल की। 13 नवंबर को मतदान को लेकर बच्चों ने न सिर्फ मतदाता जागरूकता कार्ड बनाया बल्कि उसे अपने आस पड़ोस में बांटकर लोगों से वोट देने की अपील की। स्कूल के प्रिंसिपल विश्वेन्दु जयपुरियार ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उन्होंने इस बारे में सोचा। जिसके बाद बच्चों ने मतदान से संबंधित स्लोगन लिखे आकर्षक कार्ड बनाकर अपने पड़ोस में रहने वाले लोगों को देकर 13 नवंबर को मतदान की अपील की। इन कार्ड्स में कई स्लोगन लिखे गए थे, जिनमें पहले मतदान फिर जलपान, मतदान है आपका अधिकार, बनो देश के भाग्य विधाता, अब जागो प्यारे मतदाता, छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करे मतदान, वोट के लिए समय निकाले, अपनी जिम्मेवारी कभी न भूले समेत अन्य कई शामिल थे। प्रिंसिपल ने कहा कि स्कूल न सिर्फ इस इलाके में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहा है बल्कि समय-समय पर कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर एक नई पहल भी कर रहा है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान पेरेंट्स टीचर मीट के समय स्कूल के बच्चों न डुगडुगी बजाकर वोट देने की अपील की थी। वहीं रिपोर्ट कार्ड के साथ मतदान से संबंधित स्लोगन वाली पर्ची भी दी गयी थी। मंगलवार को आयोजित दीवाली उत्सव को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं में सुजाता, अंजू मिश्रा, निशा कुमारी, मीला बांडों, कविता सिन्हा, नितिन हंस, रुपाली कुमारी और सुनीता एक्का शामिल रहे।

निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने की समाजसेवी मंजीत यादव की हत्या की कड़ी निंदा

● बच्चों ने बनाया मतदाता जागरूकता कार्ड, पड़ोस में बांटकर किबवोट देने की अपील

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग, झारखंड- युवा नेता एवं निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने समाजसेवी मंजीत यादव की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने इस घटना को समाज के लिए एक बड़ी क्षति करार देते हुए कहा कि मंजीत यादव न केवल समाज सेवा में समर्पित थे, बल्कि रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने अमूल्य योगदान दिया। मंजीत यादव ने वर्ष 2008 से 2011 तक चार वर्षों तक महासमिति का नेतृत्व किया, जिसमें उन्होंने समाज के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर्ष अजमेरा ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक प्रकट किया है, उन्होंने कहा, मंजीत यादव जैसे समर्पित समाजसेवियों की हत्या न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक बड़ा आघात है। उनका समाज सेवा में योगदान अमूल्य था, और उनकी अनुपस्थिति एक खालीपन छोड़ गई है जिसे भरना कठिन होगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस हत्या की निष्पक्ष और त्वरित जांच हो ताकि दोषियों को कठोरतम सजा दी जा सके और समाज में ऐसा संदेश जाए कि अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा। श्री अजमेरा ने यह भी बताया कि ऐसे समय में समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर काम करना चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके और समाज में अपराध को जड़ से समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा सकें। हर्ष अजमेरा ने मंजीत यादव के समाज सेवा के प्रति समर्पण और उनकी सादगी की सराहना करते हुए कहा, ÷मंजीत यादव ने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा दिया बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी फैलाया। उन्होंने अपने नेतृत्व में रामनवमी महासमिति को एक नई दिशा दी और समाज की भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहे। उनके नेतृत्व और सेवा भावना को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा मतदान दिवस के लिए लाखों विद्यार्थियों को बतौर वॉलेंटियर दी गई ट्रेनिंग

● लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें वॉलेंटियर - के. रवि कुमार

स्वतंत्र प्रभात

रांची, झारखंड- मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने लोकसभा में सहायता करने वाले सभी वॉलेंटियर के कार्यो को सराहा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस के लिए चयनित सभी वॉलेंटियर लोकतंत्र के त्योहार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वह आज निर्वाचन सदन से मतदान के दिन मतदाताओं की सहायता के लिए स्कूलों से लाखों वालेंटियर को ऑनलाईन माध्यम से क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसकी ट्रेनिंग के दौरान संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि इस ट्रेनिंग के जरिए मतदान में आपकी सहभागिता से संबंधित बिंदुवार प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही आपके शिक्षकों को इससे संबंधित सभी ट्रेनिंग मैटेरियल उपलब्ध करा दिए गए हैं, ताकि अपने कर्तव्य पर रहते हुए किसी प्रकार की संशय की स्थिति में अपने शिक्षकों से जानकारी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता द्वारा पीपीटी के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को वॉलेंटियर के कार्यो से संबंधित दिशा निर्देश बताए गए। जिसमें मुख्यतः दिव्याग एवं वृद्धजनों की मतदान केंद्र पर सहायता, व्हीलचेयर से सहायता करने में रखी जाने वाली सावधानियां, मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं के मतदाता पर्ची अथवा दिए गए टोकन की उपलब्धता, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, चेन सिस्टम के तहत मतदान आदि मतदान दिवस में वॉलेंटियर से संबंधित कार्यो को बिंदुवार बताया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक एवं राज्य के सभी स्कूलों में लाखों विद्यार्थी उपस्थित थे।

आजाद समाज पार्टी के सदर विधानसभा प्रत्याशी संजय रविराज व भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात

कटकमसांडी- आगामी झारखंड विधानसभा चुनावों में आजाद समाज पार्टी (काशीराम) ने अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जबरदस्त जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं सदर विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी संजय रविराज के नेतृत्व में मंगलवार को निकले इस जनसंपर्क अभियान में आसपा एवं भीम आर्मी के सैकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनकी मौजूदगी से पूरे क्षेत्र में जोश और बदलाव का माहौल बन गया। इस जनसंपर्क अभियान के तहत संजय रविराज ने पार्टी की नीतियों और विजन को जनता के सामने रखते हुए लोगों से समर्थन की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा, हमारी पार्टी हर वर्ग के विकास के लिए संकल्पबद्ध है। हम बाबा साहेब अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के आदर्शों पर चलते हुए सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में काम करेंगे। हमारे लिए सत्ता का अर्थ केवल जनता की सेवा है, और इस बार सदर क्षेत्र की जनता बदलाव की इस बयार का समर्थन करेगी। जबकि संजय रविराज के नेतृत्व में गांवों में आयोजित जनसभाओं और घर-घर जनसंपर्क अभियान ने लोगों के बीच खासा उत्साह पैदा किया। इस अभियान के दौरान भीम आर्मी के कार्यकर्ता घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों को समझाते नजर आए। ग्रामीणों ने संजय रविराज का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनकी बातों को गंभीरता से सुना।इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से भीम आर्मी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष एडवोकेट कृष्णा कुमार, जिला सचिव दिलीप कुमार, ज़िला मीडिया प्रभारी जैकी पासवान, आसपा के जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट रोहित कुमार के साथ-साथ भीम आर्मी और आसपा के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

भगहर, करमा व चौपारण में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सांसद का जनसमपर्क अभियान

● बरही से कमल खिलाएँ, मिलकर करेंगे बरही का विकास - सांसद

आपके सम्मान की रक्षा के लिए आपके साथ खड़ा हूँ - मनोज यादव

स्वतंत्र प्रभात

चौपारण, हजारीबाग, झारखंड- सांसद मनीष जायसवाल ने भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव के पक्ष में जनसमपर्क अभियान चलाकर भाजपा के पक्ष में माँगा जनसमर्थन। सांसद ने कहा कि बरही में भाजपा के पक्ष में माहौल है। बरही से कमल खिलाएं हम दोनों मिलकर करेंगे बरही का विकास। झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनते ही सभी संकल्पों को पूरा किया जाएगा ये मोदी की गारंटी है। इससे पहले भगहर के सैकड़ो युवकों ने बाइक रैली निकाल कर सांसद व भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चनद्रवंशी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता सुनील सिंह, गजाधर प्रसाद, स्थानीय मुखिया कृष्णा रविदास, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पहलवान उर्फ भुनेश्वर यादव, भाजपा नेता सन्तोष रविदास, मो असलम अंसारी, प्रमोद रविदास, दिलीप केशरी, मुनिलाल यादव, भोला यादव, नागो भुइयाँ, कुलेश्वर भुइयाँ, बबलू भुइयाँ, राजदेव भुइयाँ, मुन्ना दाँगी, प्रमोद प्रजापति, राजकुमार यादव, दीपक साव, मुंशी दाँगी, दीनानाथ यादव, दीपक यादव, पंकज यादव, भोला दाँगी, युगल पंडित, पप्पू यादव, पिंटू भुइयाँ, दिनेश यादव सहित अन्य उपस्थित रहें। भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव ने कहा कि 35 वर्षो से आपके सुख दुःख का साथी रहा हूँ। आपके सम्मान की रक्षा के लिए सदैव आपके साथ खड़ा रहूँगा। कमल का बटन दबाकर बरही से भाजपा को जिताकर डबल इंजन की सरकार बनाएं। भाजपा प्रत्याशी मनोज कुमार यादव के पक्ष में सांसद मनीष जायसवाल ने सिंघरांवा, करमा, सियरकोणी और पाण्डेयबारा में भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ताओ संग बैठक कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील किया।

हजारीबाग सदर विधानसभा के भाजपा विधायक प्रत्याशी ने आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से कटकमदाग मंडल में दौरा किया

●जनहित के कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता हूँ - प्रदीप प्रसाद

स्वतंत्र प्रभात

हजारीबाग, झारखंड- हजारीबाग सदर विधानसभा के कटकमदाग मंडल के शंकरपूर, बघमारवा, बेस, हारम, कुरलूगवाँ, हुरूदाग, पुंदरी, फतहा, ओदरना जमवारी, सिसोई, सिरका, कसुम्भा, चिची, कुबा, पुरनी अडरा, अडरा, केशवारिया, झगरबाँध, उदयपूर, बेंदी सहित दर्जनों गाँवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने अशीर्वाद यात्रा में देवतुल्य जनता को सम्बोधित करते हुवे कहा कि हजारीबाग मेरा परिवार है। आशा है आप सभी का अशीर्वाद मिला तो विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करेगें। ठगबंधन की सरकार नें झारखंड की भोली भाली जनता को बेवकूफ बनानें का काम किया है। अब जनता मन बना चूँका है कि पूरे प्रदेश में कमल खिलेगा ओर भाजपा की सरकार बनेगी। डबल इंजन की सरकार से झारखंड समृद्ध व खुशहाल होगा। हजारीबाग के लिए भाजपा का साथ देनें का आग्रह किया। इस आशीर्वाद यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता टौनी जैन, भाजपा नेता कमल गोप, अजय साहु, कटकमदाग प्रभारी मंडल अध्यक्ष अरूण राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष कविन्द्र यादव , कटकमदाग मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता, उप प्रमुख विमल गुप्ता, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, शिवपाल यादव,पंकज ठाकुर, संजु पासवान, विनोद प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, पूर्व मुखिया कामेश्वर दास, पूर्व मुखिया पिन्टु रानी, पूर्व जिप सदस्य प्रियंका कुमारी, वार्ड पार्षद विषु विश्कर्मा,, वासुदेव गोप, कुन्दन राम, पंकज ठाकुर सहित सैकेडो संख्या मे लोग उपस्थित थे।

लिट्टीपाड़ा विधानसभा के प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू को जीताने के लिए स्टार प्रचारक कल्पना मुर्मू ने जनता को किया संबोधित

स्वतंत्र प्रभात

पाकुड़- लिट्टीपाड़ा प्रखंड के नवाडीह फुटबॉल मैदान मे सोमवार को विशाल जनसभा का आयोजन किया गया, जिसमे झामुमो के स्टार प्रचारक, सह गण्डेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन ने चुनावी बिगुल फूंककर जनसभा मे मुख्य अतिथि के रूप मे सांसद विजय हंसदा इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी हेमलाल मुर्मू, झामुमो जिलाध्यक्ष श्याम यादव, झामुमो की सहित अन्य शामिल हुए। जनसभा को सम्बोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला उन्होंने राज्य के बकाए को लेकर भी केंद्र सरकार पर सीधा निशान साधा। साथ ही लोगों को आग्रह किया कि झारखंड में भाजपा का सरकार बना तो ओबीसी एसटी0 एससी0 आरक्षण का प्रतिशत और कम हो जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिजली बिल माफ कराया। किसान का कर्ज माफ कराया। महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना का लाभ दिया जा रहा है। इस योजना के तहत दिसंबर से सरकार माताओं व बहनों को 2500 रुपये देगी। भाजपा ने कभी झारखंड का हित नहीं सोची। भाजपा सिर्फ लोगों को भटका कर वोट लेना चाहता है। झारखंड में महिलाओं को हेमंत सोरेन ने सम्मान दिया। कल्पना सोरेन ने विस्तार से बताया कि किस तरह से मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन नई-नई योजनाएं लाकर राज्य की जनता का भला कर रहे हैं। उन्होंने इस चुनाव में लिट्टीपाड़ा विधानसभा इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्यासी हेमलाल मुर्मू को समर्थन देकर हेमंत के संघर्षों में साथ देने की अपील भी की। हेमलाल मुर्मू ने हेमंत सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे लोगो को जानकारी दिया साथ ही उनके द्वारा किये गए कार्यों को गिनाया। इस मौके पर लिट्टीपाड़ा के प्रखंड अध्यक्ष एवं जिला सचिव समद अली, अजीजुल इस्लाम के सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

रंगोली प्रतियोगिता में छात्रो ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात

संतकबीरनगर। विकासखंड बघौली अंतर्गत एस एस चिल्ड्रेन एकेडमी सिहटीकर में दीपावली के पूर्व संध्या पर धनतेरस के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को राम वनवास,रावण वध वह अयोध्या आगमन का थीम दिया गया था। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया बच्चों ने बहुत ही सुंदर और आकर्षक रंगोली बनाई गई इस अवसर पर प्रबंधक राम शंकर सिंह प्रबंधक निदेशक कुलदीप सिंह प्रधानाचार्य लक्खी सिंह अध्यापकगण मनोज शर्मा सुजीत प्रभाकर अरविंद अभिषेक दिग्विजय नीलम शिवानी कंचन रागिनी सिंह रागिनी त्रिपाठी प्रतिमा चंदा आदि लोग मौजूद रहे।

रघुपति, राघव, राजाराम, राघवजी को चिर आराम

अपने ही नौकर के साथ व्यभिचार के आरोपों से भाजपा नेता राघव जी को अंततः क्लीनचिट मिल ही गयी। ये क्लीनचिट सरकार ने नहीं बल्कि देश की सबसे बड़ी उस अदालत ने दी है जो अपने तमाम आधे-अधूरे आइसलों के लिए भी जानी जाती है। जिसमें आज भी लाखों के जघन्य अपराधों के मामले वर्षों से लंबित पड़े हुए हैं। भाजपा के 90 साल के नेता राघवजी अब चैन से विदा हो सकेंगे । उनके चरित्र पर उनके ही एक नौकर ने दाग लगाया था, जिसे साफ़ करने के लिए राघवजी ने पूरे 11 साल कानूनी लड़ाई लड़ी । इन ग्यारह सालों में उनके ऊपर क्या बीती ये या तो वे खुद जानते हैं या ऊपर वाला। राज्य सभा, लोकसभा और मप्र विधानसभा के सदस्य रह चुके राघव जी भाजपा के उन गिने चुने नेताओं में से एक हैं जिन्हें दुष्कर्म के आरोपों का सामना करना पड़ा है। राघव जी से पहले मप्र में ही संघ के एक बड़े नेता के खिलाफ भी कमोवेश इसी तरह की सीडी सार्वजनिक हुई थीं, लेकिन उन्हें अदालतों के चक्कर नहीं काटना पड़े थे। मप्र के बहुचर्चित 'हनी ट्रेप 'काण्ड में तो कोई पकड़ा ही नहीं गय। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने मिलकर इस मामले पर राख डाल दी। आपको बता दें कि मध्य प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री रहे राघवजी को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने राघवजी को उनके नौकर के साथ कुकर्म करने के मामले में क्लीन चिट दे दी है। मामले में 11 साल बाद फैसला आया है। इससे पहले मप्र हाईकोर्ट ने भी राघवजी को निर्दोष बताते हुए एफआईआर खारिज करने के आदेश दिए थे। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पूर्व वित्त मंत्री राघवजी ने कहा कि आखिरकार सत्य की विजय हुई। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद विदिशा शहर के कई समाजसेवियों और वरिष्ठ नागरिकों ने राघवजी के निवास पर पहुंचकर उन्हें शॉल और श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। जनता को अब मानना ही पड़ रहा है कि हमारे यहां अदालतों में देर है अंधेर बिलकुल नहीं।

भाजपा में कोई नेता दोषमुक्त हो या जमानत पर आये तो उसका सम्मान जरूर किया जाता है। केवल मप्र में ही नहीं बल्कि जहाँ-जहाँ भाजपा की सरकारें हैं वहां-वहां यही रिवायत है। गुजरात में यदि किसी अल्पसंख्यक महिला से बलात्कार के आरोपियों की सजा माफ़ी के बाअद उनका अभिनंदन होता है तो दक्षिण में पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपियों को भी सम्मानित किया जाता है। हमारे बिरादरी के एक पत्रकार को ग्वालियर पुलिस ने वर्षों पहले देह व्यापार के एक मामले में पकड़ा था । अदालत से दोषमुक्त होने के बाद कलचुरी समाज ने उनका वैसा ही अभिनंदन किया था जैसा राघवजी का किया गया। देश में न्याय की देवी की आँखों से जबसे काली पट्टी हटाई गयी है तब से ही राघवजी जैसे अनेक लोगों की किस्मत चेत गयी है। देश की सबसे बड़ी अदलात को बुलडोजर के मामले में अपने मान-अपमान की फ़िक्र नहीं है लेकिन राघवजी जैसे उन बूढ़े भाजपा नेताओं के मान-अपमान का पूरा ख्याल है जिनके पांव कब्र में लटक रहे हैं। आपको यकीन नहीं होगा कि देश के सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या 70154 से ज्यादा है किन्तु माननीय अदालत ने राघवजी को पहले सुनकर राहत दी। हमें यानि देश को इसी तरह के त्वरित न्याय की जरूरत है । देश में छोटी-बड़ी अदालतों में साढ़े चार करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। लेकिन सभी आरोपियों का नसीब राघवजी जैसा तो नहीं है।

राघवजी भाजपा के उन नेताओं में से हैं जो पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के लिए विदिशा सीट छोड़ चुके थे। पार्टी में उनका बड़ा सम्मान भी था, लेकिन राघवजी पर आरोप लगा था कि उन्होंने अपने नौकर के साथ अप्राकृतिक कृत्यकिया है। जुलाई 2013 में आरोप लगाने वाले नौकर ने हबीबगंज थाना भोपाल में शिकायत देकर एफआईआर कराई। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद मामले की जांच शुरू की गई। आरोप लगने के बाद राघवजी को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। 5 जुलाई 2013 को उन्हें भोपाल से पुलिस ने गिरफ्तार किया। लेकिन, करीब दो साल तक पुलिस की ओर से मामले में चालन पेश नहीं किया गया। बुढ़ापे पर दाग लगने के बाद दिसंबर 2015 में पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया। इसके बाद राघवजी की ओर से मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में एफआईआर खारिज करने की मांग को लेकर एक याचिका दायर की गई। याचिका लंबे समय तक पेंडिंग में पड़ी रही। करीब आठ साल बाद याचिका पर सुनवाई हुई। एक ही सुनवाई में हाईकोर्ट में फैसला सुनाया और एफआईआर निरस्त कर दी। 44 पेज के फैसले में हाईकोर्ट में मामले को राजनीति और द्वेषपूर्ण बताते हुए एफआईआर खारिज करने का आदेश दिया। लेकिन आरोप लगाने वाले नौकर ने भी हार नहीं मानी। वो हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जा पहुंचा। आखिर नौकर किसका था ?

हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पीड़ित नौकर ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। पीड़ित ने कोर्ट में याचिका दायर करते हुए होईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की मांग की। तीसरी सुनवाई में ही सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।उनका कहना था कि - मुझे षड्यंत्र के तहत यौन शोषण के मामले में फंसाया गया था, जिससे मेरी सामाजिक और 60 साल के राजनीतिक जीवन पर धब्बा लग गया था। मुझे भारत के कानून पर भरोसा था, उस भरोसे की जीत हुई। अगर, इस बीच मेरी मृत्यु हो जाती तो यह कलंक कभी न मिटता।अब राघव जी चैन से रघुपति राघव राजा राम भजन गाते हुए मोक्ष पा सकते हैं।

कांग्रेस हो या भाजपा सभी दलों में अमरमणि त्रिपाठी जैसे लोग हैं। लेकिन राघवजी जैसे खुशनसीब नेता कम ही हैं। राजनीति में व्यभिचार एक आम समस्या है लेकिन बहुत कम मामले पुलिस और अदालत की दहलीज तक पहुँच पाते हैं , और सुप्रीमकोर्ट तक तो अपवाद स्वरूप ऐसे मामले पहुंचते हैं। इसलिए वे तमाम नेता जो यौनाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं वे उम्मीद कर सकते हैं कि किसी न किसी दिन उनको भी क्लीन चिट मिल सकती है। क्लीन चिट, नकल की चिट से ज्यादा महत्वपूर्ण है । आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू भी हाल ही में ऐसी ही एक क्लीनचिट पाकर मिस्टर क्लीन घोषित किये गए हैं। मुझे हैरानी है कि राघवजी जिस भाजपा के सदस्य थे उस भाजपा में तो अच्छे-अच्छे दाग धुल जाते हैं, फिर वे कैसे रह गए थे।भाजपा चाहे तो अब राघवजी की सदस्यता का नवीनीकरण कर सकती है। हमारी सहानुभूति राघव जी के साथ भी है और उस नौकर के साथ भी जो देश की सबसे बड़ी अदालत में जाकर भी हार गया। जय श्रीराम

राकेश अचल

संपादकीय

कलम से क्रांति-कलम से ही भ्रांति लेखन कला में असीमित सामर्थ्य और क्षमताएं

(ज्यादा सोचें-कम बोलें)

शब्दों की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है । वैसे तो लेखनी की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर लेखनी से लिखे गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले और लिखने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है।

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। यही कारण है कि रूस यूक्रेन के लंबे युद्ध में विश्व के पूरे देश एवं रूस तथा यूक्रेन के राजनेता भी भारत की ओर युद्ध की शांति की पहल की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यही कारण है की युवा पीढ़ी को सदैव कम बोलने, सदाचारी संभाषण देने के लिए प्रेरित किया जाता रहा है भारत की सांस्कृतिक तथा साहित्यिक विरासत को सत साहित्य और संतुलित भाषा का मनुष्य तथा समाज के विकास के लिए पर्याय माना गया है। इसीलिए संतुलित भाषा मीठी भाषा बोलने से सदैव समाज तथा देश का वातावरण विकास के अनुकूल होता आया है।

संजीवनी

गुस्से का तेरा कहर पसंद आया ।

गुस्से का तेरा कहर हमें पसंद आया,
हसीन मीठा जहर हमें पसन्द आया।

कमसिन हो रंजिश की नहीं है उम्र,
गुस्से का नजराना हमें पसंद आया।

तिरछी नजरों से यूँ न देखा करो हमें
ये कातिलाना अंदाज हमें पसंद आया।

आते हो सुलह के बहाने रोज मिलने,
रूठ कर बापस जाना हमे पसंद आया।

दुश्मनी का अंदाज भी बेहद निराला है,
ख्वाबों में आंखें दिखाना पसंद आया।

ईश्वर ने तुम्हे बक्शी है सारी मासूमियत
खुलकर खिलखिलाना हमे पसंद आया।

कसमें खाती कभी ना मिलनें की फिर
भूल सब गले लग जाना हमें पंसन्द आया।

संजीव ठाकुर

सावधान! जालसाजी और ठगी का नया तरीका डिजिटल अरेस्ट

इस सप्ताह के मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'डिजिटल अरेस्ट' के बढ़ते मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की। इस से पता चला कि सरकार जनता के साथ साइबर अपराधियों द्वारा तरह तरह के तरीके इजाद कर की जा रही ठगी और शोषण से न सिर्फ भलीभांति अवगत है वरन जनता के हितों की रक्षा के लिए सजग और चिंतित भी है। दरअसल साइबर अपराधी नए-नए हथकंडे अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं और उनके जीवन भर की कमाई लूट रहे हैं। 'डिजिटल अरेस्ट' आनलाइन ठगी का ऐसा ही एक तरीका है। साइबर ठगों ने लोगों को अपने चंगुल में फंसाने के लिए इस नए तरीके को अपनाया है, जिसका नाम है 'डिजिटल अरेस्ट'। इसमें ठगी करने वाले लोगों को फंसाने के लिए 'ब्लैकमेलिंग' या भयादोहन का खेल खेलते हैं और लोग उनके जाल में फंस जाते हैं। इसमें ठग पुलिस, सीबीआई या आबकारी अधिकारी बनकर लोगों को फोन करते और डराकर उन्हें घर पर ही बंधक बना लेते हैं। सबसे पहले, ठग फोन करके बताते हैं कि आपका आधार कार्ड, सिम कार्ड, बैंक खाता आदि का उपयोग किसी गैरकानूनी काम के लिए हुआ है। यहां से लोगों को डराने-धमकाने का खेल शुरू होता और फिर ठगी का लक्ष्य पूरा किया जाता है। ठग 'वीडियो काल' में अपनी तस्वीर के पीछे के दृश्य को किसी पुलिस स्टेशन की तरह बना लेते हैं, जिसे देखकर पीड़ित डर कर उनकी बातों में आ जाता है। ठग जमानत की बात कहकर लोगों से ठगी शुरू करते हैं। वे व्यक्ति को 'वीडियो काल' से न तो हटने देते हैं और न ही किसी को फोन करने देते हैं। इंटरनेट के तेजी से बढ़ते उपयोग के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' फरेब का एक बड़ा माध्यम बनता जा रहा है।ऐसी घटनाओंपर अंकुश नहीं लग पाना सरकारके लिए बड़ी चुनौती है।

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदीने रविवारको अपने लोकप्रिय 'मन की बात' कार्यक्रमके 115वें एपिसोडमें डिजिटल अरेस्टकी घटनाओंपर गंभीर चिन्ता व्यक्त की और 140 करोड़ देशवासियोंको सतर्क करते हुए धोखाधड़ी करने वालोंके तौर-तरीके समझाकर जनताको सावधान भी किया है, जो उचित और प्रेरक है। प्रधान मंत्री के संदेशको गम्भीरतासे लेनेकी जरूरत है। प्रधान मंत्री मोदीने डिजिटल अरेस्टकी घटनाओंपर और इससे बचावके बारेमें विस्तारसे प्रकाश डाला, जो ज्ञानवर्धक है। मोदीका यह कहना जनताको शिक्षित करने वाला है कि इस फ्राडमें फोन करने वाले कभी पुलिस, कभी सीबीआई अधिकारी, कभी कस्टम अधिकारी बनकर बड़े विश्वासके साथ ऐसे अपराध करते हैं। हाल ही में आगराकी एक शिक्षिकाकी डिजिटल अरेस्ट से परेशान होनेके बाद मौत हो गयी थी। इस दुखद प्रकरणने पूरे देशका ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। प्रधान मंत्री ने एक डेमोके माध्यमसे भी डिजिटल अरेस्टकी घटनाका प्रस्तुतिकरण किया जिससे कि लोग आसानी समझ सकें। डिजिटल अरेस्टकी घटनाओंसे बचनेके लिए भी प्रधान मंत्रीने कई दांव भी बतायें जिनपर ध्यान देनेकी जरूरत है। ऐसी घटनाओंसे कैसे बचें और निर्भिक होकर कैसे इसका सामना करें यह भी ज्यादे महत्वपूर्ण है। उनका यह सुझाव भी उपयोगी है कि ऐसी कोई काल या वीडियोकाल आनेपर सबसे पहले घबरानेकी आवश्यकता नहीं है। बस तीन काम करना है-पहला-रुको, दूसरा-सोचो और तीसरा ऐक्शन लो।

आपको बता दें कि पिछले तीन महीने में हाल ही में दिल्ली एनसीआर में 600 मामले ऐसे आए हैं, जिनमें 400 करोड़ रुपये की की धोखाधड़ी हुई। है। हालांकि देश में साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। साइबर अपराधियों से निपटने के लिए 1,000 'साइबर कमांडो' को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये कमांडो देशभर में कानून लागू करने वाले अधिकारी हैं। इन्हें 6 महीने तक साइबर अपराध से जुड़ी हर तकनीकी और सूक्ष्म जानकारियों से लैस किया ग जाएगा। आईआईटी मद्रास प्रवर्तक टेक्नोलॉजीज फाउंडेशन ने यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है। 'साइबर कमांडो' न केवल देश की साइबर रक्षा क्षमताओं को मजबूती प्रदान करेंगे, बल्कि साइबर हमलों से संवेदनशील डेटा की सुरक्षा करेंगे और डिजिटल संप्रभुता भी बनाए रखेंगे। इन्हें खासतौर से डिजिटल अपराध और डिजिटल अरेस्ट के तौर-तरीकों के बारे में बताया जा रहा है, ताकि वे साइबर अपराधियों तक पहुंच सकें। अगर देखा जाए तो अधिकतर वे लोग 'डिजिटल अरेस्ट' होते हैं, जो बदलती प्रौद्योगिकी के प्रति जागरूक नहीं होते। प्रायः ऐसे लोग अपराधियों के झांसे में आकर 'डिजिटल अरेस्ट' हो जाते हैं। एक बार जब व्यक्ति साइबर अपराधियों की गिरफ्त में आ जाता है, तो वे उससे जरूरी व्यक्तिगत सूचनाएं हासिल कर अपने खाते से पैसे हस्तांतरित कर लेते हैं। कई बार तो अपराधी पीड़ित को इतना डराते हैं कि वे दबाव में आकर पैसे उनके बताए खाते में हस्तांतरित कर देते हैं। व्हाट्सएप करने वाले अपराधी अक्सर अपने प्रोफाइल में किसी पुलिस अधिकारी की फोटो लगाते हैं। वीडियो कॉल पर सामने वाले व्यक्ति को भरोसा दिलाने के लिए साइबर अपराधी बाकायदा पुलिस थाने का सेटअप भी तैयार रखते हैं, जिसे देखकर व्यक्ति डर जाता है। उसे विश्वास हो जाता है कि उससे पुलिस या किसी जांच एजेंसी का अधिकारी ही पूछताछ कर रहा है। इसलिए भोले-भाले लोग डर कर उनकी बातों में आ जाते हैं। अपराधी यह कह कर लोगों को अपने झांसे में लेते हैं कि उनके आधार कार्ड, सिम कार्ड, बैंक खाते का उपयोग अवैध गतिविधियों में हो रहा है। इससे वह व्यक्ति इतना डर जाता है कि फोन भी नहीं काट पाता। ऐसे में जरूरत है कि लोग दे साइबर ठगी को लेकर जागरुक हो और मन की बात में प्रधानमंत्री ने भी यही बताने की कोशिश देशवासियों को की है। प्रधानमंत्री ने जानकारी दी है कि 'डिजिटल अरेस्ट' के शिकार होने वालों में हर वर्ग और हर उम्र के लोग हैं और वे डर की वजह से अपनी मेहनत से कमाए हुए लाखों रुपए गंवा देते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का कोई कॉल आए तो आपको डरना नहीं है। आपको पता होना चाहिए कि कोई भी जांच एजेंसी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर इस तरह पूछताछ कभी नहीं करती। उन्होंने इससे बचने के लिए देशवासियों से 'रूको, सोचो और एक्शन लो' का मंत्र साझा किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में घबराएं नहीं। शांत रहें। जल्दबाजी में कोई कदम ना उठाएं। किसी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी ना दें। संभव हो तो स्क्रीनशॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर ऐसी धमकी नहीं देती और न ही पूछताछ करती है और न वीडियो कॉल पर ऐसे पैसे की मांग करती है। मोदी ने कहा कि अगर डर लगे तो समझिए कुछ गड़बड़ है। प्रधानमंत्री ने लोगों से ऐसे मामलों में राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर डायल करने और साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर रिपोर्ट करने के अलावा परिवार और पुलिस को सूचना देने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा है कि सबूत सुरक्षित रखें। यह तीन चरण आपकी डिजिटल सुरक्षा का रक्षक बनेंगे। उन्होंने कहा कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई चीज नहीं है। यह सिर्फ फ्रॉड है, झूठ है और फरेब है। बदमाशों का गिरोह है और जो लोग ऐसा कर रहे हैं वह समाज के दुश्मन हैं। प्रधानमंत्री ने बताया है कि 'डिजिटल अरेस्ट' के नाम पर जो फरेब चल रहा है उससे निपटने के लिए तमाम जांच एजेंसी राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही हैं और आपसी तालमेल के लिए नेशनल साइबर कोआर्डिनेशन केंद्र की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे फ्रॉड करने वाली हजारों वीडियो कॉलिंग आईडी को ब्लॉक किया गया है। लाखों सिम कार्ड और बैंक अकाउंट को भी ब्लॉक किया गया है। ऐसे मामलों में एजेंसियां अपना काम कर रही हैं लेकिन डिजिटल अरेस्ट के नाम पर हो रहे फरेब से बचने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों सहित हर जगह इसके बारे में लोगों से जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। देखा जाए जो आधुनिक तकनीक के युग में डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर ठगी को रोकना सरकार के लिए काफी मुश्किल है, ऐसे में जरूरत है कि लोग सतर्क रहें और किसी लालच में नहीं आए। कोई भी बैंक या सरकारी-गैर सरकारी संस्थान पिन, ओटीपी आदि की जानकारी नहीं पूछता है। ऐसे में, किसी से अपनी निजी जानकारियां गलती से भी साझा नहीं करनी चाहिए। साथ ही अपने सोशल मीडिया और बैंक अकाउंट आदि के पासवर्ड समय-समय पर बदलते रहना चाहिए। अगर सतर्कता बरती है, जाए तो निश्चित तौर पर साइबर ठगी और डिजिस्ट अरेस्ट जैसे मामलों से काफी हद तक बचा जा सकता है।दिक्कत तब बढ़ जाती है जब की बार कुछ भ्रष्ट रिश्वतखोर पुलिस कर्मियों की भी इन साइबर ठगो से मिलीभगत होती है और ये अनुचित कमाई के लिए ऐसे अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते उल्टा अवैधानिक रास्ते से संरक्षण देते हैं सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए।

मनोज कुमार अग्रवाल

स्वतंत्र प्रभात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

धनतेरसी चुनाव के बीच दिवाली...!

दिवाली की शुरुआत वैसे तो धनतेरस से मानी जाती है लेकिन अपने मित्रों और लोकमत के विशाल परिवार के साथ खुशियां साझा करने का मेरा कार्यक्रम थोड़ा पहले ही शुरू हो जाता है।

दिवाली की शुरुआत वैसे तो धनतेरस से मानी जाती है लेकिन अपने मित्रों और लोकमत के विशाल परिवार के साथ खुशियां साझा करने का मेरा कार्यक्रम थोड़ा पहले ही शुरू हो जाता है। जब मैं परिवार शब्द का उपयोग करता हूं तो उसमें आप विचारवान पाठकों समेत वो सभी लोग शामिल हैं जिन्होंने मुझे भरपूर प्यार दिया है और अपनी श्रेष्ठता से मुझे ऊर्जा प्रदान की है। आखिर यह त्यौहार है ही ऐसा कि जब तक आप अपनों से खुशियां साझा न करें, प्यार के उजाले में अपनों को आलोकित न करें, तब तक उजाले का आनंद अधूरा रहता है। तो, सबसे पहले आप सबको दिवाली की ढेर सारी अग्रिम शुभकामनाएं। आपने गौर किया ही होगा कि ये दिवाली पिछले वर्षों की दिवाली से बिल्कुल अलग होने वाली है। जब मैं दिवाली के साथ ही चुनाव को लेकर सोच रहा था तो मुझे अचानक बचपन में पढ़ा एक बड़ा उम्दा सा मुहावरा याद आ गया... मन ही मन में लड्डू फूटे...हाथों में फुलझड़ियां! जाहिर सी बात है कि मन में लड्डू फूटना और हाथों में फुलझड़ियां होना, दोनों ही खुशियों का प्रतीक है। मगर चुनाव के मौसम में किरदार अलग-अलग हैं।

जिन्हें टिकट मिल गया है, उनके मन में स्वाभाविक रूप से लड्डू फूट रहे हैं। अभी यह कहना मुश्किल है कि वाकई लड्डू किसके मुंह को मीठा करेगा। लेकिन इतना तय है कि जिनके मन में लड्डू फूट रहे हैं वे आप मतदाताओं का मुंह जरूर मीठा कराना चाहेंगे और आपके इलाके में विकास की गंगा बहाने की फुलझड़ी भी थमाएंगे। मैं जानता हूं कि बहुत से नेता ऐसे हैं जो विकास के लिए सदैव समर्पित रहते हैं लेकिन झुनझुना थमाने वालों की भी कोई कमी नहीं है। यह मानने में कोई हर्ज नहीं है कि पांच साल में आने वाले चुनावी उत्सव में इस बार मतदाताओं की जिंदगी में भी दिवाली आएगी। चूंकि चुनाव के मौसम में दिवाली आई है तो मतदाताओं की आवभगत भी उसी हिसाब से होगी वर्ना तो पूरे पांच साल मतदाता ही नेताजी का मुंह मीठा कराते रहते हैं। फूलों की माला पहनाते रहते हैं और वो कभी इलाके में आ जाएं तो फिर फुलझड़ियां तो क्या पटाखों की पूरी लड़ी फोड़ डालते हैं। लोकतंत्र के इस भारतीय दस्तूर के बीच मुझे अटल बिहारी वाजपेयी की एक कविता की कुछ पंक्तियां बार-बार याद आती हैं..

हम पड़ाव को समझे मंजिल
लक्ष्य हुआ आंखों से ओझल
वर्तमान के मोहजाल में आने वाला कल न भुलाएं
आओ फिर से दीया जलाएं.
आहुति बाकी यज्ञ अधूरा
अपनों के विघ्नों ने घेरा
अंतिम जय का वज्र बनाने नव दधीचि हड्डियां गलाएं।
आओ फिर से दीया जलाएं।

दिवाली और चुनाव पर विचार करते हुए अचानक मेरे जेहन में एक शब्द कौंधा धनतेरसी! जो धन की गिरफ्त में हो, क्या उसे धनतेरसी नहीं कहेंगे? यह कहने में मुझे कोई संकोच नहीं है कि जब धनतेरस का त्यौहार नहीं होता है तब भी हमारी चुनावी व्यवस्था पूरी तरह से धन की गिरफ्त में होती है। तब भी धनतेरस शुरू रहता है। चुनाव में खर्च जगजाहिर होता है, यदि उम्मीदवार लोकप्रिय है और अपने निर्वाचन क्षेत्र में बहुत काम किया है तो भी चुनाव लड़ने के लिए पंद्रह से बीस करोड़ रुपए तो चाहिए ही चाहिए। सीट पर संघर्ष हो तो आंकड़ा पचास करोड़ तक पहुंच सकता है। इसी साल लोकसभा चुनाव के ठीक पहले अमेरिकी पत्रिका 'द इकोनॉमिस्ट' ने लिखा था कि भारत में लोकसभा के चुनाव दुनिया के सबसे महंगे, यहां तक कि अमेरिकी चुनावों से भी ज्यादा महंगे चुनाव हो सकते हैं। रिपोर्ट में कहा गया था कि कम से कम करीब 83 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। यानी औसतन हर सीट के लिए कम से कम 153 करोड़ रुपए। जानी-मानी संस्था सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज ने अनुमान लगाया था कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कुल 55 से 60 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए थे, यानी हर सीट पर करीब-करीब 100 करोड़ रुपए का खर्च। मान लीजिए कि हर सीट पर तीन गंभीर प्रत्याशी भी हों, तो हर प्रत्याशी को कम से कम 30 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने होंगे। वास्तविक खर्च इससे भी ज्यादा होता है। आपको याद होगा कि देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से जब कहा गया कि वे चुनाव लड़ें तो उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा था कि उनके पास इतने पैसे नहीं हैं कि वह चुनाव लड़ सकें। हकीकत वास्तव में यही है कि हमारा चुनाव तंत्र धनबल की चपेट में है। उम्मीद है कि किसी दिन वक्त बदलेगा, लोकतंत्र की असली दिवाली उसी दिन होगी जब चुनाव धनतेरसी नहीं होगी। फिलहाल दिवाली का आनंद लीजिए और चुनावी उम्मीदवारों को परखिए.. चुनाव पर चर्चा फिर कभी, फिलहाल तो बात दिवाली की...

नभ में तारों की बारात जैसे,
तम को ललकारते ये नन्हे दीये!
तम का आलिंगन कर
अमावस में नव उजियारा लाते ये नन्हे दीये!
बहुत कुछ बतियाते ये नन्हे दीये,
तम का शौर्य घटाते ये नन्हे दीये!
उजास पर्व भी मन के अंधियारे मिटाकर, प्यार और करुणा की रश्मियों से मन के अंधियारे को हटाने का ही तो पर्व है !!

दीपों का त्यौहार अच्छे स्वास्थ्य, प्रेम और खुशियों से परिपूर्ण रहे। दीपोत्सव की हार्दिक एवं अनंत शुभकामनाएं !

संक्षिप्त ख़बरें

इंटर्नशिप के लिए छात्रों का हुआ चयन

देवरिया। उर्वरक क्षेत्र की विश्व की अग्रणी कंपनी इंदोरामा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य विपणन अधिकारी दिलीप सिंह के दिशा निर्देशन में कंपनी के विपणन विकास प्रबंधक डॉ विवेक श्रीवास्तव के द्वारा कंपनी एवं महाविद्यालय मे समन्वय स्थापित कराकर 19 एवं 20 अक्टूबर को अपनी टीम को महाविद्यालय मे भेज कर, बी एस सी कृषि के 30 विद्यार्थियों को रावे पाठ्यक्रम के अंतर्गत कंपनी के कृषि वीर प्रोजेक्ट मे लिखित, सामूहिक विचार विमर्श एवं साक्षात्कार के माध्यम से चयनित किया गया, जिसका नेतृत्व कंपनी के प्रबंधक प्रेम नारायण तिवारी ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय प्लेसमेंट समन्वयक डॉ अमरेंद्र प्रताप सिंह, सहसमन्वयक डॉ देवेंद्र यादव तथा रावे समन्वयक प्रोफेसर प्रदीप द्विवेदी उपस्थित रहे।

आरोग्य भारती ने भगवान धन्वंतरि की मनाई जयंती

देवरिया। आरोग्य भारती के तत्वाधान में सदर खंड के ग्राम सिगही में चिकित्सा जनक भगवान धन्वंतरि का पूजन अर्चन कर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि पूरे देश भर में भगवान धन्वंतरि की जयंती राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाई जा रही हैं। आज के ही दिन भगवान विष्णु के अवतार माने जाने वाले भगवान धन्वंतरि अमृत कलश लेकर पृथ्वी पर अवतरित हुए थे उन्होंने ही चिकित्सा का ज्ञान पृथ्वी वासियों को दिया है।आरोग्य रहने के लिए आयुर्वेद में वर्णित सिद्धांतों को अपनाए और स्वस्थ जीवन शैली योग और उचित आहार बिहार रितु चर्या दिनचर्या का नियमित पालन करें। उन्होंने कहा कि निरोगी जीवन ही सुख समृद्धि का आधार है इसलिए जहां पर सुख समृद्धि है वहीं लक्ष्मी का निवास है।आज के ही दिन सभी चिकित्सक चिकित्सा सेवा का व्रत लेकर चिकित्सा अभ्यास में लगते हैं।आरोग्य भारती द्वारा धन्वंतरि जयंती जिलों के प्रत्येक विकास खंड में मनाई जा रहीं हैं। संचालन आरोग्य भारती के पंकज कुमार चतुर्वेदी ने किया। इस अवसर पर भाजपा के चिकित्सा प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक डॉ उपेंद्र कुमार गिरी, पंकज कुमार, शत्रुघ्न चौहान, डॉ रामप्रवेश, डॉ जनार्दन, डॉ बनवारी लाल विश्वकर्मा, सत्यम, नवीन कुमार, प्रखर पांडेय, ऋतुराज पाण्डेय, अंजली, सुप्रिया सिंह. विनीत रावत, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

एस डी एम व सीओ ने पटाखा लगाने वालों को दिया कड़ी चेतावनी

एक दूसरे दुकान के बीच होनी चाहिए चार मीटर की दूरी

गोलाबाज़ार गोरखपुर । मंगल वॉर की देर शाम गोला उपनगर में फ्लैग मार्च पर निकले एसडीएम व सीओ गोला के नेतृत्व में भारी पुलिस फौज के साथ धनतेरस के दिन आसन्न दीपावली त्यौहार को भी देखते हुए गोला ब्लॉक मुख्यालय पर पहुचे।जहां सामने स्थित खेल मैदान में लगे पटाका दुकानो का स्थल निरीक्षण किया।साथ ही एसडीएम व सीओ ने पटाखे के दुकान पर आग लगने के बचाव के लिए पानी, बालू, फायर ना रहने पर नाराजगी जताते हुए लाईसेंस रद्द करने व पटाखे के दुकान ना लगाने की हिदायत दिया ।और स्पष्ट शब्दों में कहा कि एक दुकान से दूसरे दुकान की दूरी चार मीटर की होगी।और दुकानों परअगर आग सेबचाव के सामान नहीं मिले तो रखने की अनुमति नही होगी ।

सास और देवर ने बहू को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

सहजनवा/गोरखपुर। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर गरथौली टोला लरबरी निवासिनी विंध्यवासिनी देवी पत्नी पन्नेलाल चौहान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर सास और देवर के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115(2), 352, 351(3) मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर गरथौली निवासिनी विंध्यवासिनी पत्नी पन्नेलाल चौहान ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 अक्टूबर को सुबह 6 बजे के करीब मेरी सास बच्ची देवी पत्नी रामकरन और देवर इन्द्रेश चौहान भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। दवा इलाज कराने के बाद मंगलवार को थाने में तहरीर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर सास और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

आठवें दिन जारी रहा किसानों का धरना, 4 नवम्बर को ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने हेतु किसानो की बुलाई गयी बैठक

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। विभिन्न मांगो को लेकर किसानों का धरना आठवें दिन जारी रहा। इस दौरान 4 नवम्बर को आयोजित ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने हेतु किसानो की बैठक बुलाई गयी। किसानों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। भाकियू पूर्वी उ0प्र0 उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि पड़री चौराहे व बैतालपुर बरारी मोड़ पर धरना का आठवां दिन है और दोनों धरना स्थल पर आज तक जिला प्रशासन का कोई भी अधिकारी किसानों का हाल-चाल भी लेने नहीं आया जिससे नाराज किसानों ने सुबह 8 बजे विक्रम पब्लिक इंटर कालेज महुआनी चौराहा पर एक बड़ी मीटिंग बुलाई है जिसमें दो बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि कल होने वाली मीटिंग में 4 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर जोरदार तरीके से होने वाले ट्रैक्टर रैली को सफल बनाने पर चर्चा की जाएगी और इस बार प्रभावित किसान दिवाली मनाएंगे कि नहीं इस बिन्दु पर भी चर्चा होगी। भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव ने कहा कि किसानों को एकजुट होकर इस लड़ाई को लड़ना है किसान संगठित रहेंगे तो निश्चित ही इस लड़ाई में किसानों की जीत होगी।

बता दें कि एन एच 727ए देवरिया बाईपास व एन एच 727 बी सलेमपुर नवलपुर बाईपास से प्रभावित किसानों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में पड़री चौराहे पर चल रहे धरना जारी रहा। धरना की अध्यक्षता राजनाथ यादव ने की। धरने में सुधीर चौहान ,संजय सिंह ,विद्या शंकर यादव ,राजन कुमार राम आधार प्रसाद, कलामुद्दीन, नूर आलम खान, ध्रुव नारायण चौहान, हरी लाल यादव, कन्हैया लाल यादव, चंद्रभान द्विवेदी, अजहरुद्दीन खान, महात्मा प्रसाद गुप्ता, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे।

बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहा धरना जारी

धरना की अध्यक्षता भाकियू के क्रांतिकारी नेता विशाल मणि त्रिपाठी ने किया। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि 4 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर होने वाला ट्रैक्टर रैली में बैतालपुर धरना स्थल से भी भारी संख्या में ट्रैक्टर शामिल होंगे। धरना में भाकियू के वरिष्ठ नेता एस एस अंसारी,कांग्रेस किसान सेल के पूर्वी उ0प्र0 अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी,रामप्यारे , रामाज्ञा प्रसाद,ऋषिकेश मणि त्रिपाठी,अनिल मणि त्रिपाठी,अतुल मणि, संजय मणि, दीनानाथ यादव, तूफानी यादव, इत्यादि लोग शामिल रहे।

विजयम् के बच्चों ने मिट्टी के दिये बनकर जीवन्त किया कला

स्वतंत्र प्रभात



रूद्रपुर, देवरिया। विजयम् पब्लिक हाई स्कूल नारायणपुर के बच्चों ने दिवाली के अवसर पर मिट्टी के दिए बनाकर प्राचीन काल को जीवंत किया तो वहीं प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने की कसमें भी खायीं। कुछ बच्चों ने रंगोली बनाकर त्यौहार मनाया। दिये बनाने में सीनियर वर्ग और जूनियर वर्ग के चारों हाउस को बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। यूकेजी से लेकर कक्षा पांच तक के बच्चों ने अलग-अलग डिजाइन व आकार के दिए बनाए और विभिन्न रंगों से सजाया। कुछ बच्चों ने गणपति की प्रतिमा भी बनाई। वहीं सीनियर वर्ग के बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें पहला स्थान ग्रीन हाउस, दूसरा स्थान येलो हाउस एवं तीसरा स्थान रेड हाउस को मिला। वहीं जूनियर वर्ग में पहला स्थान ब्लू हाउस,दूसरा स्थान रेड हाउस एवं तीसरा स्थान ग्रीन हाउस को मिला। निदेशक डा शैलेन्द्र राव, डा पारूल सिंह व प्रधानाचार्य अश्वनी द्विवेदी ने बच्चों के कला को सराहा और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पवन साहनी, बसन्त यादव, अंजलि पाण्डेय, सुप्रिया पाण्डेय, वन्दना यादव, एकता शुक्ला, शुभम तिवारी, अंतिमा राव, ज्योति तिवारी, राम यादव सहित छात्र छात्राएं मौजूद रहीं। वहीं आर एस मेमोरियल स्कूल बजरंग चौराहे पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रबंधक ब्रम्हानंद दूबे ने सराहना की। वहीं पी एस टी एलिमेंट्री स्कूल लुअठहीं और प्रत्युष विहार में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने कला की नुमाइश की। प्रबंधक रत्नेश त्रिपाठी व राणा प्रताप सिंह ने बच्चों को और अच्छा करने की सलाह दी।

आपसी भाईचारे के साथ मनाएं दीपावली का पर्व-डॉ जय प्रकाश शर्मा

●-जरूरतमंदों के चेहरो पर मुस्कान लाना डॉ जय प्रकाश शर्मा की पहली प्राथमिकता

-दीपावली पर्व पर जरूरतमंदों के बीच मिठाई वस्त्र वितरण कर डॉ जय प्रकाश शर्मा ने पर्व की दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र प्रभात

सन्तकबीरनगर। अपनों के लिए तो हर कोई सोचता है,कोई-कोई ही होता है जो दूसरों के लिए भी सोचते हैं। इन विचारों को अमल में लाकर उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष,प्रख्यात समाजसेवी,भारत गौरव रत्न श्री सम्मान डॉ जय प्रकाश शर्मा ने दिवाली के खुशियां भरे त्योहारों के मौके पर जरूरतमंदों और गरीब लोगों को मिठाई वस्त्र आदि बांटकर अपनी खुशियां साझा की है। डॉ जय प्रकाश शर्मा ने दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली पर्व सभी के जीवन में खुशियां लाए सभी लोग खुशहाल रहे और यह त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ मनाएं। डॉ श्री शर्मा ने कहा कि अंधेरे को दूर करने के लिए समाज के वंचित और असहाय जनों को यथासंभव सहयोग समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए। आपको बता दे की अगर आपको सच्ची खुशी का राज जानना है तो हम आपको पूर्वांचल की एक जानीमानी हस्ती के बारे में बताने जा रहे है जिसके चेहरे को देख लेने से आपको खुशी का एहसास हो जाएगा दीन दुखियों के उम्मीद का सहारा और गरीबों का साथी उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रख्यात समाजसेवी भारत गौरव रत्न श्री सम्मान डॉ जय प्रकाश शर्मा ये पूर्वांचल का एक ऐसा नाम है जिसके रोम रोम में इंसानियत की सेवा करने का जुनून आपको दिखाई दे रहा है। डॉ जय प्रकाश शर्मा ने जब से होश सँभाले है तभी से गरीबों की मदद करते हुए देखे जा रहे है। डॉ जय प्रकाश शर्मा बिना किसी स्वार्थ के बिना किसी लालच या मतलब से गरीबों असहायों बेसहारा जरुरतमंदो की सेवा करते चले आ रहे है। डॉ जय प्रकाश शर्मा ने कभी किसी की मदद इस नियत से नही किया कि इससे मुझे क्या फायदा होगा डॉ जय प्रकाश शर्मा सिर्फ इस नियत से किसी की मदद करते है क्योंकि इससे उन्हें दिली खुशी मिलती है उनका कहना है कि हम क्या लेकर आये थे और क्या लेकर भगवान के पास जायेगे मेरा दिल उस वक्त तड़प उठता है जब मैं किसी को परेशान हाल में देखता हूँ और जब तक उस परेशान इंसान की मदद नहीं कर देता मुझे सुकून नही मिलता है। अगर वाकई हम सबको अपने चेहरे पर खुशी देखनी है तो हम सबको जय प्रकाश शर्मा से सीखना होगा उनकी सोच को आगे बढ़ाना होगा तभी हम दुनिया कि नजर में अच्छे इंसान बनेगे ही भगवान के घर पर भी हमारी मानवीय सेवा का मोल होगा। आज जय प्रकाश शर्मा की मानवता की सेवा कही न कही समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बन रही है।

सरदार पटेल का जीवन प्रेरणास्त्रोत- जिलाधिकारी

● कलेक्ट्रेट सभागार में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया । देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष दीपावली पर्व के साथ संयोग होने के कारण शासन के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभागार में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी सहित कई प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में सरदार पटेल के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनके नेतृत्व में भारत का एकीकरण एक असाधारण उपलब्धि थी। उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और कूटनीतिक कौशल के कारण 562 रियासतों का एक संगठित राष्ट्र के रूप में एकीकरण संभव हो पाया। जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन, संकल्प और साहस प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत हैं, और उनके आदर्श आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों का अनुसरण करें और उनके दिखाए मार्ग पर चलें। उनके विचार और सिद्धांत इतिहास का हिस्सा मात्र नहीं हैं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। इस कार्यक्रम में एडीएम वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, सीआरओ जेआर चौधरी, डीजीसी नवनीत मालवीय सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट के कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मिशन शक्ति अभियान के तहत सचिव ने आमजन को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने मिशन शक्ति अभियान के पाँचवें चरण हेतु रेलवे स्टेशन तथा उसके समीप स्थित दूकानो पर बालक ,बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सशक्त करने हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया। मिशन शक्ति अभियान के बारें में सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य बालक, बालिकाओं को आत्मरक्षा, जीवन कौशल और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति का यह चरण महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाने की दिशा में एक ठोस पहल है, जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। सचिव ने महिलाओं के अधिकार संबंधी प्रावधान व कानून, तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 अधिनियम की धारा 12 के अन्तर्गत महिलाओं को निःशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करने के अधिकार तथा महिला हेल्पलाइन नं0 1090 एवं नालसा पोर्टल 15100 हेल्पलाइन नं0 के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान सचिव ने ऑपरेशन मुक्ति के तहत रेस्क्यू अभियान चला कर बाल श्रम, बाल विवाह और भिक्षा मांगते बच्चों पर रोक लगाते हुए उनको पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। स्टेशन पर स्टाल लगाने वाले सभी दुकानदारों से किसी भी बच्चों से बाल श्रम नहीं कराने कि अपील के साथ यात्रियों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्टेशन अधीक्षक संदीप भटनागर, जिला परिवीक्षा अधिकारी अनिल सोनकर, केन्द्र प्रबन्धक वन स्टाप सेण्टर नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, एच.टी.यू. थाने के प्रतिनिधि, न्यायालय कर्मी इत्यादि उपस्थित रहें।

मिलावटी मिठाई बनाने वालों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश

●त्योहारों के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान जारी

स्वतंत्र प्रभात

देवरिया । जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने दीपावली और आगामी त्योहारों के दृष्टिगत आम जनता को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में विशेष खाद्य सुरक्षा अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इस अभियान का उद्देश्य है कि बाजार में खराब या मिलावटी मिठाई न बिके और न ही बनाई जाए। इसी के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और छापेमारी की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि हाल ही में इस अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए भागलपुर में 5 क्विंटल और सलेमपुर में 1 क्विंटल खराब मिठाई जब्त कर नष्ट की गई है। उन्होंने खाद्य अधिकारियों की इस प्रभावी कार्रवाई की सराहना की और इसे जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताया। डीएम ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति खराब या मिलावटी मिठाई बनाने में संलिप्त पाया गया, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि यह अभियान दीपावली सहित अन्य आगामी त्योहारों तक जारी रहेगा, ताकि जनता को सुरक्षित और स्वास्थ्यप्रद खाद्य सामग्री मिल सके।

धनतेरस पर्व पर सजे बाजार लोगों ने की जमकर खरीददारी

स्वतंत्र प्रभात

गोलाबाजार गोरखपुर । गोला क्षेत्र में मंगलवार को धनतेरस पर्व पर बाजार पूरी तरह सजे रहे। और ग्राहकों की भीड़ लगी रही।लोग अपने विभिन्न प्रकार के सामानों को खरीदने में मशगूल दिखे। धनतेरस पर यह परम्परा है कि कुछ न कुछ सामानों की खरीदारी किया जाता है,, जो शुभ होता है ।बताते चले दल कि धनतेरस पर्व जिसका बहुत ही महत्व है । मां लक्ष्मी की कृपा सब पर बनी रहती है।सुख-समृद्धि खुशहाली और रोशनी का प्रतीक का पर्व की शुरुआत धनतेरस से होती है। जिसे धन त्रयोदशी भी कहा जाता है। इस दिन विशेष रूप से धन्वंतरि की पूजा की जाती है जो आयुर्वेद के देवता और धन के अधिपति माने जाते हैं। इस दिन सोना चांदी बर्तन वाहन जमीन घर आदि वस्तुएं खरीदना श्रेष्ठकर रहता है।इस पर्व पर दूर-दूर से लोगों का बाजारों में पहुंचकर भीड़ भाड़ के बीच खरीदारी किया। बाजारों में भारी भीड़ लगी रही। बर्तन की दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक के सामानों पर ऑटो मोबाइल की दुकानों पर मिठाई की दुकानों लाई गट्टो फ्रिज सिलाई मशीन ज्वेलर्स फूल माला कैलेंडर तस्वीर आदि विभिन्न प्रकार के प्रतिष्ठानों पर लोगों की चहल पहल बना रहा। । श्रद्धालुओं ने विभिन्न प्रकार की बनी मां लक्ष्मी भगवान गणेश व हनुमान जी महाराज की मूर्तियों का खरीदारी किया और दीया कलश आदि भी बाजारों में मौजूद रहे। जहां पर ग्राहकों ने अपने आवश्यकता अनुसार इन वस्तुओं को खरीदा।

हर्षोल्लास से मनायें दीपावली का पर्व-योगेन्द्र प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात

सन्तकबीरनगर। बघौली ब्लाक परिसर में स्थित सभागार में मंगलवार को दीपावली पर्व से पूर्व एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह उर्फबब्लू सिंह ने मौजूद कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय जनों को उपहार देकर सम्मानित किया और दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप उर्फ बब्लू सिंह ने कहा कि आगामी दीपावली के पर्व को सभी लोग मिल जुल कर हर्षोल्लास से मनायें।साथ ही अंधेरे को दूर करने के लिए समाज के वंचित और असहाय जनों को यथासंभव सहयोग समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए। उन्होंने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों,ग्राम प्रधानों, कर्मचारियों और क्षेत्रीय लोगों को दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर बीडीओ आनन्द कुमार गुप्ता ने कर्मचारियों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा क्षेत्रीय लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बीडीओ आनन्द कुमार गुप्ता, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पंचराम गौतम, सुशील चौधरी, रामकरन यादव, मातिबर यादव, चंदन राय, एडीओ एमआई बद्री प्रसाद, एडीआइएसबी दिलीप पाण्डेय, एडीओ एजी, ग्राम पं0 अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष क्षितिज चौधरी, अभव सिंह, अनिल यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

जे एम एकेडमी में आयोजित हुआ रंगोली प्रतियोगिता छात्रो ने दिखाया हुनर

●-आपसी सौहार्द के साथ मनाये दीपावली पर्व- ई0 नीलकमल मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात

संतकबीरनगर। जे एम एकेडमी घनश्याम पुर मगहर में मंगलवार को दीपावली पर्व पर रंगोली प्रतियोगिता में सुन्दर रंगोलिया बनाकर सबका मन मोह लिया। बच्चो ने अलग अलग प्रकार की रंगोलिया बनाई जिसमें दीपावली रंगोली सबसे मनमोहक रही। छात्रो को बधाई देते हुए एकेडमी के प्रबंधक इं0 नीलकमल मिश्र ने कहा कि दीपावली पर्व पर आज जिस प्रकार से छात्रो द्वारा यह मनमोहक रंगोली बनाई गई है वह काबिले तारिफ है। उन्होने कहा कि कला के महत्व और सांस्कृतिक धरोहर की शिक्षा छात्रो को दी जाती है। श्री मिश्र ने दीपावली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि दीपावली पर सभी लोग आपस में मिलजुल कर हर्षोल्लास के साथ मनाये। इस दौरान सभी शिक्षक शिक्षिकाओ को दीपावली पर्व की मिष्ठान भी वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के उप चेयरमैन इं. गौरव मिश्रा, मैनेजिंग डारेक्टर डा. विश्वबन्धु मिश्रा, इं. राजकमल मिश्रा, पूजा द्विवेदी, पिंकी सिंह, शालू किरन, दीक्षा, पिंकी, ज्योती पाण्डेय, शिवकुमार, मन्टू, सोनू रूद्र, समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

दीदीयों द्वारा बनाए गए उत्पाद गुणवत्ता में किसी से कमतर नहीं: मण्डलायुक्त

स्वतंत्र प्रभात

अलीगढ़। मण्डल के सभी जिलों से राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के 11 महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्वयं उत्पादित उत्पाद- पूजा सामग्री, धूपबत्ती, अगरबत्ती, हेंडमेड ज्वैलरी, अचार, मुरब्बा, मसाले, जूट से बने उत्पाद एवं सामुदायिक शौचालय किट का मण्डलायुक्त सभागार में प्रदर्शन किया गया। उन्होंने तैयार उत्पादों को उपहार स्परूप भेंट कर मण्डलायुक्त को धनतरेस व दीपावली की शुभकामनाऐं दीं। मण्डलायुक्त चैत्रा वी. ने स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का अवलोकन कर उनकी कारीगरी की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से देश-प्रदेश की लाखों-करोड़ों महिलाएं न केवल अपनी अभिरूचि के अनुसार अपनी कला व कौशल को निखार रही हैं बल्कि अपने परिवार को भी आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं। मा0 प्रधानमंत्री जी के लखपति दीदी अभियान से जुड़कर देश की महिलाएं अब सशक्त एवं स्वाबलम्बी बन रही हैं। समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पाद गुणवत्ता में कहीं भी किसी फैक्ट्री या कुशल श्रमिक के उत्पादों से कमतर नहीं हैं। उन्होंने समूह की दीदीयों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें दीपावली महापर्व के पंचोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उपहार स्वरूप मिष्ठान व दीपक वितरित किये। इस अवसर पर संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, जिलों के ब्लॉक मैनेजर प्रवेश राघव, रितु देवी, पूनम देवी, मंजू, वर्षा कुसमा, संध्या ममता दीदियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

संक्षिप्त ख़बरें

सरोवर में मिला लापता युवक का शव

मथुरा। थाना महावन क्षेत्र मेउस समय सनसनी फ़ैल गई जब रमन रेती आश्रम के सरोवर में एक व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना महावन पुलिस को सूचना मिली कि रमणरेती आश्रम के सरोवर में एक मृतक की बॉडी तैर रही है जिसके वाद नौक पर थाना प्रभारी ने मौके पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति की बॉडी सरोवर में तैर रही थी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बॉडी को बाहर निकाल कर मोर्चरी भेज दिया। वहीं मृतक की पहचान दीपक पुत्र महेश निवासी धाना तेजा थाना रिफाइनरी के रूप में हुई है। मृतक के भाई अर्जुन ने बताया कि मेरा छोटा भाई दीपक 27 अक्टूबर को गुम हुआ था जिसकी रिपोर्ट थाना रिफाइनरी में गुमशुदा की दर्ज कराई थी। सुबह थाना महावन पुलिस ने सूचना दी के रमणरेती आश्रम के सरोवर में एक बॉडी मिली है. वहीं अब पुलिस मामले की जाँच मै जुट गई हैं की है आत्म हत्या हैं या हत्या।

फरसा के साथ युवक पकडा

मथुरा। थाना बलदेव पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त को एक फरसा के साथ गिरफ्तार किया है। कालर वेद प्रकाश पुत्र जसवन्त सिंह निवासी दघेंटा थाना बलदेव द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे पीआरवी के पुलिसकर्मियों ने गांव दघेंटा जाकर कॉल करने वाले व्यक्ति वेदप्रकाश से पूछताछ की तो वह गाली गलौज करते हुए फरसा से हमलावर हो गया। पीआरवी कर्मचारीगण द्वारा कालर वेद प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया।

दरी व्यवसायी जियाउल मुदस्सिर की मां का बीमारी के चलते निधन

लहरपुर (सीतापुर) कस्बे के समाजसेवी व दरी व्यवसाई जियाउल मुद्दासिर व कारी नुरुल हुदा मिसबाही की मां शमीमुन निशा का इंतकाल उम्र लगभग 75वर्ष दोपहर 12 बजे बीमारी के चलते इंतकाल हो गया था। यह खबर मालूम पड़ते ही आखरी दीदार के लिए लोगों का भारी हुजूम उनके आवास मोहल्ला इंदिरा नगर स्थित घर पर उमड़ पड़ा और गमगीन माहौल में उनकी नमाजे ए जनाजा ईशा में उनके बेटे कारी नुरुल हुदा मिसबाही ने पढ़ाई तथा उनके परिवारिक कब्रिस्तान गुरुखेत के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। उनकी आखिरी रस्म में बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। जिसमें एम एल सी जासमीर अंसारी , नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, अधिवक्ता जेड आर रहमानी , कारी सैय्यद कारी मुख्तार हुसैन, मुफ़्ती नासिर, मौलाना मोहम्मद कलीम रजा, मौलाना अबरार मिसबाही , हाफिज शाहनवाज, कारी इमरान, कारी इम्तियाज , मौलाना नूर मोहम्मद , मौलाना अब्दुल मोबीन,इसके अलावा कस्बे के व्यापारी , सभासद, ईट व्यवसयी, शिक्षक ,ग्राम प्रधान,बड़ी तादात में उलेमा व नगर के राजनैतिक दलों के नेताओं सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

विकासखंड स्तरीय किसान गोष्ठी व प्रदर्शनी मेले का हुआ अयोजन।

बेनीगंज/हरदोई कोथावां ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को ब्लॉक स्तरीय किसान मेला गोष्ठी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख निर्भय वर्मा के द्वारा संपन्न हुआ। ब्लॉक प्रमुख ने आए हुए सैकड़ो किसानो को सरकार द्वारा दिए जा रहे निशुल्क बीजो का वितरण किया और सभा को संबोधित करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में हर गरीब किसान को ज्यादा से ज्यादा निशुल्क सुविधा प्रदान हो रही हैं। जिससे हर गरीब के घर में खुशहाली रहती है इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी महेश चंद्र ने ब्लॉक प्रमुख का गुलदस्ता व माला डालकर स्वागत किया। बीज भंडार के विक्रय अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया शासन से आने वाला निशुल्क खाद बीज दवाएं हर किसान को देना हमारी पहली प्राथमिकता है। जो कागजी कार्रवाई पूर्ण कर उसे निशुल्क दिया जा रहा है। आगे जो भी योजनाएं आएंगीवह किसानों को मिलेगी साथ ही मुख्य अतिथि वर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के नेता व किसान गण भारी संख्या में मौजूद रहे।

राशन के साथ अन्य सामान खरीदने को किया विवश तो जाएगी डीलरी

● - राशन डीलर उपभोक्ताओं पर मनमाने दामों पर दूसरे सामान खरीदने को बनाते हैं दबाव

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। राशन डीलरों को सरकारी राशन में दी जा रहीं वस्तुओं के अलावा अन्य करीब 150 वस्तुएं बेचने की सरकार की ओर से अनुमति दी गई है। इसकी आड में राशन डीलरों ने उपभोक्ताओं पर मनमाने दामों पर अन्य वस्तुएं खरीदने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया। इन वस्तुओं की गुणवत्ता और दाम दोनों से ही उपभोक्ता सुंतुष्ट नहीं हैं। इसकी शिकायत शासन स्तर तक भी पहुंचने लगी हैं। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि 19 जुलाई, 2024 के शासनादेश में उल्लेख किया गया है कि शासन के संज्ञान में यह आया है कि उचित दर विक्रेताओं द्वारा अतिरिक्त वस्तुएं क्रय करने हेतु लाभार्थियों को यह कहते हुए विवश किया जाता है कि यदि उनके द्वारा अतिरिक्त वस्तुओं का क्रय नहीं किया जायेगा तो उन्हें अनुमन्य खाद्यान्न प्राप्त नहीं कराया जाएगा। साथ ही शासनादेश में के प्रस्तर-2 में उल्लेख किया है कि उचित दर दुकानों से विक्रय के लिए अनुमन्य अन्य वस्तुओं की बिक्री उन्हीं व्यक्तियों को की जाए जो इनके क्रय के लिए इच्छुक हो, किसी भी लाभार्थी को इन्हें क्रय करने के लिए विवश नहीं किया जाये। यदि किसी भी उचित दर विक्रेता विरूद्ध इन अतिरिक्त वस्तुओं का दबाव बनाकर विक्रय

कैरीकेचर।

करने की शिकायत प्राप्त होती है तब उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अतः जनपद मथुरा के समस्त उचित दर विक्रेताओं निर्देशित किया जाता है कि यदि अतिरिक्त वस्तुओं का विक्रय के लिए दबाव बनाये जाने सम्बन्धी कोई शिकायत प्राप्त होती है तो विक्रेता के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

पटाखा न फोड़ने, चाइनीज उपकरणों का प्रयोग न करने का दिलाया गया शपथ

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। जिले के नगर पंचायत कपिलवस्तु क्षेत्र के मथुरा प्रसाद चौधरी ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल हथिहवा में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को चाइनीज़ उपकरण प्रयोग न करने और पटाखे को न फोड़ने के लिए दिलाया गया शपथ। इस दौरान प्रधानाचार्य राम औतार चौधरी ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली के पर्व पर चीनी उपकरणों का प्रयोग ना करें और पटाखे न फोड़े। क्योंकि पटाखे फोड़ने से निकलने वाली गैस मानव जीवन के लिए काफी नुकसानदायक होती है, साथ ही यह सीधे-सीधे पर्यावरण पर प्रहार करती है।

उन्होंने कहा कि हमें दीपावली पर खुशियां बाँटनी चाहिए ना कि पटाखे फोड़ कर दूसरों को तकलीफ देना चाहिए। पटाखे की तेज आवाज से जमीन पर विचरण करने वाले तमाम छोटे जीव जंतु मर जाते हैं। इसके अलावा पटाखों के फूटने के बाद उससे निकालने वाली धुआ से अस्थमा और दमा रोगियों की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे में सभी बच्चों को संकल्प दिलाया कि वह दीपावली पर पटाखे नहीं फोड़ेंगे और ना ही चाइनीज उपकरणों का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर

प्रबंधक सविता चौधरी, प्रिंस चौधरी, सुरेंद्र, रवि यादव, शत्रुहन, गिरीश कुमार मिश्र, मनोज, मुलायम, ज्योति मिश्रा, प्रियंका, ज्योति, सुरभी, उर्मिला,अंजली सहित विद्यायल के छात्र एवं छात्राए उपस्थित रहे।

बी एड़ विभाग ने दीपोत्सव के अंतर्गत विविध कार्यक्रम कराया एवं पुरस्कार वितरण किया

स्वतंत्र प्रभात

सुलतानपुर। राणा प्रताप पी जी कॉलेज के बी एड़ विभाग द्वारा दीपोत्सव का आयोजन किया गया। बी एड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने धनन्जय सिंह मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में दीप सज्जा प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, क्विज़ कंप्टीशन, बोर्ड डेकोरेशन कंप्टीशन का आयोजन किया। रंगोली प्रतियोगिता में शालिनी, मारुत, काजल, आँचल, अनूपा, नन्दिनी, मनीषा, इंद्रमणि के ग्रुप को प्रथम स्थान एवं बोर्ड डेकोरेशन में सांत्वना पुरस्कार, साक्षी सिंह, यशस्वी गुप्ता,अंकिता कसौधन, शायबा बानो, शिखा पाठक के ग्रुप को द्वितीय स्थान एवं बोर्ड डेकोरेशन में भी द्वितीय पुरुस्कार, आयुष पाठक, शुभम तिवारी, राहुल

यादव के ग्रुप को भी द्वितीय स्थान, बोर्ड डेकोरेशन में प्रथम पुरुस्कार प्राप्त हुआ। रश्मि, कीर्ति गुप्ता, आभा शर्मा,अनुराधा, विवेक निषाद, प्रतिमा कनौजिया, संदीप के ग्रुप को तृतीय स्थान बोर्ड डेकोरेशन में तृतीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ।

डी एस एम स्कूल के 4 से 8 के दीप सज्जा प्रतियोगिता और क्विज़ कंप्टीशन में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक रमेश सिंह टिन्नू, राणा प्रताप महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी, ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर बी एड़ विभागाध्यक्ष, डॉ भारती सिंह,डॉ कल्पना सिंह, मैडम शांतिलता कुमारी, डॉ सीमा सिंह,डॉ संतोष अंश, डी एस एम की प्रिंसपल नीलम सिंह, सुधा सिंह के साथ विद्यालय स्टॉफ एवं बी एड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन कराने में कालेज बरत रहे हैं लापरवाही

● - 317 इंस्टीट्यूट, महाविद्यालय और 337 कॉलेजों के छात्रों की अटक सकती है छात्रवृत्ति

डीएसडब्लूओ ने शिक्षण संस्थानों को शीघ्र कार्रवाई करने को कहा

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद की शिक्षण संस्थान के नोडल ऑफिसर, प्रधानाचार्य, प्राचार्य लापरवाही बरत रहे हैं। जिससे 317 इन्स्टीट्यूट, महाविद्यालय और 337 कालेजों के गरीब छात्र छात्रों की सरकार से मिलने वाली छात्रवृत्ति और फीस की राशि लटक सकती है। अब जिला समाज कल्याण अधिकारी ने सभी शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य या नोडल अधिकारी को पत्र भेजकर इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने को कहा है। उसके बाद भी उक्त शिक्षण संस्थानों के विरूद्ध कार्रवाई करने को शासन को लिखा जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेन्द्र पाल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 से पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत जनपद में संचालित समस्त संस्थाओं के नोडल आफिसर व प्रधानाचार्य, प्राचार्य का अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन कराये जाने के लिए पूर्व में कई बार निर्देशित किया गया है। उसके बाद भी 329 कालेजों में से अभी तक 12 इंस्टीट्यूट, महाविद्यालय एवं 450 कॉलेजों में 84 इंटर कॉलेज, 29 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों द्वारा बायोमेट्रिक कराई गई है। जनपद अधिकांश शिक्षण संस्थाओं द्वारा उक्त प्रक्रिया पूर्ण नहीं करायी गयी है। श्री पाल ने बताया कि छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र समस्त शिक्षण संस्थान प्रत्येक छात्र, छात्रा का बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन करने के उपरान्त ही अग्रसारित कर सकेगें। जिले के नोडल ऑफिसर के द्वारा जनपद में संचालित समस्त शिक्षण संस्थाओं के नोडल आफिसर या प्रधानाचार्य का बायोमैट्रिक आथेन्टेशिन की कार्यवाही की जानी है। बायोमैट्रिक ऑथेंटिकेशन की कार्यवाही करने के लिए उन्ही संस्थानों का नाम प्रदर्शित होगा जिन संस्थानों के द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल से ई केवाईसी की कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन की कार्यवाही करने के लिए उन्हीं छात्र, छात्राओं का नाम प्रदर्शित होगा। जिनमें संस्थानों ने छात्रवृत्ति पोर्टल से जिस छात्र का आवेदन पत्र वेरीफाई किया होगा। बायोमेट्रिक ऑथेन्टिकेशन के उपरान्त ही छात्र का आवेदन पत्र पोर्टल से अग्रसारित हो सकेगा। उन्होंने जनपद में संचालित समस्त पूर्वदशम (कक्षा-09-10) एवं (कक्षा 11-12) तथा दशमोत्तर (इन्स्टीट्यूट) शिक्षण संस्थाओं को यह कार्रवाई 25 अक्टूबर तक की जानी थी। उन्होंने शिक्षण संस्थान में कार्यरत प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी (छात्रवृत्ति) शिक्षण संस्थान के प्रबन्धक द्वारा निर्गत पत्र के साथ अपना हस्ताक्षर प्रमाणित कराते हुए अपना आधार कार्ड, पैनकार्ड एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ राजीव भवन स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

दीपावली: मिलावटखोरी रोकने को प्रशासनिक अधिकारियों ने संभाला मोर्चा

● - खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ मिलकर कर रहे संयुक्त कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। अभी तक खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें मिलावटखोरी रोकने में लगी थी, अब दीपावली पर खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी भी मैदान में उतर आए हैं। खाद्य विभाग की टीम के साथ मिल कर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी मथुरा के आदेश के क्रम में धीरेन्द्र प्रताप सिंह सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय के निर्देशन में जनपद में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर कुल 14 नमूने संग्रहित किये गये। सिटी मजिस्ट्रेट राकेश कुमार एवं खाद्य सुरक्षा विभाग से ज्ञान पाल सिंह मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, गजराज सिंह, अरुण की संयुक्त टीम द्वारा होली गेट स्थित दो दुकानों से क्रमशः खोया और घी का एक एक नमूना तथा विकास बाजार स्थित तीन डेयरी से पनीर के एक एक नमूने संग्रहित किए गए। आदेश कुमार उपजिलाधिकारी महावन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी दलवीर सिंह की संयुक्त टीम द्वारा महावन तहसील स्थित पचावर गांव से खोया का एक नमूना लिया गया। उपजिलाधिकारी तहसील गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोहर सिंह व जितेंद्र सिंह की संयुक्त टीम द्वारा गोवर्धन में मिठाई की दुकान से राजभोग और काजू तरबूज के एक एक नमूने तथा सौंख में खोया, मिश्रित दूध और घी का एक एक नमूना

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ कार्यवाही करते प्रशासनिक अधिकारी।

लिया गया। पंकज यादव नायब तहसीलदार तहसील मांट एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश की संयुक्त टीम द्वारा मांट में मिठाई की दुकान से बर्फी का एक नमूना और राया में सरसों का तेल और छेना मिठाई का एक एक नमूना लिया गया। समस्त नमूने जांच हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे हैं, जांच रिपोर्ट प्राप्ति के उपरान्त अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

चोरी का आयशर कैंटर पकडा

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। थाना मांट पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी हुए एक आयशर कैंटर एचआर 39 ई 6520 को बरामद किया गया है। पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मांट राजीत वर्मा के मुताबिक यमुना एक्सप्रेसवे पर नोएडा से आगरा की तरफ चैंकिग के दौरान एक आयशर कैंटर को बरामद किया गया। तारीफ पुत्र शाबुद्दीन निवासी हुसैनपुर थाना नूह जिला मेवात हरियाणा व हारुन पुत्र फत्तन निवासी हुसैनपुर थाना नूह जिला मेवात हरियाणा मूल पता ग्राम विश्मभरा थाना शेरगढ़ को गिरफ्तार किया है।

किसान वैज्ञानिक विधि से खेती करें, फसल अवशेष को न जलाएं

● - पराली जलाने से वायु प्रदूषण होता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है

स्वतंत्र प्रभात

सिद्धार्थनगर। जिला स्तरीय जैविक खेती, रबी उत्पादकता गोष्ठी, तिलहन मेला एवं फसल अवशेष प्रबन्धन गोष्ठी का आयोजन जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं विधायक श्यामधनी राही, सांसद प्रतिनिधि एस0 पी0 अग्रवाल की उपस्थिति में मंगलवार को लोहिया कला भवन में द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिला स्तरीय जैविक खेती, रबी उत्पादकता गोष्ठी,तिलहन मेला एवं फसल अवशेष प्रबन्धन गोष्ठी का शुभारम्भ जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 एवं सांसद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल एवं प्रगतिशील किसानों द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात उप कृषि निदेशक द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, सांसद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का प्रधानमंत्री का संकल्प है। प्रधानमंत्री द्वारा किसानों को बेहतर तरीके से खेती करने के लिए किसान सम्मान निधि उपलब्ध करायी जा रही है। कृषि यंत्रों व बीजों पर अनुदान दिया जा रहा है। सभी लोग वैज्ञानिक विधि से प्राकृतिक खेती करें तथा फसल अवशेष को न जलायें।

जिलाधिकारी राजा गणपति आर0 ने कहा कि सभी विभागों द्वारा किसानो के लिए जो भी योजनाएं चलायी जा रही है। सभी का लाभ पात्र लाभार्थियों को सीधे पहुँचाया जाये। जिलाधिकारी ने किसान से उन्तशील बीजों का प्रयोग कर वैज्ञानिक विधि से खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जिससे अच्छी पैदावार प्राप्त होगा और आय में वृद्धि होगी। किसी भी प्रकार की जानकारी कृषि वैज्ञानिको से प्राप्त कर खेती करें। जिलाधिकारी ने किसानो से फसल अवशेष न जलाने का अपील करते हुये पराली को गोशाला में दान करने का अनुरोध किया गया। खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से पराली एकत्रित करा लिया जायेगा। पराली जलाने से वायु प्रदूषण होता है जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। जिलाधिकारी ने किसानों को बताया कि कालानमक चावल को ओडीओपी में चयनित किया गया है जिसको बढ़ावा देने के लिए माह दिसम्बर में वायर सेलर मीट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभाग करने के लिए किसान कृषि भवन, नजदीकी बीज गोदाम तथा कृषि विभाग के कर्मचारियों से सम्पर्क कर अपना पंजीकरण करा लें। वायर सेलर मीट में विभिन्न जगहों से वैज्ञानिक लोग आ रहें हैं जो कालानमक के खरीद व बिक्री एवं कृषि के बारे जानकारी देंगें। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के सागरों को विकसित करने के लिए सागर माला प्रोजेक्ट जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव प्राप्त कर शासन को प्रेषित किया गया है इसके तहत सागरों को विकसित किया जायेगा जिससे अधिक से अधिक जलसंचयन कर फसलों की सिंचाई के लिए उपयोग कर सकें और इसको पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला प्रशासन पूरा प्रयास करेगा।

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने किसानों को अन्य राज्यों की तुलना में अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए फसलों की बुवाई के पहले खेत की तैयारी तथा बीज शोधन कर समय से बुवाई करें। खेती में फसल चक्र अपनाकर वैज्ञानिक विधि से खेती करें और खेती में मोटे अनाज को भी शामिल करें। सांसद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल ने कहा कि किसानो को बुआई के समय खाद एवं बीज मिलना चाहिए जिससे किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। किसान से अपील करते हुए कहा कि लोग पराली न जलाये तथा प्रशासन का सहयोग करे।

इस अवसर पर उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, द्वारा अपने विभाग से संबधित योजनाओ के बारे में जानकारी दी गयी। कृषि वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना, श्रीधर पाण्डेय, द्वारा वैज्ञानिक विधि से खेती करने के बारे में जानकारी दिया गया। किसान आर0डी0 पटेल द्वारा स्ट्राबेरी व पपीता की खेती के बारे में अपना अनुभव साझा कर अच्छी आय प्राप्त करने के बारे में जानकारी दी गयी। वरिष्ठ पर्यावरण विद् भुवनेश्वर पाण्डेय द्वारा जैविक खेती, बागवानी आदि के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, सांसद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खंड नौगढ़, जोगिया, बर्डपुर, उसका बाजार के 05-05 लाभार्थियों में मिनी किट का वितरण किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागो द्वारा लगायी गयी स्टाल का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, जिला उद्यान अधिकारी नन्हे लाल वर्मा, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला भूमि संरक्षण अधिकारी सहित किसान आदि उपस्थित रहे।

दीपावली: डीएम के आदेश पर अवैध शराब के ठिकानों पर छापेमारी

● - कच्ची शराब की भट्टी तोड़ी, तीन गिरफ्तार

-47 लीटर शराब, 300 लीटर लाहन बरामद किया गया है

स्वतंत्र प्रभात

मथुरा। थाना गोवर्धन पुलिस व आबकारी विभाग टीम द्वारा तीन अभियुक्तों को 47 लीटर अवैध कच्ची शराब, एक गैस भट्टी, गैस सिलेण्डर व भभका सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना गोवर्धन ने बताया कि थाना गोवर्धन पुलिस टीम व आबकारी टीम द्वारा मंगलवार को बड़ा मोहल्ला अडींग व भातु मोहल्ला अडींग से तीन अभियुक्त वीरेंद्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह थाना गोवर्धन निवासी भातु कॉलोनी अडिग, नबाव पुत्र खेमी निवासी बड़ा मोहल्ला अडिग थाना गोवर्धन तथा अजय कुमार पुत्र भूरी सिंह निवासी भातु मोहल्ला थाना अड़िग को दो प्लास्टिक की कैन में करीब 47 लीटर अवैध कच्ची शराब, एक गैस भट्टी, गैस सिलेण्डर व भभका सहित गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के दौरान प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना गोवर्धन, आबकारी अधिकारी अंजली शर्मा क्षेत्र-5 जनपद मथुरा, आबकारी निरीक्षक मालती सिंह क्षेत्र-5 जनपद मथुरा, आबकारी निरीक्षक गौरव मिश्रा क्षेत्र-5 जनपद मथुरा, उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह तोमर थाना गोवर्धन आदि मौजूद थे।

वर्जन

विश्वस्त सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई थी कि अडींग में कुछ लोग अवैध रूप से शराब बनाने का काम कर रहे हैं। सूचना पर आबकारी विभाग की टीम भेजी गई तो सूचना सही पाई गयी। वहां लगभग 45 लीटर शराब व 300 लीटर लहन बरामद हुआ है। वहां टीम के द्वारा मौके पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जनपद वासियों से अनुरोध है कि शराब का सेवन करने वाले सरकारी दुकानों से ही शराब खरीद कर सेवन करें।

कच्ची शराब की भट्टी चलाने के आरोपी पकडे गये युवक।

जन शिकायतों के निस्तारण के लिए दिखाई तत्परता

● - 13 शिकायतों में से सात शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण

मथुरा। नगर आयुक्त संभव संतुष्टि एवं समृद्धि के अंतर्गत जन शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। जिसके दृष्टिगत मंगलवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा जनरलगंज स्थित नगर निगम सभागार में प्रातः 10 बजे से जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नगर आयुक्त द्वारा सभी शिकायत कर्ताओं की शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर उपस्थित सम्बन्धित अधिकारी को कार्यवाही किये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान नगर निगम मथुरा वृन्दावन में कुल 13 शिकायत प्राप्त हुई। जिसमें सात शिकायतों का निस्तारण टीम को भेजकर तत्काल करा दिया गया। शेष लंबित छह शिकायतों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुई शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत कराया जाये। जनसुनवाई में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, कल्पना सिंह चौहान सहायक नगर आयुक्त, अधिशासी अभियंता मो. रिजवान अहमद सिविल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी गोपाल बाबू, राम कैलाश अधिशासी अभियंता जल, हेमेंद्र गौतम सहायक अभियंता जल एवं आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान शिकायतों को सुनते नगर आयुक्त शशांक चौधरी।

जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या 50 के ऊपर पहुंची

मथुरा। डेंगू के केस जनपद में थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। मंगलवार को तीन नये केस मिले हैं। इस तरह अब तक डेंगू के केसों की संख्या 55 हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें डेंगू से प्रभावित मरीजों के घरों पर पहुंचकर उनके परिजनों और आस पास के लोगों के स्वास्थ्य की जांचें कर रही हैं। वहीं प्रभावित मरीजों को दवाईयां उपलब्ध करा रहीं हैं। सीएमओ डॉ. एके वर्मा ने मच्छर जनित बढ़ती डेंगू की बीमारियों को देखते हुए अपने आधीनस्थों व मलेरिया विभाग के अधिकरियों को सतर्क करते हुए सभी प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करने और मरीजों को उपचार उलब्ध करानेके आदेश दिए हैं। जिला मलेरिया अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि मलेरिया विभाग की टीम सभी मरीजों घरों पर पहुंचकर लोगों को सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। घरों के पास और कूलरों में पानी भरा ना रहे। सात दिन में पानी बदलते रहें। इसके अलवा मरीजों व उनके परिजनों की ब्लड सेंम्पिलिंग ली जा रही है।